ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 01 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 295 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

रणदीप हुडा ने गर्लफ्रेंड लिन से ... पेज 12 पर



# मीटियोर, मीका व स्कैल्प से लैस होंगे नौसेना के राफेल

- यूरोपीय हथियार निर्माता एमबीडीए ने तीनों मिसाइलों का किया है निर्माण
- नौसेना की लंबी दूरी पर दुश्मन के लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता बढ़ेगी
- हवा में 500 किलोमीटर की दूरी तक हमला कर सकता है
- इसे युद्ध के आसमान में 'गेम चेंजर' का खिताब दिया जाता है
- 26 राफेल विमानों के लिए एक सौ मिसाइल का दिया गया है आदेश

**आरएनएम। नई दिल्ली**

देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत पर तैनात होने वाले फ्रांसीसी राफेल-एम लड़ाकू विमानों पर मीका, मीटियोर और स्कैल्प मिसाइलें लगाई जाएंगी। इन मिसाइलों के लिए फिलहाल फ्रेंच डसॉल्ट ग्रुप के साथ बातचीत चल रही है। तीनों मिसाइलें राफेल-एम लड़ाकू विमानों को किसी भी संभावित प्रतिद्वंदी पर हमला करने में सक्षम बनाएंगी। साथ ही भारतीय नौसेना की अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा करने और लंबी दूरी पर लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता में काफी वृद्धि होगी।

भारत के लिए आसमानी ताकत बना वायुसेना का फाइटर जेट राफेल स्कैल्प और मीटियोर मिसाइल से लैस है। मिसाइल मीका, मीटियोर और स्कैल्प के अधिग्रहण से भारतीय नौसेना की अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा करने और लंबी दूरी पर लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता में काफी वृद्धि होगी। आईएनएस विक्रांत पर तैनात होने वाले 26 राफेल-एम फाइटर जेट के लिए फ्रांस के एमबीडीए से 100 से ज्यादा स्टील्थ क्रूज मिसाइल स्कैल्प हासिल करेगी।



**मीटियोर** मिसाइल का एयर-टू-एयर निशाना अचूक है। मीटियोर मिसाइल से विजुअल रेंज के बाहर होने पर भी दुश्मन के लड़ाकू विमान को गिराया जा सकता है। मीटियोर दृश्य-सीमा से परे हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल (बीवीआर-एएएम) है, जिसे बहुत लंबी दूरी पर दुश्मन के विमानों को मार गिराने के लिए डिजाइन किया गया है। यह दुनिया की सबसे उन्नत मिसाइलों में से एक है।



**स्कैल्प** लंबी दूरी की हवा से लॉन्च की जाने वाली क्रूज मिसाइल (एएलसीएम) है, जिसे दुश्मन के इलाके के अंदर लक्ष्यों को मारने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक अत्यधिक सटीक और बहुमुखी मिसाइल है, जिसका उपयोग भूमि-आधारित लक्ष्य जहाजों और हवाई क्षेत्रों सहित विभिन्न लक्ष्यों के खिलाफ किया जा सकता है। 300 किलोमीटर की रेंज तक हवा से सतह पर मार करने वाली गाइडेड मिसाइल स्कैल्प 450 किलोग्राम के वारहेड ले जा सकती है। इस मिसाइल की खासियत है कि यह फाइटर जेट से लॉन्च होने के बाद दुश्मन के राडार और जैमिंग सिस्टम से बचने के लिए जमीन से 100 से 130 फीट के बीच में आ जाती है। इसके बाद लक्ष्य के करीब पहुंचने से पहले फिर से 6,000 मीटर की अधिकतम ऊंचाई तक जाती है और फिर सीधा लक्ष्य पर गिरती है।



**राफेल में मीका** मिसाइलों को लगाने से पहले भारतीय वायुसेना ने इनका परीक्षण किया है। परीक्षण के दौरान बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल मीका के दो राउंड फायर किए गए। यह सभी मौसम में लघु और मध्यम दूरी तक लक्ष्य को मार गिराने वाली मिसाइल प्रणाली है। इस मिसाइल का उपयोग हवाई प्लेटफार्मों के साथ-साथ जमीनी और जहाजों से किया जा सकता है। 3.1 मीटर लंबी मिसाइल का व्यास 0.16 मीटर है और इसका वजन लगभग 112 किलोग्राम है। यह मिसाइल 500 मीटर से 60 किमी. दूरी तक के लक्ष्यों को बेअसर कर सकती है।



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गढ़वा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल**

# गरीब विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए काम कर रही है राज्य सरकार

## करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को जिले के मेराल प्रखंड की दुलदुलवा पंचायत के पेशका हाई स्कूल के मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों, प्रमाणपत्र एवं नियुक्ति पत्र का वितरण करने के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हों, परंतु आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हों, उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे लोगों के लिए सरकार आर्थिक रूप से मदद कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता कर रही है। गरीब विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार ने कई सारी योजनाएं लाई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ऐसी कई सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जो लोगों को आर्थिक रूप से सबल बनाने का कार्य कर रही हैं।

(संबंधित खबर पेज-2 पर)

# एम्स से मजदूरों को मिली छुट्टी आज विमान से वापस आयेंगे



**आरएनएम। रांची/ऋषिकेश**

उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल से सुरक्षित निकाले गए सभी 41 मजदूर सुरक्षित हैं। गुरुवार को 41 मजदूरों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद झारखंड और ओडिशा के श्रमिकों को छुट्टी दे दी गई है। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को टनल से बाहर आए झारखंड के 15 मजदूर और उनसे मिलने गए 12 परिजनों को इंडिगो एयरलाइंस से वापस लाया जाएगा। मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जैप आईटी सीईओ भुवनेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के दो पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वे उत्तराखंड से दिल्ली पहुंचेंगे और शुक्रवार को दिल्ली से रांची लेकर आएंगे। निर्देशानुसार 1 दिसंबर को इंडिगो की फ्लाइट से सभी व्यक्तियों को शाम 8 बजे रांची लाया जाएगा। बता दें कि टनल हादसे के तुरंत बाद ही राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए एक टीम घटनास्थल पर भेजी थी।

## तेलंगाना विस चुनाव शांतिपूर्ण समाप्त, 63.94 प्रतिशत मतदान

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान का समय समाप्त हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर माहौल शांतिपूर्ण रहा। शाम 5:00 बजे तक 63.94 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। माओवादियों से प्रभावित विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम चार बजे समाप्त हो गया। बाकी 106 सीटों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान जारी रहा। पांच बजे तक कतार में लगे लोगों को मतदान करने दिया गया। कई स्थानों पर मतदाता मतदान केंद्रों के सामने कतार में खड़े हैं। गुरुवार की शाम पांच बजे तक राज्यभर में 63.94 प्रतिशत मतदान होने की आधिकारिक पुष्टि हुई है।

(एग्जिट पोल की खबर पेज 11 पर)

## एक नजर

### शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। सर्वदलीय बैठक 2 दिसंबर को सुबह 11 बजे संसद पुस्तकालय भवन, नई दिल्ली में होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर को शुरू होगा और सरकारी कामकाज की अनिवार्यताओं के अधीन, सत्र 22 दिसंबर को समाप्त हो सकता है। 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी।

### शराब घोटाले में गजेंद्र सिंह को चार का समन

**रांची।** पुरानी शराब नीति के जरिए टेंडर आवंटन में गड़बड़ी को लेकर ईडी ने संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को समन भेज दिया है। गजेंद्र को 4 दिसंबर की सुबह 11 बजे तक ईडी के रांची जोनल आफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। इससे पहले ईडी ने उन्हें 29 नवंबर को उपस्थिति का समन भेजा था, लेकिन वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी ने गजेंद्र सिंह को एक फार्मेट भी भेजा है, जिसके तहत पांच सालों के उत्पाद विभाग के राजस्व, शराब टेंडर आवंटन को लेकर राजस्व पर्षद के पत्रों, टेंडर आवंटन से जुड़े कागजातों की मांग भी की गई है। ईडी ने पूर्व में भी गजेंद्र सिंह को समन भेज कर इन कागजातों के साथ उपस्थित होने को कहा था। लेकिन सरकार के आदेश नहीं मिलने की बात कह वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे।

### नौशाद आलम को अगले हफ्ते फिर से समन

**रांची।** साहिबगंज एसपी नौशाद आलम को अगले हफ्ते फिर से समन होगा। ईडी ने 28 सितंबर को 12 घंटे से अधिक नौशाद आलम से पूछताछ की थी। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान उन्होंने एजेंसी को कोई खास सहयोग नहीं किया था। उनके द्वारा दिए गए जवाबों की समीक्षा एजेंसी के द्वारा की जा रही है। एजेंसी अगले सप्ताह कभी भी उन्हें फिर से समन कर तलब कर सकती है।

**बीएसएफ स्थापना दिवस समारोह आज**

# भाग लेने पहुंचे गृह मंत्री



## कार्यक्रम के बाद आज ही रांची होते हुए दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे गृह मंत्री अमित शाह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर सहित पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद गृह मंत्री हेलीकॉप्टर से हजारीबाग जिले के मेरु कैंप के लिए रवाना हो गए। गृह मंत्री वहां रात्रि विश्राम करेंगे। हेलीपैड पर हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय, एसपी मनोज रतन चौथे, बीएसएफ के अधिकारियों ने बुके प्रदान कर गृह मंत्री का स्वागत किया' यहां हजारीबाग के भाजपा नेताओं ने भी गृह मंत्री अमित शाह को बुके प्रदान कर स्वागत किया। बीएसएफ के मेरु स्थित कैंप में गृह मंत्री अमित शाह के पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, मांडू विधायक जेपी भाई पटेल, पूर्व विधायक मनोज यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, रोशनी तिर्की, अनिल मिश्रा, शेष पृष्ठ 11 पर

**एसएचजी को मिलेंगे 15000 ड्रोन, पीएम महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ**

# 'महिला, युवा, गरीब और किसान सबसे बड़ी जाति'

**10,000** जन औषधि केंद्र का देवघर में ऑनलाइन लोकार्पण किया

**12,000** गांवों तक पहुंच चुकी है मोदी की गारंटी वाली गाड़ी

**30 लाख** नागरिक अब तक विकास की इस मुहिम से जुड़ चुके हैं

## 10 से बढ़ाकर 25 हजार जन औषधि केंद्रों करने का कार्यक्रम लॉन्च




**एजेंसी। नई दिल्ली**

विपक्ष के जाति जनगणना पर पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ हैं। कहा कि मेरे लिए ये चारों ही बड़ी 'जातियां' हैं। इनके उत्थान से ही भारत विकसित होगा। कहा, मोदी की गारंटी वहां से शुरू होती है, जहां लोगों की दूसरों से अपेक्षाएं खत्म होती हैं। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने एम्स, देवघर में ऐतिहासिक 10,000वें जन औषधि केंद्र का लोकार्पण किया। इसके अलावा मोदी ने देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने का कार्यक्रम भी लॉन्च किया। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान महिला एसएचजी को 15000 ड्रोन प्रदान करने और जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने, इन दोनों पहलों की घोषणा की। यह कार्यक्रम इन वादों को पूरा करने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने झारखंड के देवघर, ओडिशा के रायगढ़ा, आंध्र प्रदेश के प्रकाशम, अरुणाचल प्रदेश के नामसाई और जम्मू-कश्मीर शेष पृष्ठ 11 पर

### देवघर में दस हजारवां जन औषधि केंद्र


झारखंड के देवघर स्थित एम्स में 10,000वें जन औषधि केंद्र को भी समर्पित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अच्छी दवाई और सस्ती दवाई ये बहुत बड़ी सेवा है। जितने लोग उन्हें सुन रहे हैं, उनसे उनका आग्रह है कि जनऔषधि केंद्र के बारे में लोगों को बताइए। दवाइयों पर जो खर्च पहले 12-13 हजार का होता था, वह जनऔषधि केंद्र की वजह से सिर्फ 2-3 हजार हो रहा है यानी 10 हजार रुपये लोगों की जेब में बच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने के कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। कहा, मोदी की गारंटी का मतलब पूर्ति की गारंटी है।

# चुनावी रेवड़ी की जीत-हार दोनों के हैं गहरे मायने



सुनील बादल

**चुनावी** राज्यों में नेताओं के भाषणों में विपक्षी दलों पर निशाना साधने वाले पारंपरिक बयानों में वादों की भरमार होती है और आजकल मतदाताओं को रिझाने के लिए वारंटी नहीं गारंटी का चलन है। कुछ वर्षों से 'मुफ्त कल्याणकारी योजनाओं के वादे' या 'चुनावी रेवड़ी' का चलन तेजी पर है। अब सवाल यह है कि क्या कल्याणकारी योजनाओं से राजनीतिक लाभ समय के साथ कम हो जाते हैं? टैक्स के रूप में जनता की गाढ़ी कमाई से चलने वाली ये मुफ्त बिजली और मुफ्त बस यात्रा से वोट बटोरने की प्रवृति बढ़ी और जनता इसे अपना आधिकार समझकर मोल भाव शुरू कर देगी तब क्या होगा?



तेलंगाना की 119 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे अहम हो सकते हैं। 2018 में तेलंगाना में विधानसभा चुनाव में भारत राष्ट्र समिति प्रमुख के चंद्रशेखर राव की उम्मीदें टिकी थीं लाभार्थियों पर और उन्हें जमकर वोट मिले और वह राज्य के मुख्यमंत्री बन गए। यह उनका दूसरा कार्यकाल है। वोट के लिए लुभावनी योजनाएं नई बात नहीं हैं, लेकिन तेलंगाना के परिप्रेक्ष्य में इन योजनाओं का दायरा काफी बड़ा है। यहां समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं हैं। किसान, नवविवाहित जोड़े, विदेश जाते दलित और अल्पसंख्यक छात्र तक का पैकेज है और केंद्र की पीएम सम्मान निधि योजना भी तेलंगाना की प्रमुख योजना 'रायथु बंधु' पर आधारित बताई जाती है।

तेलंगाना में 30 नवंबर को चुनाव हुए और इससे पहले के चंद्रशेखर राव का चुनावी अभियान भी इन योजनाओं के इर्द-गिर्द घूम रहा है। वह इसका ज़िक्र करते हुए कहते हैं कि अगर उनकी जगह कांग्रेस सत्ता में आई तो इन योजनाओं को बंद कर देगी। 9 साल से तेलंगाना की कुर्सी पर काबिज केसीआर सत्ता विरोधी लहर के बीच वोटरों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। वह अगर तीसरी बार मुख्यमंत्री बनते हैं, तो ऐसा करने वाले दक्षिण भारत के इकलौते नेता होंगे। इस बात पर काफी बहस हो चुकी है कि ऐसी योजनाओं को कल्याणकारी कहना चाहिए या फिर मुफ्त की रेवड़ी? किसानों को मुफ्त बिजली चुनावी सौगात है या देश का कृषि उत्पादन बढ़ाने का साधन? गरीबों को बेटी की शादी के लिए आर्थिक मदद क्या चुनावी पैंतरा है या जरूरी मदद? क्या इन योजनाओं के चुनावी फायदे कांग्रेस का पैंतरा भी मुफ्त की योजनाओं पर टिका हुआ है। पार्टी मुफ्त योजनाओं की आदी जनता की भूख बढ़ाना चाहती है। उसने वादा किया है कि सत्ता में आने पर वह रायथु बंधु की रकम को प्रति एकड़ 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये और बुजुर्गों की मासिक पेंशन दो हजार से बढ़ाकर चार हजार रुपये कर देगी।

वोटर क्या सोचकर वोट करेंगे यह तो नतीजे बताएंगे, लेकिन केसीआर अगर भारी मतों से विजयी होते हैं तो लोकलुभावन योजनाओं पर उनकी निर्भरता को और बल मिलेगा। वहीं हार से अन्य राज्यों को भी यह संदेश जाएगा कि लोकलुभावन शेष पृष्ठ 11 पर

## राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आज

**रांची।** झारखंड राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राजभवन से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम एक दिसम्बर को नागालैंड राज्य स्थापना दिवस पर होगा। इसके तहत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इस दौरान कुछ विशिष्ट लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड में रह रहे नागालैंड के लोगों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जा रहा है। राजभवन नागालैंड के ऐसे लोगों की तलाश में है, जो झारखंड में रहते हुए इसके विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे जो भी लोग राजभवन में एक दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं, वे राजभवन के विशेष कार्य पदाधिकारी रोहित सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### केंद्रीय गृह मंत्री से मिले झारखंड के राज्यपाल



**रांची।** केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने हजारीबाग के बीएसएफ के मेरु कैंप में मुलाकात की। राजभवन के अनुसार यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इस दौरान राज्यपाल ने गृह मंत्री को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट किए।

### हज के लिए सैकड़ो यात्रियों का जत्था रवाना

**सिल्ली।** मुरी स्टेशन परिसर में हज के लिए यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। यह जत्था सिल्ली, मुरी, असुरकोडा, कुटाम, कलुआडीह आदि जगहों से हज यात्रा करने के लिए सैकड़ो की संख्या में मुरी स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन परिसर से ट्रेन पड़कर सैकड़ो यात्री रवाना हो गया।

### खूंटी में बिरसा शिशु मंदिर गोविंदपुर में मना जनजाति गौरव दिवस

**खूंटी।** जिले के कर्रा प्रखंड के गोविंदपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि जनजाति समाज और परंपरा को बचाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज को बचाने और उन्हें आगे बढ़ाने में भगवान बिरसा मुंडा का सबसे बड़ा योगदान है। शिशु मंदिर के सचिव संजय भगत ने बिरसा मुंडा के कार्यों का और उनके योगदान की चर्चा की। प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हम जनजाति गौरव दिवस मना रहे हैं। भगवान बिरसा ने जनजाति समाज के लिए अथक परिश्रम किए। वे अपनी परंपरा, संस्कृति और आस्था के प्रति संवेदनशील थे। हमें भी जनजाति समाज के लिए उनके बीच जाकर परंपरा-संस्कृत के प्रति उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है।

### बंडा जतरा से लौट रहे युवक का तापे में शव मिला

**ओरमांझी।** ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के उलातु पतरा तापे में गुरुवार को 18 वर्षिय युवक का शव सड़क किनारे मिला। जिसकी सूचना पाकर ओरमांझी पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई और पंचनामा के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।युवक की पहचान पिठौरिया थाना क्षेत्र के ओएना गांव के एतवा करमाली का 18 वर्षिय पुत्र पंकज करमाली के रूप में हुआ। युवक गुरुवार को ओरमांझी के पिपरा बंडा जतरा मेला देख कर अपने ग्लैमर मोटरसाइकिल (जेएच 01एम 0651) से घर लौट रहा था। लेकिन वह घर नही पहुंचा।और गुरुवार की सुबह उसका शव सड़क किनारे ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।

### रातू तिलता से छात्र लापता, रिपोर्ट दर्ज

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता कमड़े के रहने वाले एक फौजी सवना उरांव के 14 वर्षीय पुत्र विशाल उरांव उर्फ निकेश बुधवार सुबह 6 बजे से लापता है। मामले को लेकर पिता सावना ने रातू थाने में पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। पिता ने बताया वह मूल रूप से पिठोरिया थाना क्षेत्र के सिरांगो के रहने वाले है। पुलिस छात्र की खोजबीन कर रही है।

### जामुदाग के सड़क पर बह रहा गंदा पानी, राहगीर परेशान

**सोनाहातू।** महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किये थे। लेकिन स्वच्छ अभियान के तहत क्या आपका मोहल्ला गांव स्वच्छ है? स्वच्छता को लेकर एक मामला सामने आया है सोनाहातु प्रखंड क्षेत्र के जामुदाग गांव में मोहल्ले के लोगों और राहगीरों के लिए सड़क तो बन गई है लेकिन देखरेख के अभाव में सड़क की दशा बिगड़ती जा रही है। पिछले कई सालों से मार्गों पर पानी बह रहा है।

# 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त देगी सरकार

### आने वाले समय में कोई भी क्षेत्र विद्युतीकरण से वंचित नहीं रहेगा



**आरएनएम। रांची/गढ़वा**
गढ़वा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम गढ़वा के विभिन्न प्रखंडों में ही नहीं, बल्कि राज्य के सभी प्रखंडों में पंचायत वार आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ग्राम गाड़ी योजना की भी चर्चा की एवं 100 यूनिट तक बिजली फ्री कर देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोई भी क्षेत्र विद्युतीकरण से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि शिविर व कार्यक्रम में आए सभी लोगों के लिए एक-एक फलदार पौधा प्रदान किया गया है, जिसे सभी लोग जरूर लगाएं। यह परिवार के लिए एक रोजगार उत्पन्न करने का कार्य करेगा। इससे लोग आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। उन्होंने पौधरोपण की ओर विशेष ध्यान देने हेतु लोगों से अपील की। साथ ही बताया कि शहरों में शहरी टाइप की योजना, जबकि ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण टाइप की योजनाएं सरकार संचालित कर रही है, जिससे योग्य लाभुक लाभान्वित होकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकते हैं। उन्होंने रोजगार सृजन हेतु योजनाओं के तहत बेरोजगार युवकों से आवेदन कर लाभान्वित होने की अपील की। कहा, सरकार आपके द्वारा जैसे कार्यक्रम वर्ष 2021 से लगातार चलाया जा रहा है। लोगों के रोजगार सृजन के लिए लोन, गाड़ी, प्रशिक्षण, पठन-पाठन, परिसंपत्तियों का वितरण आदि कई व्यवस्थाएं की गई हैं। सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी लोगों को सम्मान मिला है। दिव्यंगता पेंशन, विधवा पेंशन, परित्यागी महिला को पेंशन, वृद्ध व्यक्तियों को पेंशन, गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को पेंशन आदि देकर लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने गढ़वा जिले के बूढ़ा पहाड़ का उदाहरण देते हुए बताया कि पहले लोग वहां जाने से कतराते थे, परंतु राज्य के मुख्यमंत्री ने स्वयं जाकर वहां लोगों को विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया है। अब लोग निडर होकर उस क्षेत्र में आ जा सकते हैं।

### सरकार की मंशा है कि अगले तीन वर्षों में सभी के पास पक्का मकान हो : मिथिलेश

वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के इस तीसरे चरण में योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आमजनों को सरकारी योजनाओं के लाभ सुगमता से मिल सके, इसलिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि सभी वंचितों, पीड़ितों को इस शिविर के माध्यम से उनके हक अधिकार एवं विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों में सबसे ज्यादा आवेदन अबुआ आवास के प्राप्त हो रहे हैं। सरकार की मंशा है कि अगले तीन वर्षों में सभी के पास पक्का मकान हो। उन्होंने सभी आम नागरिकों से आयोजित शिविर में आकर योजनाओं की जानकारी लेने एवं लाभान्वित होने की अपील की।

### यह गरीब गुरबों की सरकार है : बादल

वहीं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री ने कोविड काल में भी विकास कार्यों को गति देने का कार्य किया है। राज्य में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को झेलते हुए भी विकास के कार्य सतत तौर पर चल रहे हैं। यह गरीब गुरबों की सरकार है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा कर लाभान्वित करने का है।

### श्री महारूद्र मंदिर भूमि पूजन में शामिल हुए भाजपा नेता सन्नी टोप्पो



**ईटकी।** प्रखंड के टटकुन्दो धामा टांड़ पतरा टोली में श्री महारूद्र मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन में शामिल हुए भाजपा नेता सन्नी टोप्पो।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–09/2023-24/RWD/RAMGARH जिसका PR No. 311886 (Rural Work Department) के द्वारा प्रकाशित निविदा में निविदा खोलने की तिथि दिनांक 15.12.2023 अपराह्न 11:30 बजे के स्थान पर दिनांक 16.12.2023 अपराह्न 11:30 बजे पढ़ा जाय।
अन्य सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, रामगढ़।

PR 312377 (Rural Work Department) 23-24 (D)


# दरोगा सोनू साव के मामले में दो दिनों में रिपोर्ट तलब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अपराधियों की गोली से घायल हुए दरोगा सोनू कुमार साव को ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के आरोप में रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था अब इस मामले में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने रामगढ़ एसपी से दो दिन में रिपोर्ट मांगी है। चर्चा है कि दरोगा सोनू ने भुरकुंडा थाना प्रभारी को सूचित किया था कि गोली लगने की वजह से उनके पैर का घाव ठीक नहीं हुआ है, जिस कारण वे ड्यूटी पर नहीं आ पायेंगे। पर थाना प्रभारी ने दरोगा सोनू साव के विरुद्ध ड्यूटी से अनुपस्थित रहने की रिपोर्ट एसपी को दी। जिसके आधार पर एसपी ने दरोगा सोनू साव को सस्पेंड कर दिया था। पतरातू थाना इलाके में विभिन्न आपराधिक गिरोहों की सक्रियता बढ़ गयी थी और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर छापेमारी के बाद जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू गैंग के अपराधियों ने 17 जुलाई को रात 9 बजे एटीएस व रामगढ़ पुलिस की टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। वारदात पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरमांझी द्वार खेलारी रोड में डाड़ीडीह सरना उच्च विद्यालय के समीप घटी थी। इसमें एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार को पेट में व रजरप्पा थाना के दारोगा सोनू कुमार साव को दाहिनी जांघ में गोली लगी थी। एक अन्य जवान घायल हो गया था। मौके पर पहुंचे तीन जवानों को एक बाइक सवार ने अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे वे घायल हो गये थे। घटनास्थल से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर डीएसपी को मेडिका अस्पताल रांची लाया गया। बाद में दरोगा को भी यहीं भर्ती कराया गया था।

# विधानसभा विस्तारकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा ने मिशन 2024 के तहत भाजपा के सभी विधानसभा विस्तारकों को पार्टी की जीत का मंत्र सुझाया। विधानसभा विस्तारक का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम रांची के चिरौंदी स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मरांडी ने अभ्यास वर्ग में उपस्थित विधानसभा विस्तारकों से अपने लंबे राजनीतिक अनुभव को साझा करते कई टिप्स दिए। उन्होंने विस्तारकों को अपनी बातें कम बोलते हुए सामने वाले की बातें अधिक सुनने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बेवजह बहस करके किसी को पराजित नहीं किया जा सकता है। बल्कि विचारों और नीतियों से जीत हासिल किया जा सकता है। बाबूलाल मरांडी ने विस्तारकों को क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसी कार्यकर्ता के घर ही भोजन करने का भी सुझाव दिया। इस दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी पूरी मजबूती से लोगों तक पहुंचाने की बात कही। अभ्यास वर्ग को संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने भी संबोधित किया। वहीं मौके पर प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, केंद्रीय विस्तारक टोली के सदस्य मनोज कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह सहित काफी संख्या में विधानसभा विस्तारक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूँटी**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

**निविदा आमंत्रित**

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य में अल्पाहार एवं भोजन सामग्रियों की आपूर्ति के लिए दर निर्धारित हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं/संस्थाओं से दिनांक 30.11.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 21.12.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। संबंधित विस्तृत विवरणी/नियम व शर्तें खूँटी जिला के वेब साइट https://khunti.nic.in से Download कर अथवा जिला निर्वाचन शाखा, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, खूँटी

PR 312290 Election (23-24)_D


### झारखंड में पेपर लीक पर उम्र कैद और 10 करोड़ तक जुर्माना

# नये कानून को राज्यपाल ने दी मंजूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक और नकल रोकने के लिए सख्त कानून लागू करने का रास्ता साफ हो गया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विधानसभा से बीते अगस्त महीने में पारित विधेयक को मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी होते ही यह कानून का रूप ले लेगा। इस कानून में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने पर कम से कम 10 साल और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा से लेकर 10 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाने जैसे सख्त प्रावधान हैं। इस कानून का नाम झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 होगा। इसमें प्रावधान किया गया है कि प्रतियोगी परीक्षा में कोई अभ्यर्थी पहली बार नकल करते हुए पकड़ा जाता है तो उसे एक वर्ष की जेल होगी और पांच लाख रुपए का जुर्माना लगेगा।

दूसरी बार पकड़े जाने पर तीन साल की सजा एवं 10 लाख जुमार्ना का प्रावधान है। न्यायालय द्वारा सजा होने पर संबंधित अभ्यर्थी 10 वर्षों तक किसी प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। पेपर लीक और नकल से जुड़े मामलों में बगैर प्रारंभिक जांच के एफआईआर और गिरफ्तारी का भी प्रावधान किया गया है। पेपर लीक और किसी प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में भ्रामक जानकारी प्रचारित-प्रसारित करने वाले भी इस कानून के दायरे में आएंगे। यह कानून राज्य लोक सेवा आयोग, राज्य कर्मचारी चयन आयोग, भर्ती एजेंसियों, निगमों और निकायों द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में लागू होगा। पेपर लीक से जुड़े मामलों को लेकर इस कानून में सबसे सख्त प्रावधान किए गए हैं। इसमें परीक्षाओं के संचालन से जुड़े व्यक्ति, एजेंसियां, प्रिंटिंग प्रेस एवं षड्यंत्र में शामिल लोग दायरे में आएंगे। अगर कोई प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा आयोजित करने वाला प्रबंधन तंत्र, परिवहन से जुड़ा व्यक्ति या कोई कोचिंग संस्थान साजिशकर्ता की भूमिका निभाता है तो 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। इसमें 2 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है। जुर्माना न देने पर तीन साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बता दें कि इस विधेयक को लेकर विधानसभा में जबर्दस्त हंगामा हुआ था। विपक्ष के विधायकों ने इसकी प्रतियां फाड़ दी थीं और भाजपा ने इसे काला कानून की संज्ञा दी थी। विपक्ष के विधायकों के बहिष्कार के बीच यह विधेयक पारित किया गया था।

### खूंटी में मोबाइल लोक अदालत आज से

**खूंटी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एक से 31 दिसंबर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल लोक अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन करेगा। यह जानकारी डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि एक दिसंबर को सदर अस्पताल खूंटी और दो दिसंबर को लीगल एड क्लीनिक कर्रा बाजार में मोबाइल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। तीन दिसंबर को अड़की प्रखंड परिसर और चार दिसंबर को लीगल एड क्लिनिक तोरपा प्रखंड परिसर और डोड़मा बाजार, पांच दिसंबर को रनिया प्रखंड के लीगल एड क्लिनिक ब्लॉक परिसर, छह दिसंबर को मुरहू प्रखंड परिसर के लीगल एड क्लिनिक, सात को खूंटी के लीगल एड क्लीनिक सहयोग विलेज, आठ दिसंबर को लोधमा बाजार, नौ दिसंबर को सिविल कोर्ट कैंपस खूंटी 11 दिसंबर को रनिया बाजार, 12 को लीगल एड क्लिनिक कुंजला बाजार मुरहू, 13 को हमेरोम बाजार अड़की, 14 दिसंबर को हुटार बाजार खूंटी, 15 दिसंबर को लोधमा बाजार, 16 दिसंबर को तपकरा बाजार, तोरपा और 18 दिसंबर को मुरहू बाजार में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। डालसा सचिव ने बताया कि 19 दिसंबर को रनिया प्रखंड के सोदे बाजार, 20 को कर्रा प्रखंड के जलटंडा बाजार, 21 को अड़की बाजार, 22 दिसंबर को मुरहू प्रखंड के लीगल एड क्लिनिक सायको बाजार और 23 दिसंबर को खूंटी प्रखंड परिसर और सदर अस्पताल खूंटी में विधिक जागरुकता शिविर सह मोबाइल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर पहुंचे अधिकारी

# बुजुर्गों को गुलाब फूल देकर व शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर राज्यभर में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए सघन अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में ऐसे वयोवृद्ध मतदाताओं के पास जाकर उनके मतदाता पंजीकरण संबंधी मामलों को सुना गया, कहीं कहीं जरूरत अनुसार उनके प्रपत्र भी भरवाए गए। साथ ही उनको पुष्प गुच्छ, शाल आदि देकर सम्मानित करते हुए लोकतंत्र में उनकी अब तक निभाई गई भूमिका के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की गई। इस दौरान इन बुजुर्ग मतदाताओं की ओर से राज्य के युवा मतदाताओं के लिए अपील भी करवाई गई। अपील के वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के लिए राज्य भर में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सीनियर वोटर्स वॉइस के नाम से सोशल मीडिया हैशटैग अभियान चलाया गया। दिनभर चले इस अभियान का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जमशेदपुर में बुजुर्गों को गुलाब फूल देकर तथा शाल ओढ़ाकर किया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों के साथ ही सुबह का भोजन किया। जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों सह उपायुक्तों ने भी सुबह-सुबह इस अभियान के तहत अपने क्षेत्र के बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान कर अभियान को अपनी निगरानी में चलवाया। विभागीय निर्देश पर इस सोशल मीडिया विशेष अभियान के नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने भी भरनो, सिसई, गुमला में इस अभियान के तहत बुजुर्ग मतदाताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। उक्त अभियान राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चलाया गया, जिसमें ईआरओ, एईआरओ, पर्यवेक्षक तथा बीएलओ ने हिस्सा लिया। इस विशेष अभियान के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि हमारे देश की अब तक की लोकतांत्रिक यात्रा में हमारे इन बुजुर्ग मतदाताओं की बड़ी भूमिका रही है। आज के इस अभियान के कारण हमारे बुजुर्ग मार्गदर्शक न केवल मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपने आप को सहभागी महसूस करेंगे, बल्कि उनकी अपील और उनके विचारों से नई पीढ़ी के मतदाता भी प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि किसी भी वर्ग और श्रेणी का कोई भी पात्र मतदाता छूटने ना पाए।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा**

**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**

**अति अल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या RDD/SD/SIM/07/2023-24**

अति अल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/SIM/07/2023-24** द्वारा आमंत्रित निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से निम्नांकित योजनाओं के लिए ई०निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेठईटांगर प्रखण्ड के ताराबोगा पंचायत अन्तर्गत गौरीडूबा स्कूल जाने वाले पथ में 1 स्पैन का पुलिया निर्माण। | 18.10700 | 36500.00 | 5000.00 | चार माह |
| 2 | ठेठईटांगर प्रखण्ड के ताराबोगा पंचायत अन्तर्गत जिलिंगा रोड से ताराबोगा डीपाटोली के बीच का नाला में 2 स्पैन का पुलिया निर्माण। | 13.53900 | 27500.00 | 2500.00 | चार माह |
| 3 | ठेठईटांगर प्रखण्ड के ताराबोगा पंचायत अन्तर्गत नदीपार मोरम पथ पर स्कूल के पास 6x4 का कलभर्ट निर्माण। | 4.92300 | 10000.00 | 750.00 | तीन माह |
| 4 | ठेठईटांगर प्रखण्ड अन्तर्गत कोनमेंजरा पंचायत के नागफेनी डेबराबांध में 2 स्पैन का पुलिया निर्माण। | 13.47100 | 27000.00 | 2500.00 | चार माह |
| 5 | सिमडेगा प्रखण्ड अनतर्गत अरानी पंचायत के देवसार पत्थर गड़ी से बिरकेरा जाने वाले पथ पर 635 फीट पी०सी०सी० पथ एवं 47 मीटर गार्डवाल निर्माण। | 23.90205 | 48000.00 | 5000.00 | चार माह |
| 6 | Construction of 2nd Entrance Gate and PCC in Sport Complex Simdega. | 9.74500 | 19500.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 7 | सिमडेगा प्रखण्ड के सलडेगा टोंगरीटोली में स्व०करमु लोहरा के घर से बिरसा आवासीय विद्यालय तक 100 मी० पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 4.51900 | 9500.00 | 750.00 | तीन माह |
| 8 | सिमडेगा प्रखण्ड के बीरू पंचायत अनतर्गत बीरू पतराटोली आँगनबाड़ी से कन्या विद्यालय तक 350 मीटर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 15.90700 | 32000.00 | 5000.00 | चार माह |
| 9 | सिमडेगा प्रखण्ड अनतर्गत पंचायत तामड़ा में बगीचाटोली से सुधांशु बैठा के घर से गॉबरियल एक्का के घर तक 220 मी० पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 9.97700 | 20000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 10 | कोलेबिरा प्रखण्ड के ऐडेगा पंचायात अन्तर्गत रामजड़ी से रामजड़ी नवाटोली बस्ती को जोड़ने वाले खेत में पुलिया निर्माण। | 17.56645 | 35000.00 | 5000.00 | चार माह |
| 11 | कोलेबिरा प्रखण्ड के नवाटोली पंचायत अन्तर्गत सरंगापानी से छापरीडीपा के बीच 1 स्पैन का पुलिया निर्माण। | 20.22371 | 40500.00 | 5000.00 | चार माह |
| 12 | कोलेबिरा प्रखण्ड के टुटीकेल पंचायत अन्तर्गत सोकोरला आर०ई०ओ० पथ से राजूटोली स्कूल तक 350 मीटर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 18.99300 | 38000.00 | 5000.00 | चार माह |
| 13 | कोलेबिरा प्रखण्ड के बरसलोया पंचायत भवन तक 100 मीटर सड़क निर्माण। | 5.34600 | 11000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 14 | जलडेगा प्रखण्ड के पतिअम्बा पंचायत अन्तर्गत सरईटोली से जामपानी रास्ता पर 1x6x4 का पुलिया निर्माण। | 14.12320 | 28500.00 | 2500.00 | चार माह |
| 15 | जलडेगा प्रखण्ड के पोमिया पंचायत अन्तर्गत पोमिया नाला में 1 स्पैन का पुलिया निर्माण। | 24.99137 | 50000.00 | 5000.00 | चार माह |
| 16 | बानो प्रखण्ड अन्तर्गत बानो मुख्य पथ से डिग्री कॉलेज बानो तक 300 मीटर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 13.66900 | 27500.00 | 2500.00 | चार माह |
| 17 | बानो राधा कृष्णा मंदिर से बाजार टांड़ होकर पी०डब्ल्यू०डी० रोड तक 460 मीटर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 20.95800 | 42000.00 | 5000.00 | चार माह |
| 18 | प्रखण्ड–कुरडेग, पंचायत–खिण्डा अम्बाटोली में सरोज तिग्गा के घर से लेकर प्रफुल किस्पोटा के घर तक 710 मीटर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 14.79800 | 30000.00 | 2500.00 | चार माह |
| 19 | बोलबा प्रखण्ड के बोलबा प्राथमिक कन्या विद्यालय से डोंगईतटोली तक 300 मीटर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 12.15600 | 24500.00 | 2500.00 | चार माह |
| 20 | केरसई प्रखण्ड के बासेन पंचायत अन्तर्गत बासेन स्वास्थ्य उप केन्द्र से कुम्हारटोली तक 400 मीटर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 21.63200 | 43500.00 | 5000.00 | चार माह |
| 21 | पाकरटांड़ प्रखण्ड के पाकरटांड़ पंचायत अन्तर्गत बसतपुर मांझाटोली मुख्य पथ से मेहरटोली तक 100 फीट गार्उवाल, एवं 4'x3' का पुलिया एवं 1000 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 14.71350 | 29500.00 | 2500.00 | चार माह |
| 22 | केरसई प्रखण्ड अन्तर्गत केरसई नवाटोली से तेतरटोली आंगनबाड़ी केन्द्र तक 460 मीटर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 20.00800 | 40100.00 | 5000.00 | चार माह |
| 23 | बोलबा प्रखण्ड के कादोपानी पंचायत अन्तर्गत कसीरा टोंगरीटोली से सुन्दराटोली पथ में कटीयाजोर नाला में 200 फीट गार्डवाल निर्माण (Part-B) | 9.08585 | 18200.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 24 | बोलबा प्रखण्ड के कादोपानी पंचायत अन्तर्गत कादोपानी किलेसेरा पहारटोली पथ में 1x15'x8' एवं 1x6'x4' का पुलिया निर्माण। | 24.87826 | 50000.00 | 5000.00 | चार माह |
| 25 | बांसजोर प्रखण्ड के कोम्बाकेरा से बोंगेरा जाने वाली सड़क पर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 14.61500 | 29500.00 | 2500.00 | चार माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.12.2023. को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक 06.12.2023 से दिनांक 13.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.312348 Simdega(23-24):D

## एक नजर

### एसपी ने किया ट्रैफिक थाना का निरीक्षण दिये कई निर्देश

**रांची।** ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव से गुरुवार को यातायात थाना गोंदा का निरीक्षण किया ट्रैफिक एसपी का पदभार ग्रहण करने के बाद यातायात थाना का यह उनका पहला निरीक्षण था निरीक्षण के क्रम में यातायात थाना के लिए भवन का प्रस्ताव, जांच के लिए थाना लाए गए वाहनों की जब्ती सूची, मालखाना पंजी का संधारण सरकारी, संपति के रखरखाव के संबंध में निर्देश दिये गये थाना में कार्यरत पुलिसकर्मी के व्यवस्थापन, कर्मियों की संख्या, पोस्ट और ट्रैफिक बूथ का समय-समय पर आकलन, एवं ट्रैफिक बूथ पर पानी,बिजली और शौचालय की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिये गये।

### नहीं रहे समाजसेवी धर्मचंद जैन रारा



**रांची।** सुप्रसिद्ध समाज सेवी धर्मचंद् जैन रारा का गुरुवार को निधन हो गया। रारा ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष, महामंत्री एवम प्रांतीय अधिवेशन के स्वगताध्यक्ष के पद को भी सुशोभित किया था। उनके निधन से झारखंड का संपूर्ण मारवाड़ी समाज मर्महात है। स्व आहत है। रारा को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, विनय सरावगी, बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, अरुण बुधिया, मनोज बजाज, शिवशंकर साबू, राहुल मारू, प्रदीप राजगडिया, सुभाष पटवारी, सौरव सरावगी ने श्रधांजलि दी है। वह सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हर एक व्यक्ति के लिए का आदर्श रहे हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन समाज की सेवा में लगा दिया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन 4 को : जेपी पांडेय



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी सह आंगनवाड़ी सेविका सहायिका संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वादा खिलाफी के खिलाफ 4 दिसंबर को रांची में प्रदर्शन करने का निर्णय संघ द्वारा लिया गया है। झारखंड के समस्त जिलों और प्रखंडों और पंचायतों के आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यरत सेविका/सहायिका इस आंदोलन में भारी संख्या में मोरहाबादी मैदान रांची में पहुंचेंगे। आरोप है कि सरकार के साथ जो सुविधा प्रदान करने का समझौता हुआ था अभी तक सभी को लागू नहीं किया गया है।

पति शेख बेलाल व पत्नी अफसाना खातून पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

# सोफिया का सिर धड़ से अलग करने वाले पति-पत्नी को उम्र कैद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को महिला की जघन्य हत्याकांड में दोषी करार अभियुक्त शेख बेलाल एवं उसकी पत्नी अफसाना खातून उर्फ साबो खातून को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है । अदालत ने दोनों को हत्या के आरोप में 25 नवंबर को दोषी ठहराया था। सजा के बिंदु के सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कड़ी से कड़ी सजा के तहत फांसी की मांग की गयी। जिसपर बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कम से कम उम्र कैद देने की वकालत अदालत से की। वही, दोनों की बहस सुनने के बाद आदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई। दोनों अभियुक्त ने तीन जनवरी 2021 को साजिश रचकर चान्हो निवासी महिला सोफिया परवीन की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद सिर कटी निर्वस्त्र शव को ओरमांझी के जंगल में फेंक दिया गया था। घटना को लेकर ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह हत्या अवैध संबंध को लेकर पहली पत्नी साबो खातून को तलाक देने के दबाव में की गयी थी। इसके बाद अभियुक्तों ने धारदार दाउली से गला रेतकर उसका सिर धड़ से अलग कर दिया था। सिर कटी होने की वजह से युवती के शव की पहचान नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने सिर खोजने वाले को 5 लाख रुपये इनाम देने की भी घोषणा की थी। शव बरामदगी के 10वें दिन 12 जनवरी को पुलिस ने युवती का सिर रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र के चंदवे बस्ती में एक खेत से बरामद किया। उसकी पहचान रांची के चान्हो थाना अंतर्गत चटवल की सोफिया खातून के रूप में हुई। माता-पिता से डीएनए मैच कराया गया, तब जाकर इसकी पुष्टि हुई थी कि सिर और धड़ सोफिया का ही था। इसके बाद 14 जनवरी को भाग रहा शेख बेलाल को सिकिदिरी में ऑटो में धर दबोचा था। दोनों 15 जनवरी 2021 से लगातार जेल में ही है। मले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 19 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### कटी सिर को खोजने का इनाम रखा गया था पांच लाख रुपए

सिर कटी लाश मिलने के बाद सिर खोजने वाले को पांच लाख रुपए इनाम देने की घोषणा पुलिस प्रशासन की ओर से की गई थी। घटना स्थ्ल पर स्निफर डॉग को भी ले जाया गया था। जंगल में सिर ढूंढने के लिए 400 पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। पुलिस मुख्यालय की ओर से 15 दिन का समय मिला था। लेकिन पुलिस ने 12 दिनों के भीतर ही पूरे मामले का उदभेदन करते हुए अभियुक्तों को भी धर दबोच लिया था। चान्हो के चटवल निवासी ने मृतका को अपनी बेटी बतलाया। इसके बाद माता-पिता से डीएनए मैच कराया गया। तब जाकर इसकी पुष्टी हुई थी। युवती की लाश मिलने के बाद लोग आक्रोशित हो गए थे। इसी मामले में रांची के किशोरगंज चौक पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मुख?यमंत्री हेमंत सोरेन का काफिला रोकने की कोशिश की। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ पुलिस की झड़प हुई। इसमें पुलिस को भी चोटें आई थी। गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई थी।

- तीन जनवरी 2021 को हत्या की साजिश रची गई थी
- अपने पति को छोड़ कातिल के साथ रह रही थी सोफिया
- महिला का सिर चंदवे बस्ती स्थित खेत में दफना गया था

### अवैध संबंध को वैध कराने के दबाव में की गई थी हत्या

मृतक सोफिया अपने पति को छोड़कर शेख बेलाल के साथ अवैध रूप से रह रही थी। दोनों में अवैध संबंध था। सोफिया बेलाल की पत्नी बनना चाहती थी। इसके लिए पहली पत्नी को तलाक देने का लगातार दबाव बनाने लगी। बेलाल के घर में मृतका एवं उसकी पत्नी के बीच बराबर टकराव होता रहता था। शेख बेलाल सोफिया को रास्ते से हटाने के लिए उसे जंगल ले गया और गला दबाकर हत्या कर दी।

किशोरगंज चौक पर हुआ था बवाल : इस वारदात को लेकर रांची में जनाक्रोश फूट पड़ा था। गुस्साई भीड़ ने रांची के किशोरगंज चौक के पास सड़क जाम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काफिले पर हमला बोल दिया था। इसके बाद मामले ने और तूल पकड़ लिया था। वारदात में अदालत में चले मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 19 गवाहों के बयान दर्ज कराये थे, जिसके आधार पर आरोपियों को बीते 25 नवंबर को दोषी करार दिया गया था। इस मामले में गुरुवार को सजा सुनाई गई। इस वारदात में बेहतर अनुसंधान के लिए ओरमांझी थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और सिल्ली के तत्कालीन डीएसपी चंद्रशेखर आजाद को केंद्रीय गृह मंत्री बेस्ट अनुसंधानक का अवॉर्ड मिला था।

### भारी विरोध के कारण टला एकलव्य विद्यालय का शिलान्यास



**चान्हो/ मांडर।** मांडर के मंदरो पंचायत अंतर्गत बखार गांव में प्रस्तावित एकलव्य आवासीय विद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम से ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण विधायक शिल्पी तिर्की और पूर्व विधायक बंधु तिर्की और सांसद सुदर्शन भगत को वापस लौटना पड़ा। उक्त स्थल पर निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने किया भारी विरोध। दस दिसंबर को ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा जिसमें निर्माण को लेकर लिया जाएगा निर्णय।

### सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का : विधायक




**चान्हो।** सोंस पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का है। उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार के समय ग्रामीण प्रखंड ब्लॉक का चक्कर लगा-लगा कर थक जाते थे, लेकिन वर्तमान की हमारी सरकार ने निश्चय किया, कि अब सरकार गांव एवं कस्बों तक जाकर लोगों की समस्या को सुनकर ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान किया जाएगा। शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए जिनका विधायक ने निरीक्षण किया और कार्यक्रम में अल्पसंख्यक बच्चों एवं जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं को भी चेक देकर सम्मानित किया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पंचायत कोडिनेटर, प्रखण्ड कोडिनेटर आवास, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी सहित चान्हो प्रखण्ड के सभी सरकारी कर्मी थे तथा राजनीतिक दल के चान्हो पश्चिमी जिला परिषद आदिल अजीम प्रखण्ड युवा अध्यक्ष इरशाद खान, चटवल मुखिया शिव उरांव, रघुनाथ पुर मुखिया महादेव उरांव, फरीद अंसारी, पूर्व मुखिया, मुखिया निधिया उरांव, मो .मोहम्मद अरशद, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डोरंडा कॉलेज की शिक्षिका को मिला इंसाफ




**रांची।** विश्वविद्यालय में गुरुवार को बैठक के बाद आरोपी शिक्षक को डोरंडा कॉलेज से हटा दिया गया। निर्णय आने के बाद कॉलेज के सभी लोग प्रसन्न हैं। मालूम हो कि शिक्षक पर एक महिला शिक्षक के अपमान का आरोप था। एनएसयूआई के नेता अब्दुल राबनावाज लगातार इस मुद्दे को लेकर कॉलेज इंसाफ दिलाने में लगे हुए थे। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर किसी महिला के साथ, विद्यार्थियों के साथ या किसी भी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार करेगा तो उसे सजा मिलेगी।

## मुस्लिम मजलिस-ए-उलमा का संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन 3 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड द्वारा आयोजित संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन की तैयारी जोर शोर से चल रही है। सम्मेलन में राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं जन प्रतिनिधियों का एक बड़ा समूह भाग ले रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड सरकार के माननीय मंत्री सत्यानंद भुक्ता करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सुबोध कांत सहाय पूर्व मंत्री, फुरकान अंसारी पूर्व सांसद, भुवनेश्वर मेहता पूर्व सांसद, कामेश्वर बैठा पूर्व सांसद, वक्ता के रूप में मंजूर अहमद अंसारी पूर्व अध्यक्ष हज समिति झारखंड, डॉ. इरफान अंसारी विधायक झारखंड अध्यक्ष हज समिति झारखंड, अख्तरुल इस्लाम उर्फ शाहीन विधायक बिहार, डॉ. असगर मिस्बाही, गौतम चौधरी वरिष्ठ पत्रकार रांची, सैयद सोहेल सईद, हसीब अख्तर अध्यक्ष जमीयत उल-इराकीन रांची, शाहीन मरियम रांची के अलावा विभिन्न विचारधाराओं और धर्मों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## झारखंड में शराब बिक्री करनेवाली प्लेसमेंट एजेंसी जीडीएक्स हुई ब्लैकलिस्टेड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने झारखंड में शराब बिक्री करनेवाली प्लेसमेंट एजेंसी जीडीएक्स को ब्लैकलिस्टेड कर दिया है। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा बैंक गारंटी के रूप में जमा किये गये आठ करोड़ रुपये भी जब्त कर लिये गये हैं। जानकारी के मुताबिक, यह एजेंसी अगले तीन वर्षों तक काम नहीं कर पायेगी। इस एजेंसी को झारखंड के पलामू, लातेहार, गढ़वा, रामगढ़ और बोकारो में खुदरा शराब बिक्री के लिए काम दिया गया था। अब इन सभी जिलों में शराब बिक्री का जिम्मा नयी प्लेसमेंट एजेंसी को दिया जायेगा। इस एजेंसी पर आरोप है कि शराब बिक्री करने के बाद पैसा जमा नहीं किया था। इस मामले का खुलासा गढ़वा में पदस्थापित उत्पाद अवर निरीक्षक ने किया था। वित्तीय अनियमितता का मामला आने के बाद जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसके बाद विभाग ने इस एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड कर दिया।



## हरमू नदी के उद्गम स्थल पर स्थित सभी मकानों का नक्शा कोर्ट में प्रस्तुत करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की हाई कोर्ट के जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने आरआरडीए और रांची नगर निगम को निर्देश देते हुए कहा कि वे हरमू नदी के उद्गम स्थल डीएवी हेहल के समीप स्थित सभी मकानों का स्वीकृत नक्शा से संबंधित रिकार्ड प्रस्तुत करें। मामले में अगली सुनवाई छह दिसम्बर को होगी। कोर्ट ने इस बात पर कड़ी नाराजगी जताई कि अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन शाहदेव को जान से मारने की धमकी मिलने और उनके द्वारा एफआईआर दर्ज करने के एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी अब तक उन्हें सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया कराया गया। कोर्ट ने अधिवक्ता एवं उनके परिवार को जल्द अंगरक्षक मुहैया करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया। साथ ही एफआईआर दर्ज होने के बाद की गई कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। सुनवाई के दौरान मामले में स्थल जांच के लिए कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए एडवोकेट कमिश्नर की ओर से स्थल जांच का सीलबंद रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। इससे पहले हाई कोर्ट की प्रथम पाली में सुनवाई के दौरान एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट की अध्यक्ष रितु कुमार ने कोर्ट के संज्ञान में यह बात लाया कि हरमू नदी के उद्गम स्थल पर अतिक्रमण करने की शिकायत करने वाले एसोसिएशन के अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव पर अज्ञात लोगों ने पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी दी है और आज तक अधिवक्ता एवं उनके परिवार को सुरक्षा नहीं दिया गया। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस पर कोर्ट ने सरकार के अधिवक्ता को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद की गई कार्रवाई के संबंध में दूसरी पाली में बताने को कहा था।

### भारतीय भाषा उत्सव में भागीदारी निभाने वाले शीर्ष 25 स्कूलों का होगा चयन

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में भारतीय भाषा उत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है । इसके आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले शीर्ष 25 विद्यालयों का चयन राज्य स्तर पर किया जाएगा । इसके लिए राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिलों के शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है । प्रत्येक जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक-एक स्कूल का चयन कर राज्य शिक्षा परियोजना कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया गया है । चयनित शीर्ष 25 स्कूलों के बच्चों को गोवा राज्य के स्कूली बच्चों के साथ वर्चुअल इंटरैक्शन करवाया जायेगा । इस पारस्परिक वातालार्प से राज्य के बच्चे गोवा के स्कूली बच्चों के साथ वर्चुअल बातचीत कर एक दूसरे के सांस्कृतिक और भाषायी विविधता की जानकारी प्राप्त करेंगे । भारतीय भाषा उत्सव का समापन 11 दिसंबर को महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर होगा ।

केंद्रीय भूमि जल बोर्ड में राजभाषा हिंदी कार्यशाला

## सभी प्रादेशिक भाषाओं के साथ-साथ राजभाषा का हो विकास : डॉ. सामल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




केंद्रीय भूमि जल बोर्ड प्रभाग 5 एवं राज्य एकक कार्यालय रांची के संयुक्त तत्वावधान में हरमू स्थित प्रभागीय कार्यालय के सभागार में राजभाषा हिंदी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर सूर्यकांत सामल केंद्रीय राजस्व विभाग सहायक निदेशक राजभाषा राज्य एकक कार्यालय प्रभारी अधिकारी रोज अनीता कुजूर ,कार्यपालक अभियंता एस सी प्रसाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यालय अधीक्षक अमित कुमार सिन्हा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया । केंद्रीय राजस्व विभाग के सहायक निदेशक राजभाषा डॉ सूर्यकांत सामल ने कहा कि सभी प्रादेशिक भाषाओं के साथ-साथ राजभाषा का विकास होना चाहिए। हिंदी भाषा में शब्दों का चयन करने के साथ-साथ कार्यालय में सौ प्रतिशत हिंदी में टिप्पणियां होनी चाहिए ।भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालय में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो ।हिंदी अनुवाद की नहीं बल्कि संवाद की भाषा है। किसी भी भाषा की तरह हिंदी भी मौलिक सोच की भाषा है। डॉक्टर सामल ने कार्यालय में हिंदी शब्दावली, टिप्पणी, पत्राचार पत्र पत्रिकाएं सहित अन्य बातों की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक कार्यपालक अभियंता जीएस सेनापति, सुलेखा भाया, डॉक्टर अनुकरण कुजूर, अतुल बेक,मो. सादमान, विवेक कुमार पवन कुमार दीपक,रंजन कुमार, राज किशोर वर्मा, सुधीर कुमार ओझा, अभय कुमार सैनी ,एस सी स्वांसी सहित दर्जनों अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद के परिजन को मिला मुआवजा

## नक्सलियों के खिलाफ चल रही निर्णायक लड़ाई : डीजीपी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा है कि नक्सलियों के खिलाफ झारखंड में निर्णायक लड़ाई चल रही है। इस लड़ाई में हमारे जवान और अफसर बिना किसी भय के भाग ले रहे हैं। जिसमें उन्हें अपनी प्राणों की आहुति भी देनी पड़ रही है। शहीदों के परिजनों के साथ पुलिस मुख्यालय हमेशा खड़ा है। इससे पूर्व शहीद अमित तिवारी के परिजनों को 1.78 करोड़ और गौतम के परिजनों को 1.68 करोड़ की राशि पूर्व में प्रदान किया जा चुका है। नक्सल अभियान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को मुआवजा मिला है। झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी ने चाईबासा जिले में बीते 14 अगस्त को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और कांस्टेबल गौतम कुमार के परिजनों को 25 लाख और 15 लाख रुपये इंश्योरेंस के रूप में प्रदान किये। चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी से लेकर डीजीपी तक करीब 66 हजार पुलिसकर्मियों को भारतीय स्टेट बैंक से निःशुल्क 50 से 60 लाख रुपये का बीमा का लाभ मिलेगा। बिना कोई प्रीमियम दिये यह लाभ पुलिसकर्मियों को मिलेगा.। इसे लेकर झारखंड पुलिस और एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) के बीच बीते 22 अगस्त को एमओयू हुआ था।

### 66 हजार पुलिसकर्मियों को एसबीआई से 60 लाख रुपये तक के निःशुल्क बीमा का लाभ देने के लिए हुआ था एमओयू

### पुलिसकर्मियों के परिजनों को मिला मुआवजा

नक्सल अभियान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को मुआवजा मिला। गुरुवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी ने चाईबासा जिले में बीते 14 अगस्त को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और कांस्टेबल गौतम कुमार के परिजनों को 25 लाख और 15 लाख रुपये इंश्योरेंस के रूप में प्रदान किये। बता दें कि फोर्थ ग्रेड कर्मचारी से लेकर डीजीपी तक करीब 66 हजार पुलिसकर्मियों को भारतीय स्टेट बैंक से निःशुल्क 50 से 60 लाख रुपये का बीमा का लाभ मिलेगा। बिना कोई प्रीमियम दिये यह लाभ पुलिसकर्मियों को मिलेगा. इसे लेकर झारखंड पुलिस और एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) के बीच बीते 22 अगस्त को एमओयू हुआ था।

## राज्य के विकास में बैंकों की है अहम भूमिका : सुब्रत कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सुब्रत कुमार झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस क्रम में उनकी अध्यक्षता और महाप्रबंधक राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड मनोज कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को रांची में टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड, रांची आंचलिक कार्यालय और अंचल की प्रमुख शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक ने कहा कि किसी भी प्रदेश व समाज के विकास में बैंक मजबूत स्तंभ की भूमिका निभाते हैं। झारखंड राज्य में विकास की असीम संभावनाएं हैं। राज्य का अग्रणी बैंक होने के नाते हमारा दायित्व बनता है कि राज्य के किसान, श्रमिक, उद्यमी, महिलाओं तथा हर वर्ग के लोगों को वित्त पोषित कर राज्य के चौमुखी विकास में तथा तरक्की में बहुमूल्य योगदान करें। मनोज कुमार, महाप्रबंधक ने बताया कि त्योहारी सीजन में राज्य के सभी पांचों अंचल यथा रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद अंचल द्वारा एमएसएमई महा हंगामा ऋण शिविर के माध्यम से गांव-गांव जाकर लीड सृजन किया गया है। इसी तरह के शिविर भविष्य में भी आयोजन कर आम लोगों को बैंक से जोड़ा जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक, रांची अंचल, आयोजन श्री राजेश कुमार, सामान्य परिचालन एवं अनुराग वर्मा, विपणन और मंच संचालन राजेश यादव, प्रबंधक, राजभाषा द्वारा किया गया। मौके पर अनिल जाधव, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, सी गोपाल कृष्ण, उप महाप्रबंधक, अनुज अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक, अजित पोद्दार, सहायक महाप्रबंधक, नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक, सुनीत कुमार, उप आंचलिक प्रबंधक (व) समेत बड़ी संख्या में बैंक के स्टाफ उपस्थित थे।

### झारखंड एकेडमिक कॉउंसिल ने जारी किया वर्ग 1 से 8 तक का अर्द्धवार्षिक परीक्षा शेड्यूल

**रांची।** झारखंड एकेडमिक कॉउंसिल ने क्लास वन से लेकर आठ तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा 20 दिसंबर से 23 दिसंबर तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में चलेगी। परीक्षा के लिए दो घंटे का समय निर्धारित किया गया है। जानकारी के अनुसार क्लास वन की परीक्षा लिखित नहीं होगी, बच्चों से मौखिक सवाल जवाब पूछे जायेंगे। वहीं क्लास टू से आठ तक के बच्चों की परीक्षा लिखित होगी। जिसमें 3 भागों में प्रश्न होंगे। लिखित परीक्षा 60-60 अंकों की होगी। वहीं 40 अंक की इंटरनल परीक्षा होगी।




भारतीय रिजर्व बैंक,रांची कार्यालय के प्रांगण में गुरुवार को मॉक इवैकुएशन ड्रिल किया गया। अभ्यास प्रारंभ होने से पूर्व सर्वप्रथम प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने कर्मचारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर आग बुझाने से संबन्धित प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों ने सक्रियता से भाग लिया। अंत में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही यह अभ्यास समाप्त हुआ।

### मनोहरपुर : माओवादी बंदी का दिखा व्यापक असर

# नहीं चले लंबी दूरी के वाहन



यात्री परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का गुरुवार को एक दिवसीय बंद का असर मनोहरपुर व आनंदपुर प्रखंड में पूरी तरह से रहा। वहीं बंद के दौरान आवश्यक चीजों व रेल यात्री ट्रेनों का परिचालन छोड़कर दूरदराज क्षेत्रों एवं स्थानीय स्तर पर यात्री बस, टेंपो व मालवाहक वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप है. बंद का असर व्यापारिक प्रतिष्ठान दुकान, बैंक, पेट्रोल पंप आदि अन्य प्रतिष्ठान पर भी पड़ा है. इस बंद से मनोहरपुर आयरन ओर माइंस चिड़िया (सेल) के खदानों में भी लौह अयस्क की खुदाई व ढुलाई बाधित है. इससे सेल को लगभग दो करोड़ से अधिक का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा. माओवादी बंद से निपटने के लिए जिला पुलिस प्रशासन के जवान सतर्क हैं. साथ ही मनोहरपुर सर्किल अंतर्गत सभी पांच थाना क्षेत्र मनोहरपुर, आनंदपुर, जराईकेला, छोटानागरा व चिड़िया ओपी थाना के पुलिस अधिकारी व जवान विधि-व्यवस्था को लेकर चाकचौबंद हैं।

## फंदे पर लटका मिला जनवि की छात्रा का शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** जवाहर नवोदय विद्यालय बोकारो तेनुघाट, की एक छात्रा का शव बुधवार की शाम को हॉस्टल के बाथरूम में दुपट्टे से लटका मिला. आनन-फानन में उसे जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रबंधक द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट ले जाया गया, जहां डॉक्टर शम्भू कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया. डॉक्टर शंभू कुमार ने बताया कि लड़की को मृत अवस्था में ही लाया गया था. स्कूल के प्राचार्य बिपिन कुमार ने बताया कि कुछ छात्रों के द्वारा बताया गया कि एक लड़की हॉस्टल के बाथरूम में दुपट्टे से लटकी हुई है. सभी शिक्षक दौड़ कर गए तो देखा कि बाथरूम के खिड़की में दुपट्टा से फांसी लगाई हुई है. जिसे उतारकर अस्पताल ले जाया गया. अगस्त माह 2023 में उसका मिनी माइग्रेशन के तहत प्लस टू साइंस में नामांकन हुआ था. जो बिहार के अरवल जवाहर नवोदय विद्यालय से मिनी माइग्रेशन के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट में आई थी. वह सिकरिया गांव पालीगंज प्रखंड जिला पटना बिहार की रहने वाली है. उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है. हॉस्टल के कैप्टन ने बताई कि शाम सवा पांच बजे एसेम्बली में गिनती के दौरान एक लड़की कम थी, खोजबीन करने के लिये गए तो देखा कि वह बाथरूम में फांसी से झूल रही है. उन्होंने नर्स मैडम पूनम लकड़ा, अंजू पांडेय सहित अन्य शिक्षक को घटना की जानकारी दी.

### आपसी विवाद में चाकूबाजी, तीन महिला समेत पांच जख्मी

**बोकारो।** चास थाना क्षेत्र के मछली पट्टी में हुई रिश्तेदारों के बीच किसी बात को लेकर विवाद में चाकूबाजी हो गई. घटना में तीन महिला समेत पांच लोग जख्मी हो गए हैं, जिन्हे इलाज के लिए बोकारो के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जख्मी हुए लोगो के मुताबिक उत्तमचंद्र एवं उसके बेटा सौरभ कुमार ने घटना को अंजाम दिया है. हुई मारपीट में तीन तथा चाकूबाजी में दो लोग घायल हुए हैं. सभी जख्मियों को पुलिस ने जख्म प्रतिवेदन देकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा है. इस बाबत जानकारी देते हुए जख्मियों ने बताया कि अक्रोशित लोग धारदार हथियारों से लैस होकर आए थे, तथा सीधे हमलावर हो गए. घटना में घायल लोग भय एवं आतंक के साए में है.

## गिरिडीह : ऑनलाइन ठगी करते तीन साइबर अपराधी रंगे हाथ पकड़ाये

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** खाताधारकों के खाते से लाखों रुपए का चपत लगाने वाले तीन साइबर अपराधियों को गिरिडीह के ताराटांड थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संगिया पहाड़ी से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के दिशा निर्देश पर किया है. मामले की जामकारी देते हुए गिरिडीह पुलिस कप्तान ने बताया कि तीनों साइबर अपराधी छुप कर लोगों से ऑनलाइन ठगी का काम कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों अपराधियों को रंगे हाथ पकड़ लिया. गिरफ्तार अपराधियो में राजेश कुमार मंडल (19 वर्ष), अर्जुन कुमार मंडल (21 वर्ष) और सुभाष मंडल (19 वर्ष) शामिल है। इनमें से दो गिरिडीह और एक धनबाद के रहने वाले है. बताया गया कि जब से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने पुलिस कप्तान की कमान गिरिडीह जिले में संभाली है, तब से 64 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और 163 मोबाइल फोन को जब्त किया गया है. साइबर अपराधियों में खौफ इस प्रकार फैला है कि गिरिडीह जिला छोड़कर साइबर अपराधी दूसरे जिले में पनाह लेने को मजबूर हो रहे हैं।



### कसमार की सिंहपुर पंचायत का मामला

## राजस्व कर्मचारी ने घूस मांगी तो बेटी नाती के साथ धरना पर बैठा पीड़ित



● **विधायक व नोडल अधिकारी से हाथ जोड़कर माफी मांगता राजस्व कर्मचारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** कसमार अंचल कार्यालय के राजस्व उप निरीक्षक सुभाष चंद्र कुमार को एक गरीब से घूस मांगना महंगा पड़ गया. सिंहपुर पंचायत के गोरियाकुदर निवासी महेश महतो गुरुवार को कसमार प्रखंड के सिंहपुर में आयोजित प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम में अपनी बेटी व नाती के साथ जब अचानक धरना पर बैठ गए, तो वहां मौजूद गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व अधिकारियों की नजर पीड़ित परिवार पर पड़ी. धरना पर बैठे सभी सदस्य हाथों में 'हमें न्याय चाहिए', 'घूसखोर राजस्व कर्मचारी को बर्खास्त करो' लिखी तख्तियां लिए हुए थे. जानकारी मिलते ही विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिला नोडल पदाधिकारी मनीषा वत्स व अन्य अधिकारी परिजनां के पास पहुंचे और मामले की पूरी जानकारी ली. पीड़ित महेश महतो ने बताया कि उनका कोई पुत्र नहीं है. वह अपनी एकलौती पुत्री रीता कुमारी, जिसकी शादी कुछ वर्षों पहले बंगाल के बोकोद के निकट हो चुकी है, को अपने हिस्से की कुछ जमीन रजिस्ट्री कराना चाहते हैं. इसके लिए उन्होंने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर अनुमति पत्र मांगा था. राजस्व कर्मचारी सुभाष कुमार महतो ने इसके लिए 14 हजार रुपए की मांग की. उन्होंने उसे दो हजार रुपए दे दिए. बाकी 12 हजार रुपए नहीं देने की वहज से उन्हें अभी तक अनुमति पत्र नहीं मिला है.

### हजारीबाग : वन्यजीव प्रबंधन योजना के लिए एनटीपीसी ने 21 करोड़ का सौंपा चेक

**हजारीबाग।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने वन्यजीव प्रबंधन योजना के अनुरूप 21,78,58,322 रुपये की दूसरी किश्त जमा की है. इससे पहले वर्ष 2021 में कंपनी ने वन्यजीव प्रबंधन के लिए 24,46,62,678 रुपये जमा किए थे. इस अवसर पर एनटीपीसी परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब, चट्टी बरियातु परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक सतीश चंद्र राय एवं जिला वन पदाधिकारी शबा आलम अंसारी को चेंक सौंपा. अब तक चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के लिए अनुमोदित वन्यजीव प्रबंधन योजना के अनुसार 46,25,21,000 रुपये एनटीपीसी ने जमा कर दिए हैं. जमा की गई राशि का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों जैसे जैव विविधता संवर्धन, वन संरक्षण, वन्यजीव संवर्धन, आग की रोकथाम और आवास की सुरक्षा के लिए किया जाएगा. यह राशि वन्यजीव संरक्षण योजना के कार्यान्वयन, निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए वन विभाग की क्षमता निर्माण में भी मदद करेगी. इस राशि का उपयोग औषधीय पौधों को बढ़ावा देने और लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए भी किया जाएगा.

### श्री रामडीह और कैलाढाब में जागरूकता रथ के माध्यम से योजनाओं की दी गई जानकारी

**गिरिडीह।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार गिरिडीह जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी कड़ी में आज गिरिडीह प्रखंड के पिंडाताड़ और परसाताड़ व धनवार प्रखंड के श्री रामडीह और कैलाढाब में जागरूकता रथ के माध्यम से सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी जा रही है। इसके अलावा कार्यक्रम के तहत आमजनों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, जन धन योजना, वन धन योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, स्किल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, फसल बीमा योजना, पीएम कृषि सम्मान निधि योजना, जल जीवन मिशन, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, गरीब कल्याण योजना, खेलो इंडिया, नैनो फटीर्लाईजर, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, पोषण अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जन औषधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, स्वायल हैल्थ कार्ड योजना, पीएम स्वनिधि योजना, सौभाग्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय अन्न योजना व अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा इसके लाभ के बारे में बताया गया।

### महुदा की पाथरगड़िया में पानी के लिए महिलाओं ने पीएचईडी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**धनबाद।** महुदा की पाथरगड़िया ग्रामीण जलापूर्ति योजना पर सरकार ने करीब 14 करोड़ रुपए खर्च किए. इसके बावजूद क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है. लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. पेयजल संकट से पारजोरिया के ग्रामीण परेशान हैं. नाराज महिलाओं ने गुरुवार को पेयजल विभाग के खिलाफ गैलन-बर्तन लेकर प्रदर्शन किया. विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की. आक्रोशित महिलाओं ने समस्या का समाधान जल्द नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी. महिलाओं का कहना है जब से जलापूर्ति योजना की पाइपलाइन बिछाई गई है, एक बार भी नियमित रूप पानी नहीं मिला है. इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई. इसके बावजूद समस्या जस की तस है. जलापूर्ति योजना पर सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए हैं, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण गांव के लोग पानी की समस्या से परेशान हैं. समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो महिलाएं सड़क पर उतरकर अंदोलन करेंगी. इधर मामले को लेकर पीएचईडी के कनीय अभियंता मोहन मंडल से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि कुछ ग्रामीण पाइपलाइन बिछाने में बाधा पहुंचा रहे हैं. उनसे बातचीत चल रही है. जल्द ही समास्या का समाधान कर लिया जाएगा. प्रदर्शन में सुषमा देवी, चिंता देवी, पार्वती देवी, धनेश्वरी देवी, गीता देवी आदि ग्रामीण शामिल थे।

### जमशेदपुर में बुजुर्ग मतदाताओं को घर पर ही वोट डालने की सुविधा देने की तैयारी

**जमशेदपुर।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जमशेदपुर में वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की और उनके वोटर कार्ड से संबंधित जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने बुजुर्ग मतदाताओं को गुलाब और शॉल देकर सम्मानित भी किया. उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिकों के घरों में जाकर उनका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है. जो बुजुर्ग मतदाता पोलिंग बूथ में जाकर वोट देने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए घर पर ही वोट डालने की व्यवस्था की जा रही है. कहा कि देश के निर्माण में प्रत्येक वोट का महत्व है. सभी मतदाताओं को वोट जरूर देना चाहिए. आने वाले मार्च के महीने में निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी बुजुर्ग मतदाताओं से दोबारा मिलने आएंगे और अगर वे घर या पोलिंग बूथ में जाकर वोट डालने के लिए इच्छुक होंगे तो उसकी व्यवस्था की जाएगी. इस मौके पर पूर्वी सिंहभूम के जिला स्तरीय निर्वाचन पदाधिकारियों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से सीनियर वोटर्स वाइस से संबंधित कॉफी मग का अनावरण कराया, साथ ही वरिष्ठ मतदाताओं के जागरूकता के लिए सेल्फी जोन की भी व्यवस्था की. इस दौरान पूर्वी सिंहभूम जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार, जमशेदपुर ईस्ट के ईआरओ पीयूष सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, एईआरओ सुदीप्त राज और जिला स्तरीय निर्वाचन पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

## एक नजर

### सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के नए महाप्रबंधक बने के. रामाकृष्णा

**बोकारो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के नए महाप्रबंधक के. रामाकृष्णा ने गुरुवार को क्षेत्रीय कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया. इस दौरान वहां मौजूद निवर्तमान महाप्रबंधक एम.के. राव ने उनका पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया. इसके बाद हैंड ओवर, टेक ओवर की विभागीय प्रक्रिया पूरी की गई. नए महाप्रबंधक के. रामाकृष्णा ने कहा कि एक टीम वर्क के तहत क्षेत्र के मजदूरों, अधिकारियों, श्रमिक प्रतिनिधियों एवं विस्थापितों को एक साथ लेकर बेहतर उत्पादन एवं डिस्पैच कार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता है. बीएंडके क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए सभी के साथ मिलकर सार्थक प्रयास किया जाएगा.

### तोपचांची में बिरहोरों को बांटा कंबल

**धनबाद।** बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रशासन की ओर से गुरुवार को तोपचांची प्रखंड की दुमदुमी पंचायत के चलकरी गांव में बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया. दर्जनों बिरहोर इससे लाभान्वित हुए. तोपचांची अंचलाधिकारी संजय कुमार सिंह व बीडीओ फणीश्वर रजवार ने उन्हें कंबल सौंपा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, पंचायत समिति सदस्य सरीता देवी, महेन्द्र प्रसाद, दयानंद प्रमाणिक, महावीर महतो समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आउटसोर्सिंग कंपनी का डंपिंग कार्य रोका

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के कुजामा में एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग में 3 माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज आउटसोर्स कर्मी ने गुरुवार को जमकर हंगामा किया. कर्मी बिट्टू मंडल ने ओबी डंपिंग कार्य रोक दिया. बिट्टू मंडल का कहना है कि पिछले 3 महीने से कंपनी ने उसे वेतन नहीं दिया है. वेतन मांगने पर आजकल कह कर टाल- मटोल किया जा रहा है. उसे अपनी मामी के श्राद्धकर्म में भाग लेने पश्चिम बंगाल के आसनसोल जाना है , लेकिन उसके पास पैसे नहीं हैं. इससे परेशान होकर वह गुरुवार की सुबह लिलोरी पथरा स्थित कंपनी के ओबी डंपिंग स्थान पर पहुंचा और कार्य ठप करा दिया।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान

## धनबाद : पॉलिटेक्निक रोड में 12 अवैध दुकानें ध्वस्त



**नवीनमेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम की टीम ने गुरुवार को पॉलिटेक्निक रोड में चंद्रशेखर आजाद चौक से कार्मेल स्कूल मोड़ तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान सड़क का अतिक्रमण कर बनीं 12 स्थाई दुकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया. टीम ने झारूडीह में बगैर नक्शा के हो बन रहे भवन का निर्माण कार्य रोक दिया और सड़क पर जमा गिट्टी, बालू, ईंट को जल्द हटाने की चेतावनी दी. साथ ही एक अपार्टमेंट के निर्माणकर्ता को भी नोटिस दिया गया है. अभियान का नेतृत्व कर रहीं सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू ने सड़क पर अतिक्रमण और बिना नक्शा के बन रहे भवन की शिकायत निगम को मिली थी. इसी के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है. सड़क किनारे फल, सब्जी, अंडा, मुर्गा आदि की दुकानें लगी थीं. साथ 5 गुमटियां भी खड़ी की गई थीं. सभी को हटा दिया गया है. वहीं, झारूडीह में एक अपार्टमेंट में गड़बड़ी की शिकायत मिली है. दोनों भवनों के निर्माणकर्ता को नोटिस भेजकर कागजात के साथ निगम बुलाया गया है. कागजात सही नहीं मिलने पर आगे की करवाई की जाएगी. अभियान में जेई महेश भगत, सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार, सुपरवाइजर चिंटू कुमार आदि शामिल थे.

### आदित्यपुर के होटल में मिला रामगढ़ के युवक का शव

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित होटल शुभेच्छा के कमरा नंबर 103 से गुरुवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया. मृतक की पहचान रामगढ़ जिले के बड़गांव निवासी 27 वर्षीय शुभम जायसवाल के रूप में की गई है. शुभम कुछ दिनों पूर्व ही अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए जमशेदपुर आया था. वह आदित्यपुर के होटल शुभेच्छा के कमरा नंबर 103 में ठहरा हुआ था. दोस्तों ने घटना की जानकारी शुभम के परिजनों को दे दी है. सूचना पाकर शुभम के परिजन रामगढ़ से जमशेदपुर के लिए रवाना हो चुके हैं. शुभम रामगढ़ में कोयला कारोबारी था.शुभम के दोस्तों ने बताया कि रात को राम, विक्की और मिहुल ने शराब पी. उसके बाद सभी अपने-अपने कमरे में चले गए. सुबह 4 बजे मिहुल, शुभम से मिलकर भी आया था. सुबह 10 बजे सभी उसे जगाने के लिए कमरे में पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था. काफी देर तक कमरे का दरवाजा बंद रहने पर दरवाजे को तोड़ा गया. कमरे में शुभम बेड पर अचेत अवस्था में लेटा हुआ था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था. उसे तत्काल एम्बुलेंस से टीएमएच ले जाया गया।

## कर्मचारी खदानों में सुरक्षा नियमों का पालन करें : जीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** सीसीएल के ढोरी स्थित चपरी गेस्ट हाउस में गुरुवार को द्विपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक हुई. जीएम एमके अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यूनियन नेताओं ने खदानों में सुरक्षा पर सवाल उठाए. जीएम ने कहा कि सीसीएल अपने कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सतत उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध है. खदानों में सुरक्षा से संबंधित नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है. इसमें डीजीएमएस के निर्देशों का पूरा पालन हो रहा है. कार्य के दौरान सभी अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षित कार्यशैली अपनाएं. बैठक में उपस्थित यूनियन के सदस्यों ने कहा कि हेलमेट के बिना ही मजदूर खदानों में काम कर रहे हैं. खदानों में प्रॉपर बेंच की कमी से कामगार खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं. पर्याप्त लाइट की सुविधा तक नहीं है. शौचालय और पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है. समुचित सुरक्षा नहीं होने से कोयला चोरों का आतंक रहता है. प्रबंधन माइनिंग स्टाफ की कमी को जल्द पूरा करे. अंडर ग्राउंड खदानों में सुरक्षा साम्रगी उपलब्ध कराएं. कार्यक्रम का संचालन एरिया सेफ्टी ऑफि सर गोपाल सिंह मीणा ने किया. मौके पर एसओपी प्रतुल कुमार, पीओ केआर सत्यार्थी, शैलेश प्रसाद, रंजीत कुमार, एसओ इएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ एक्सयू के पासवान, एसओसी उज्जवल कुमार, सीएमओ डॉक्टर अरविंद कुमार, एएफएम राजीव रंजन, यूनियन प्रतिनिधियों में घीरज पांडेय, पवन सिंह, बिगन सोनी, राजू भूखिया, महारुद्र सिंह, हीरालाल रविदास, बैजनाथ महतो आदि उपस्थित थे.

दिशा-निर्देश

### जमशेदपुर पुलिस केंद्र में आम सभा का आयोजन

# बेहतर कार्य के लिए तीन पुलिसकर्मी सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित पुलिस केंद्र में गुरुवार को आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एएसपी लॉ एंड ऑर्डर सुमित अग्रवाल और डीएसपी सीसीआर अनिमेष गुप्ता समेत जिले से सभी थानेदार, एसआई और एएसआई मौजूद रहे. सभा में एसएसपी किशोर कौशल ने सभी पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुना और उसके निदान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश भी दिए. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इस सभा के माध्यम से पुलिस कर्मियों को होने वाली परेशानी से मुक्त करना है. उन्होंने बताया कि पुलिस केंद्र में सबसे बड़ी समस्या सीवरेज की है जिसे जल्द ही ठीक करा लिया जाएगा. वहीं विभाग में कई कर्मी ऐसे है जो कई बीमारियों के शिकार हो जाते है. इसके लिए जल्द ही समय-समय में मेडिकल चेकअप कैंप लगाया जाएगा. इस कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले तीन पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया गया. जिसमें सोनारी थाना की एसआई सुशीला केसरी, बिष्टुपुर थाना के एएसआई गोपाल पांडेय और बागबेड़ा थाना की एएसआई ममता कुमारी शामिल है. एसआई सुशीला ने चोरी के एक मामले में 24 घंटे में चार्जशीट दाखिल किया जबकि बिष्टुपुर थाना के एएसआई गोपाल पांडेय ने चोरी के एक मामले में 12 घंटे में ही चार्जशीट दाखिल कर दिया. इसके अलावा बागबेड़ा थाना की एसएसआई ममता कुमारी ने मानव तस्करी के एक मामले में आरोपियों को गुजरात के गिरफ्तार किया था. एसएसपी ने सभी सम्मानित करते हुए इसी तरह बेहतार कार्य करने के लिए प्रेरित किया. इसके अलावा दो पुलिस कर्मी सेवानिवृत भी हुए है।



### हजारीबाग आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का 5वां दिन

# आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान के पांचवे दिन भी लोगों का उत्साह जारी रहा। बरकट्ठा प्रखण्ड के गयपहाड़ी, बरही प्रखण्ड के करसो, बड़कागॉव प्रखण्ड के बड़कागांव पूर्वी, केरेडारी प्रखण्ड के बारियातु, कटकमसाण्डी प्रखण्ड के पेलावल उत्तरी, विष्णुगढ़ प्रखण्ड के अचलजामो, सदर हजारीबाग प्रखण्ड के पौता, डाड़ी प्रखण्ड के कनकी, चौपारण प्रखंड के चैथी, चुरचू प्रखण्ड के चुरचू पंचायत में शिविर लगाकर आमजनों को योजनाओं से जोड़ा गया। अबतक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं के कुल 37898 आवेदन प्राप्त किये गये हैं जिनमें 7267आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया है। वहीं 90 आवेदिन निरस्त



करते हुए शेष को प्रक्रियाधीन किया गया है। आयोजित शिविरों में अबतक अबुआ आवास के 21825 आवेदन, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 1257, सर्वजन पेंशन के 973, मुख्यमंत्री पशुधन के 784, बिरसा सिंचाई कूप संर्वधन योजना के 246, गुरुजी क्रेडिट योजना के 385, लगान रसीद के 336, केसीसी- 336, भूमि म्यूटेशन के 101 सहित कई अन्य योजनाओं के आवेदन ग्रामीणों द्वारा विभागीय स्टॉलों पर समर्पित किये गये। वहीं 204 लोगों के आधार निबंधन एवं सुधार ऑन द स्पॉट किया गया। इन शिविरों के दौरान अबतक 3258 कंबल जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया। साथ ही 2976 लाभुकों को योजना के तहत धोती - साड़ी का वितरण किया गया। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच सहित मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया।

#### आज इन स्थानों पर लगेगा शिविर

आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत 1 दिसंबर को भी शिविर लगेंगे। जिनमें बरकट्ठा प्रखण्ड के सलैया, बरही प्रखण्ड के केदारूत, बड़कागॉव प्रखण्ड के कांडतरी, केरेडारी प्रखण्ड के हेवई, कटकमसाण्डी प्रखण्ड के डांटोखुर्द, विष्णुगढ़ प्रखण्ड के सारूकुदर, सदर हजारीबाग प्रखण्ड के सिन्दूर, चौपारण प्रखण्ड के चौपारण पंचायत में तथा नगर निगम क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 14 एवं 17 के लिए आनंदा स्कूल में शिविर लगाकर आमजनों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

### पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन

# हर भाजपा कार्यकर्ता का मूल सिद्धांत राष्ट्र सर्वोपरि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भाजपा झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार गुरुवार को 11:00 बजे रामगढ़ व बोकारो-जिला के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित सभी भाजपा समर्थित 'पंचायत समिति सदस्यों' का जिला कार्यालय रामगढ़ के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष और विधायक अमर कुमार बाउरी तथा सभी उपस्थित पदाधिकारी के उपस्थिति में पार्टी ध्वज का झंडोत्तोलन हुआ। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर सत्र का उद्घाटन किया गया। अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर रामगढ़ जिला पदाधिकारी द्वारा मंचासीन अतिथियों को सम्मानित




किया गया। उद्घाटन भाजपा विधायक दल के नेता एंव चंदनक्यारी विधायक अमर बाउरी द्वारा किया गया। कार्यशाला में उपस्थित पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से हम कुछ न कुछ सीखते है। उन्होंने पार्टी के इतिहास, सिद्धांत, भागीदारी, जनाधार और संगठन विस्तार पर व्यापक चर्चा करते हुए कहा कि आज हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल बने । हमारा सिद्धांत राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ आगे बढ़ते रहे हैं। उन्होंने पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आप पंचायत समिति सदस्य के रूप में जनता के निकट है और भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक उद्देश्य को बतलाने का काम बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने श्री राम मंदिर, धारा 370 और 35 ए का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत विश्व का पांचवां आर्थिक शक्ति के रूप में पहचान बनाया है।

## एक नजर

### कल स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन

**बरही।** 2 दिसंबर विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर रामनारायण यादव महाविद्यालय में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन होगा। जिसके मुख्य अतिथि बरही अनुमंडलाधिकारी पूनम कुजूर और विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ नाजिर अख्तर होंगे. एसआरसी प्रारंभ हो जाने से महाविद्यालय के विद्यार्थी सीएससी की डिजिटल सेवाओ का लाभ ले पाएंगे. अब विद्यार्थियों को ऑनलाइन कार्य अत्यधिक राशि देकर बाहर से करवाना नहीं पड़ेगा. इसके लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना ई - गवर्नेंस के तहत एसआरसी सेंटर में ही उपलब्ध होंगे. इसकी संचालन की जिम्मेवारी सीएससी ने बरही के प्रतिष्ठित और सबसे पुराने कंप्यूटर इंस्टीच्यूट सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक सह मुख्य प्रशिक्षक जयदीप कुमार सिन्हा को दिया है. संचालक सिन्हा ने बताया कि सीएससी के निर्देशानुसार निर्धारित शुल्क पर सभी कार्य किए जायेंगे. यह प्रतिदिन महाविद्यालय अवधि में संचालित होगा।

### घटिया निर्माण के लिए डीसी से की शिकायत



**बरकट्ठा।** जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया पाण्डेय ने नेशनल हाइवे बरकट्ठा, हजारीबाग में सिक्स लेन रोड़ में घटिया तरीके से निर्माण किये जाने को ले कर मोबाइल से उपायुक्त हजारीबाग तथा एनएचएआई अधिकारी से शिकायत की। कहा कि निर्माण कार्य में अगर सुधार नहीं हुई तो जल्द ही मैं एवं सैकड़ों ग्रामीण इस मामले को लेकर आंदोलन करेंगे।

### उमवि. पड़रिया में पोशाक का वितरण

**बरही।** मलकोको पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया में 78 छात्राओं के बीच पोशाक, जूता और स्वेटर का वितरण किया गया. वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रभारी कुलदीप सिंह ने किया. मुख्य अतिथि ने उपस्थित बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने की बात कही. कार्यक्रम में शिक्षक राजीव प्रसाद, शिक्षिका यशोदा कुमारी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण महतो वार्ड सदस्य उमर महतो सहित प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल थे।

### जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित

**हजारीबाग।** डे एनआर एलएम के तहत सभी कार्यक्रमों के साथ जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध कार्यक्रम जेएसएलपीएस के द्वारा पूरे राज्य में शुरू किया गया है, सभी संकुल संगठन द्वारा जेंडर आधारित हिंसा को एक चिंता के रूप में उठाया गया है जो महिलाओं के जीवन और गतिशीलता को बुरी तरह प्रभावित करता है इसी मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए और जेंडर पर काम को गति देने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान शुरू कुया गया है। यह अभियान दिनांक 25 नवंबर से 22 दिसंबर तक चलाया जाएगा।

# बालू लदे ट्रैक्टर ने दो मजदूरों को कुचला, एक की मौत, एक गंभीर

### विधायक-पूर्व विधायक ने आश्रित परिजन के लिए की मुआवजे की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के पंचायत बरकनगांगो के ग्राम छुतहरी कटिया के दो मजदूर मजदुरी कर घर लौट रहे थे। उसी क्रम में एक बालू लदा ट्रैक्टर ने दोनों मजदूरों को अपने चपेट में ले लिया।जिससे कटिया निवासी पुरन सिंह पिता झरी सिंह 55 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मुंशी यादव पिता लालधारी यादव 57 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक बुधवार को दोनों मजदूर चुगलामो से काम कर अपने घर छुतहरी कटिया लौट रहे थे तो सिमरिया जंगल के समीप संध्या छह बजे के लगभग एक बालू लदा ट्रैक्टर जो लाइट बंद कर चल रहा था ने दोनों को अपने चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को दौड़ाकर लालोडीह चौक के पास पकड़ा, वहीं अंधेरे का फायदा उठाते हुए चालक फरार हो गया।



सूचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले आई। इस बाबत मृतक के पुत्र चितरंजन सिंह के आवेदन पर पुलिस ने बरकट्ठा थाना कांड संख्या 224/23 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कारवाई करने में जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही विधायक अमित कुमार यादव घायल मुंशी यादव से मिलने आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग पहुंचे। साथ पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने ग्रामीणों की उपस्थिति में जिला प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की। ज्ञात हो कि मृतक पुरन सिंह अपने पीछे चार पुत्र, पुत्री व अपनी पत्नी छोड़ गये इस हादसे से पूरे गांव में मातम पसर गया। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बेलकपी अर्जुन राणा आदि उपस्थित थे।

# अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 70 मरीजों को लिया गोद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए हुए 70 टीबी मरीजों के बीच गुरुवार को छठे चरण का पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत इन मरीजों को निःशुल्क पोषक आहार प्रदान किए गए. इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के क्षेत्र में कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय और प्रेरक है. उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है. एम्बुलेंस सुविधा के लिए ईंधन तक मरीजों से नहीं लिया जाता है और उन्हें त्वरित गति से हजारीबाग भेजने की व्यवस्था की

#### 'लाइलाज नहीं है टीबी की बीमारी, समय पर करवाएं उपचार'

जाती है. डॉ कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पर्यावरण दिवस के अवसर पर अदाणी फॉउंडेशन की ओर से लगाए गए पौधे भी अब पेड़ का शक्ल लेने लगे हैं, जिससे परिसर में हरियाली बढ़ गयी है. मौके पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नवीन कुमार ने टीबी मरीजों के लिए अदाणी फॉउंडेशन की ओर से किए जा रहे इस नेक पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि दो चरणों के बाद भी नए मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ प्रदान किया जाएगा, ऐसी उम्मीद है. पहले चरण के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने 60 टीबी के मरीजों को गोद लिया था, जो अब स्वस्थ हो चुके हैं. दूसरे चरण के तहत 70 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किए गए हैं।

### विधायक ने मिनी जलमीनार का किया उद्घाटन



**रजरप्पा।** नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत नागरिक सुविधा मद से रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 बरधर्वा टोला, कैथा वार्ड नंबर 27 तथा हुहूआ वार्ड नंबर 21 में मिनी जलमीनार का उदघाटन मौजूद बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शीलापट्ट अनावरण कर विधिवत रूप से किया. मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि इस जलमीनार निर्माण से आसपास के लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी. साथ ही पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। साथ ही लंबे अर्से से लोगों को पेयजल की समस्या का समाधान हो गया. इस उदघाटन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष युगेश बेदिया, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, पूर्व पार्षद ललिता देवी, आजसू पार्टी नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, सचिव राजेंद्र महतो उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी व शिबू सोरेन से मिले भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्य





**बरकट्ठा।** भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मिलकर क्षेत्र की समस्यायों से अवगत कराया। लोगों ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत के ग्राम लगनवां अंतर्गत टोला झंड़वाटांड में डोडो आहार एवं काटबे आहार के पास पुल निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी समस्या झेलनी पड़ती है। बरसात के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। साथ ही बेलकपी पंचायत के सूर्यकुंड के पास नदी में पुल नहीं होने से ज्वार पहाड़पुर के पॉच हजार आदिवासी समाज के लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। वहीं सदस्यों ने राज्य सभा सांसद शिबू सोरेन से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और सरना धर्म कोड़ को लेकर चर्चा की। सदस्यों ने विद्यालयों में संथाली भाषा का ज्ञान बच्चों के पाठक्रम में शामिल कराने का आग्रह किया।समस्यायों को अवगत कराने में भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू,बालेश्वर बास्के, प्रभु मरांडी, सहदेव मरांडी,मणिलाल सोरेन, दिनेश मरांडी समेत आदि लोग शामिल थे।

# आप को जनता के प्रति भाव को जागने का काम करें : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला भाजपा समर्थित पंचायत समिति सदस्यों की कार्यशाला पदमा- प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री सह हजारीबाग जिला प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह, सदर विधायक मनीष जायसवाल , मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ,बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित थे। उद्घाटन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा जिला कोषाध्यक्ष विनोद भगत द्वारा वंदे मातरम गीत एवं अभ्यास वर्ग गीत गाकर किया गया। मौके पर सहाय ने कहा कि व्यक्ति के अपने जीवन में जो घटनाएं घटती है उसी से जीवन में सीख लेनी चाहिए। द्वितीय सत्र प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सत्ता हमारे लिए सेवा का माध्यम है ना की सुख भोगने का साधन। सभी चयनित पंचायत समिति सदस्य लगभग 5 हजार जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं उन्हें चाहिए कि अपने विचार ,व्यवहार ,आचार से उनके दिल में जगह बनाएं। समापन सत्र में सदर विधायक मनीष जायसवाल ने पंचायत समिति सदस्य के कार्य एवं अधिकारों के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि सकारात्मक रूप से जनता के प्रति काम करते रहे।अपने आप को जनता के प्रति भाव को जागने का काम करें तभी आप उनके दिलों में स्थान बना सकते हैं। कार्यशाला में धनबाद ज्ञापन बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रमेश यादव, भुवनेश्वर पटेल, मोतीलाल चौधरी आदि उपस्थित थे।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों के प्रगति एवं अनुश्रवण के लिए बैठक

# वोटरों के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करें : आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** अनुमंडल कार्यालय सभाकक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा की अध्यक्षता में गुरुवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों के प्रगति एवं अनुसरण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेषक उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल हजारीबाग को उपविकास आयुक्त रोबिन टोप्पो एवं अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट ने पुष्पगुच्छ देकर रामगढ़ जिले में स्वागत किया। तत्पश्चात जिला प्रशासन द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले बूथों एवं मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत चल रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान किस्पोट्टा ने उपस्थित सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को उनके क्षेत्र में 01/01/2024 एवं 01/10/2024 को 18 वर्ष आयु की अहर्ता पूर्ण करने वाले युवाओं के लिए शिविर आयोजित करते हुए मतदाता सूची में उनका नाम जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने होमलेस वोटर्स, दिव्यांग वोटर्स, 80$ वोटर्स, ट्रांसजेंडर वोटर्स का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने ऑफलाइन प्राप्त प्रपत्रों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ मृत एवं विस्थापित वोटरों के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का भी निर्देश दिया।

### कमल बगड़िया ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के लिए 'घर घर दीप जलायेंगे' गीत किया लांच



**रामगढ़।** प्रसिद्ध समाजसेवी एम भजन गायक कमल बगड़िया ने 30 नवंबर को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने घर घर दीप जलायेंगे गीत का लोकार्पण किया। श्री बगड़िया ने बताया की आगामी वर्ष अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की स्थापाना होगी। बताया की उसी को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने इस गीत को तैयार किया है। कहा की सैकड़ों वर्षों को अथक प्रयास के बाद जब अगले वर्ष अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण का ऐतिहासिक कार्य पूरा होगा उस समय भक्तों को इस गीत के माध्यम से आनंद में गोता लगाने का मौका मिलेगा। चिंटू मिश्रा ने अपने संगीत से इसे सजाया है। ध्रुव सिंह, प्रिया एवं चंदन ने कोरस किया है। बताया की इस गीत को यू टयूब चैनल पर कमल बगड़िया चैनल में लोग सुन सकते हैं। गीत के जारी होते ही हजारों की संख्या में श्रोताओं ने इसे लायक किया है। गायक कमल बगड़िया ने कहा की राम भक्तों के हृदय के तारों को यह गीत झंकृत करने का कार्य करेगा।

## जनता दरबार — आपके द्वार के तहत एसडीओ ने किया स्टॉलों का निरीक्षण, कहा

# ग्रामीण शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत करसो पंचायत के जनता दरबार में कुल 19 विभागों का स्टॉल लगाया गया. जिसका शुभारंभ बीडीओ सी आर इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, प्रमुख मनोज रजक, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, स्थानीय मुखिया उषा राम आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. मौके पर पहुंची एसडीओ पूनम कुजूर ने शिविर में लगे स्टॉल का निरीक्षण किया. साथ ही अबुआ आवास के अलावा अन्य योजनाओं में लोगो की कम रुचि पर चिंता व्यक्त किया. शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके ही द्वार तक



सरकारी सुविधा उपलब्ध करवाना है. जनता राज्य सरकार के कार्यक्रमों की जानकारी ले और अधिकाधिक लाभ उठाए. इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदीयों के बीच यूजिक कार्ड, बीपीएल कार्डधारियो के बीच कंबल, धोती साड़ी का भी वितरण किया. शिविर में मनरेगा, बाल विकास, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, जेएसएलपीएस, राजस्व, वन, विद्युत, निर्वाचन, आवास, सर्वधन पेंशन आदि सहित कुल 19 स्टॉल लगाए गए थे. सर्वाधिक भीड़ अबुआ आवास को लेकर लगी थी. जिसके कारण जॉब कार्ड बनाने के लिए होड़ उमड़ पड़ी थी. गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना में भी कुछ विद्यार्थियों नेरुचि दिखाई. अन्य स्टॉल पर इक्के दुक्के लोग देखने को मिले. कार्यक्रम में अतिथियोंका स्वागत जेएसएलपीस की दीदीओ ने बीपीएम दीपक कुमार के निर्देशन में किया. जिसका संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया. शिविर में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार सिंह, बीसीओ संजय यादव, सीआई सतीश कुमार सिन्हा, बीपीआरओ सावना मांझी, मनरेगा के मो प्रवेज, केके भारती, सामंत, मो इम्तियाज, पंकज कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत कुमार, मोहन मिर्धा, सागर कुमार आदि सहित कई प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे.

### युवा वैश्य महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अमित साहू ने नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी से की मुलाकात



**रामगढ़।** युवा वैश्य महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अमित साहू ने झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बऊरी से मिलकर पुष्प गुच्छ देकर उनका किया स्वागत। युवा वैश्य महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अमित साहू ने झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बऊरी से लगभग आधे घंटे तक महत्वपूर्ण वार्ता की एवं झारखंड की वर्तमान राजनीति पर चर्चा परिचर्चा भी किया। साहू ने नेता प्रतिपक्ष अमर बऊरी से झारखंड के वैश्य समाज के नेताओं को उचित मान सम्मान एवं समुचित राजनीतिक भागीदारी देने पर भी गहन विचार विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान श्री बऊरी ने अमित साहू को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में झारखंड की राजनीति में वैश्य समाज मिल का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर डुमरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप साहू भी उपस्थित थे।

### केंद्रीय विद्यालय में मना दादा-दादी, नाना-नानी दिवस, विधायक ने कहा

# ये समाज के अमूल्य धरोहर...

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी बोझ नहीं, समाज के अनुभवी स्तंभ हैं। ये समाज की अमूल्य विरासत हैं। वे सभ्य समाज का निर्माण करते है। हमारे बच्चों को अच्छी संस्कार देते हैं। बच्चे अपने दादा-दादी, नाना-नानी के साथ समय बिताएं। विधायक केन्द्रीय विद्यालय सिमडेगा में गुरुवार को आयोजित दादा-दादी, नाना-नानी दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत के साथ ही नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने



विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति से खूब तालियां बंटोरी। मौके पर विधायक ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय एवं बच्चों से बुजुर्गों को जोड़ने के लिए सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बुजुर्गों के प्रति सम्मान के भाव को नैतिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि सही मायने में दादा-दादी और नाना-नानी समाज के प्राण हैं। उन्हें अहमियत दिए जाने से पारिवारिक और सामाजिक संगठन मजबूत होता है। रिश्ते प्रगाढ़ होते हैं। उन्हें विरासत के रूप में संभाल कर रखना चाहिए। स्वागत भाषण प्राचार्या प्रफुलित लकड़ा ने दिया। उन्होंने अगंतुकों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद विधायक ने पौधरोपण भी किया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, शकील अहमद, अख्तर खान, शीतल एक्का सहित काफी संख्या में अभिभावक, शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

### 9 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी के लिए बैठक

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में प्रधान जिला जज सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09 दिसंबर की सफलता हेतु बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में वन विभाग, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग, परिवहन विभाग, खनन विभाग के पदाधिकारियों एवं न्यायिक पदाधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान जिला जज राजकमल मिश्र ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन कराया जाना सुनिश्चित करें। इसपर सभी विभाग के पदाधिकारियों ने सहमति व्यक्त की एवं कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में काफी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार आदि उपस्थित थे।

## सिमडेगा में भाकपा माओवादी बंद का मिलाजुला असर



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाकपा माओवादियों द्वारा बुलाए गए एक दिवसीय बिहार झारखंड बन्द का सिमडेगा में मिला-जुला असर देखने को मिला सिमडेगा शहर में सामान्य दिनों की भांति चहल-पहल का माहौल देखने को मिला सिमडेगा से उड़ीसा छत्तीसगढ़ रांची जाने वाली बसें सामान्य दिनों की तरह चलती रही। इसके अलावा बस स्टैंड में चहल-पहल का माहौल रहा, वहीं इसके अलावा सिमडेगा शहर का सभी दुकानें पूरी तरह से खुली रही साप्ताहिक बाजार में भी चहल-पहल देखने को मिला और सिमडेगा में मओवादियों द्वारा बुलाए गए एक दिवसीय बन्द का किसी प्रकार का कोई भी असर देखने को नहीं मिला,वही कुरडेग में बन्द का कोई भी असर देखने को नहीं मिला ।कुरडेग बस स्टैंड से निकलने वाले सभी बस यही चलती रही एवं प्रखंड मुख्यालय में सामान्य दिनों की भांति गतिविधियां होती रही और किसी प्रकार की कोई परेशान नहीं हुई ।इधर पुलिस भी लगातार बंद को ध्यान में रखते हुए लगातार क्षेत्र में गस्ती अभियान चलाती रही इधर केरसई में गुरुवार को व्यापक असर देखने मिला। सुबह 7:00 बजे दुकान खोलकर चहल-पहल माहौल रहने के बजाय पूरा सभी दुकानें बंद रही इसके अलावा सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। केरसई से उड़ीसा एवं सिमडेगा चलने वाली बस से नहीं चली। इधर पुलिस द्वारा सभी क्षेत्रों में बारीकी से नजर रखते हुए नजरे बनाए हुए थे। कुल मिलाकर केरसई में बन्द का पूरा असर देखने को मिला ।इधर बानो में भाकपा माओवादी द्वारा बुलाये गये झारखण्ड बंद का असर बानो में नही देखा गया ।सरकारी कार्यालय और दिनों की भांति खुले रहे परन्तु बसों नही चलने से कम भीड़ देखा गया ।बानो से होकर गुमला ,सिमडेगा, रांची ,मनोहर पुर, डाल्टनगंज आदि जगहों से चलने वाली बसें नही चली । लोगो को छोटे वाहनो में यात्रा करते देखा गया । कुल मिलाकर सिमडेगा में माओवादियों द्वारा बुलाया गया बैंड का मिला-जुला असर देखने को मिला।

### एक नजर

### ग्रिजली स्कूल में फैशन डिजाइनिंग पर वेबिनार

**कोडरमा।** तिलैया में स्थित ग्रिजली विद्यालय में फैशन डिजाइनिंग में करियर विषय पर वेबिनार हुआ. ये वेबिनार कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों के लिए किया गया. स्टूडेंट सर्विस सेल की ओर से आयोजित इस वेबिनार में मुख्य वक्ता शुभम प्रकाश थे. शुभम प्रकाश फैशन वर्ल्ड के दिग्गज और डिफ्यूज लाइफस्टाइल के मालिक हैं. इनके पास राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई में बतौर यूआई/यूएक्स डिजाइनर का पांच साल का अनुभव है. फैशन वर्ल्ड के अनुभव को उन्होंने छात्रों के बीच साझा किया. साथ ही छात्रों को बारीकियां भी सिखायी.

### कोडरमा घाटी में ट्रक पलटा, चालक और उपचालक गंभीर

**कोडरमा।** सदर थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी लठवहिया पुल के समीप अनियंत्रित होकर चौदह चक्का ट्रक पलट गया. हादसे में चालक और उपचालक गंभीर रूप घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार चौदह चक्का ट्रक संख्या बीआर 27 जी 8821 राउरकेला से लोहे का रॉड लोड करके बरौनी बिहार जा रहा था. इसी क्रम में लठवहिया पुल के समीप ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. इस घटना में ट्रक का चालक एकरामा शेखपुरा बिहार निवासी, 32 वर्षीय रामानंदन यादव, पिता स्व. किशोरी यादव व उपचालक जमुई बिहार निवासी, 20 वर्षीय विदेशी कुमार, पिता यदु यादव गंभीर रूप से घायल हो गया.

### बिना चालान के बोल्डर लदा एक हाइवा जब्त

**कोडरमा।** नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप के निर्देश पर एसआई कुमार शिवम ने थाना क्षेत्र के कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पूरनाडीह के समीप से बिना चालान के बोल्डर लदे एक हाइवा को जब्त किया है. मिली जानकारी के अनुसार उक्त हाइवा पूरनाडीह की ओर से बोल्डर लेकर आ रहा था, जिसे रुकवाकर परिवहन चालान की मांग की गयी. चालक द्वारा बोल्डर से संबंधित किसी प्रकार के कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर हाइवा को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए नवलशाही थाना में सुरक्षित रखा गया है.

## बानो : सशिविमं ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुङ्गाधाम के द्वारा गुरुवार को बरसलोया में जनजातीय गौरव दिवस मनाया। इस दौरान प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी विद्यालय से प्रारंभ होकर बरसलोया गांव का भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर पहुंची ।मौके पर राजेंद्र बड़ाईक नें भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाल कर सभी विद्यार्थियों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को हुआ था जिन्होंने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाकर लंबी लड़ाई लड़ी और अंग्रेजन के खिलाफ उलगुलान छेड़ते हुए इस क्षेत्र में उन्हें खदेड़ेने का काम किया, लेकिन साजिश के साथ उन्हें जेल में डाल दिया गया और जेल में ही उनकी मृत्यु हो गई। ऐसे महान वीर बिरसा मुंडा के जन्म दिवस देश के प्रधानमंत्री के घोषणा के बाद तीन वर्षों से जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। ऐसे अवसर पर हम झारखंड के सिद्धू कानू चंद भैरव फूलोंझानो, वीर बुधु भगत हलधर गिरधर दुनिया झनिया, नीलांबर पीतांबर तेलंगाना खड़िया बक्तर साय मुंडल सिंह, सरदार पोटो हो से प्रेरणा लें तथा अपने देश धर्म संस्कृति परंपरा रीति रिवाज की सुरक्षा के लिए उसके संवर्धन के लिए आगे आएं। भारत हमारा देश है इसकी रक्षा सुरक्षा में जनजातीय समाज का भी योगदान रहा है तथा आगे भी रहेगा। इस अवसर पर रानी दुर्गावती राणा पूजा भील तलाकाल चंदू, चक्र बिश्नोई तिलका मांझी जैसे वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं।

### ग्रिजली विद्यालय ने मॉडर्न पब्लिक स्कूल को हराया

**कोडरमा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तहत इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में स्थानीय सी एच हाई स्कूल मैदान में ग्रिजली विद्यालय और मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बीच मैच हुआ. पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रिजली विद्यालय ने 29.2 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 187 रन बनाया. ग्रिजली विद्यालय की ओर से कुष ने 51 रन प्रिंस और अंकित ने 18 -18 रन बनाया. वहीं गेंदबाजी करते हुए अनुज ने चार विकेट और सुधांशु व सौरव ने दो-दो विकेट लिए. बाद में बल्लेबाजी करने उतरी मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम 17.3 ओवर में 87 रन ही बना सकी. मॉडर्न पब्लिक स्कूल की ओर से युवराज ने 41 रन और स्वास्तिक ने 9 रन बनाया. गेंदबाजी करते हुए ग्रिजली विद्यालय की ओर से रामानुज ने तीन विकेट और राज,प्रिंस और अभय ने दो-दो विकेट लिए. बेहतर खेल के लिए प्रिंस कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया. मैच में अंपायर विभु लोहानी और कुणाल कुमार और स्कोरर प्रिंस कुमार थे.

## मजदूर नेता ने गांवों का दौरा कर चलाया प्रचार प्रसार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा ने गुरुवार को केरसई प्रखंड के विभिन्न गावों का दौरा किया । जिसमे बाघडेगा, डोंगी झरिया, चेरवा टोली, गोरयाबहार, नवा टोली, मिचुटोली, कोनोशकेली, डुंबरटोली, कोरकोटजोर ,भालू टोली, नोनगाड़ा टैसेर पथरी टोली, टैसेर नवा टोली गाटीकच्छर गाँव शामिल है। इन सभी गांव में भ्रमण कर राजमिस्त्री भाइयों से मिलकर अगला होने वाला केरसई प्रखंड अंतर्गत बुद्धाधार शंख नदी में एक विशाल राजमिस्त्री सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रचार प्रसार किया ।वही जिला अध्यक्ष ने कहा कि अब स्थानीय मजदुर को काम मिलेगा एवं सरकारी काम में सरकारी रेट दिलाने का काम करेगें और जो भी मजदुर भाइयों एवं बहनों का ठिकेदार के पास मजदूरी पैसा बकाया हो वैसे लोग मुझे लिखित रूप से शिकायत करें ,मैं ठिकेदार को बोल के आपका बकाया मजदूरी पैसा को यथा शीघ्र दिलाऊंगा वही अंत मजदूरों को बताया कि दिनांक 10 दिसम्बर को को अपना आधार कार्ड का फोटो कॉपी और पासपोर्ट फोटो साथ में लेते आवे आपका रजिस्ट्रेशन होगा और ई-श्रम कार्ड बनेगा ,क्योंकि आने वाला कल में आपको समय पर काम आएगा। मौके पर रंजीत माझी,सुशांत खेस,श्याम सुंदर साहू ,सोमलाल बेसरा एवं स्थानीय मजदूर उपस्थित थे।

### जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की समस्या



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त,सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में लंबित राशि का भुगतान कराने, आंगनबाड़ी सेविका चयन एवं अन्य से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया गया।

### डुमरिया में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए 1056 आवेदन



**बानो।** प्रखंड के पंचायत डुमरिया में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आबुआ आवास योजना, मनरेगा योजना, पशुपालन विभाग, खाद्य आपूर्ति,कल्याण विभाग, फसल बीमा ,भू-राजस्व विभाग, के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सोमा सोबरन धोती साड़ी योजना, वृद्धा पेंशन, जाति प्रमाण पत्र , आबुवा आवास , नरेगा आदि योजनाओं से कुल 1056 आवेदन पत्र जमा हुए। बानो प्रमुख सुधीर डांग ने ग्रामीणों से अपील किया कि योजनाओं का लाभ ले । कार्यक्रम में जिला परिषद बिराजो कन्डुलना, प्रमुख सुधीर। डांग , प्रखंड विकास पदाधिकारी नाईम्मुदीन अंसारी,सीआई अशोक बड़ाईकव एएसआई अक्षयवर राम ,बिपिओ चारु प्रसाद, सहायक अभियंता नितेश कुमार,महावीर सिंह, असुतोश कुमार, डुमरिया पंचायत के मुखिया लूथर आदि लोग उपस्थित थे । मौके पर पंचायत के बिभिन्न गावों के काफी संख्या में ग्रामीण भाग लिया।

## डोमचांच प्रखंड पहुंचा भारत संकल्प यात्रा का आईईईसी वैन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मरकच्चो।** केंद्र सरकार की योजनाओ का लाभ पंहुचाने को लेकर शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा की आईईसी वैन गुरुवार को डोमचांच प्रखंड की बच्छेडीह पंचायत पहुंची। इस दौरान पंचायत सचिवालय के समीप एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा विकसित भारत का संकल्प आजादी के 75वें वर्षगांठ पर लाल किला से लिया था। ये सिर्फ आपलोगों के हो भरोसे लिया था। उन्होंने कहा कि महिला, युवा, किसान व गरीब को लेकर विकसित भारत का सपना और संकल्प लिया है, जिसे हम सभी को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आज आपके यहां ये मोदी की गारंटी की गाड़ी आयी है। भारत सरकार के द्वार जो महत्वकांक्षी योजना है, जिसका लाभ आप सभी को मिल रहा है चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, प्रधानमंत्री कल्याण अन्न योजना हो, उज्ज्वला योजना हो या आयुष्मान योजना हो। इन योजनाओ का लाभ शत प्रतिशत लाभुकों को मिले इस स्टॉल के माध्यम से सुनिश्चित करना है। वहीं डीडीसी व एनएसएफडीसी के निदेशक ने लोगों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए उसके लाभ लेने के बात कही। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी, डीडीसी ऋतूराज आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया।

## हर लाभुक को अबुआ आवास योजना का लाभ मिलेगा : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** टोंटो प्रखंड के केंजरा पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपक बिरुवा उपस्थित हुए. जिनके हाथों से विधिवत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. मौके पर विधायक के हाथों विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. वही विधायक ने कार्यक्रम में लगे विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया. विधायक ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने सरकारी योजनाओं तक जरूरतमंद लोगों की पहुंच आसान करने और अबुआ आवास योजना सहित विभिन्न तरह के आवेदनों का मौके पर निपटारा करने के लिए ह्वआपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारह्व अभियान की शुरूआत की है. उन्होंने कहा कि हर अहतार्धारी नागरिकों को अबुआ आवास योजना के अलावा अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जाना है. सहज एवं सरल रूप से योजनाओं की जानकारी आमजनों को मिले, इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया जा रहा है. उन्होंने पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इसका प्रचार प्रसार जोर-जोर से करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाया जा सके. विधायक ने आम नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंच कर शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन देने की अपील की, ताकि तय समय पर उसका निष्पादन कर उन्हें सरकार की योजनाओं से आच्छादित किया जा सकें. मौके पर एलआरडीसी संध्या मुंडू, जिप सदस्य राज नारायण तुबिद, प्रमुख अनिता बारी, टोंटो बीडीओ ललित भगत, मुखिया लेबेया हेस्सा समेत अन्य मौजूद थे. इसके अलावा मनोहरपुर, जगन्नाथपुर, खूंटपानी, नोवामुंडी, कुमारडुंगी के अलग-अलग पंचायत तथा चाईबासा नगर परिषद के वार्ड नंबर-4 व चक्रधरपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर-5 में शिविर का आयोजन किया गया. नगर परिषद चाईबासा के द्वारा वार्ड नं-04 गाड़ीखाना हनुमान मंदिर के बाहर में ह्यआपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारह्व कार्यक्रम का शिविर लगाया गया.

### एकजुट हो

### जलडेगा प्रखंड के टाटी पंचायत में ग्राम सभा की बैठक

# ग्राम सभा को सशक्त बनाने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत तुरुपडेगा में ग्राम सभा अध्यक्ष जुनाथन हेमरोम की अध्यक्षता में लीड्स संस्था द्वारा ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को मनरेगा, पीएम आवास, अबुआ आवास, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि और आत्मा द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर योजनाओं से जुड़ने की प्रकिया को बताया और अपने हक अधिकारों के लिए आगे आकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में शामिल



महिला समूहों को सदस्यों को महिला अधिकार के प्रति जागरूक कर समूह से ऋण लेकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और सम्मानजनक जिंदगी जीने के लिए कहा। उन्होंने कहा की आज के समय में पैसा है तो आप बड़ी से बड़ी मुसीबतों का सामना कर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर खेती बाड़ी और पशुपालन पर ज्यादा जोर देने की बात कही। उन्होंने ग्राम सभा को सशक्त करने और आठ स्थाई समिति पर भी चर्चा किया। बैठक में ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक माह के 5 तारिक को गांव में ग्राम सभा का बैठक आयोजित किया जायेगा। बैठक में लीड्स संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझिया, कुलदीप सुरीन, गुरुपद सिंह, ग्राम सभा सचिव मनभरण सिंह, गोपाल सिंह, महेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य बिनीता लुगुन, पारा शिक्षक समसोन लुगुन, जल सहिया सुखमती देवी, सेविका सुबानी तोपनो आदि उपस्थित थे।

## आज से नगर भवन सिमडेगा में दिखेगा जादूगर गोगिया सरकार की जादुई करतब

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** असंभव को संभव कर दर्शकों को विमोहित करने में कुशल अनेकों भारतीय जादू अवार्ड के विजेता जादूगर गोगीया सरकार अपने पच्चीस सहयोगियों के साथ 1 दिसंबर से सिमडेगा नगर भवन में लोगों के बीच जादुई करतब दिखाया जाएगा कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को लेकर जादूगर गोगिया सरकार के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया उन्होंने बताया कि01 दिसंबर संध्या 6:15 बजे से इनका विश्व प्रसिद्ध जादूई प्रदर्शन नगर भवन में आम लोगों के मनोरंजन के लिए आरम्भ होगा अपने शो में जादूगर गोगीया सरकार उन नये-नये खेलो का प्रदर्शन करेंगे जिसे अभी तक कही न देखा गया है और न सुना गया है। इन चमत्कारों में दर्शकों के कल्पना के पार एक से बढ़कर



एक खतरनाक एवं दिल-दहला देने वाली खेलों को भारतीय जादू जगत में पहली बार प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा मैं बस सिमडेगावासियों को अपना अद्भूत और अनेकानेक नवीन जादूई खेलों का प्रदर्शन कर उनका प्यार पाना चाहता हूँ । वही जादूगर गोगीया सरकार से उपलब्ध जानकारी के अनुसार सम्मोहन एक ऐसा विज्ञान है जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति की मानसिक स्थिति को इस प्रकार परिवर्तित कर दिया जाता है कि वह सम्मोहन के सुझावों के अनुसार काम करने लगता है।

## एक नजर

### दुर्घटना में मृत की पहचान नहीं

**चान्हो/ मांडर ।** एनएच-75 चान्हो के पाटुक मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई है समाचार लिखे जाने तक अज्ञात व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार।** जिले के तरवाडीह पंचायत अंतर्गत कोने गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना योगदान देने की शपथ दिलायी गयी। लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में कई लाभुकों ने योजना का लाभ लेने के बाद अपने जीवन में आये सकारात्मक बदलाव के बारे बताया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाया गया। इसमें लोगों के बीच निःशुल्क दवाइयों का वितरण व लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। प्रखंड प्रमुख ने 2 लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। वहीं कृषि विभाग ने ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जागरूक किया गया। इस दौरान नुक्कड़-नाटक के माध्यम से भी लोगों को डायन प्रथा के प्रति जागरूक किया गया।

### पशु लदा कंटेनर खड़े ट्रक से टकराया

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के एनएच 39 पर स्थित उदयपुर के पास एक अनियंत्रित कंटेनर खड़े ट्रक से जा टकराया, जिसमें कुछ पशुओं की मौत की भी सूचना है। यह घटना गुरुवार अहले सुबह की है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि घटना के बाद से कंटेनर का चालक फरार है। कंटेनर में पशु लदा है और यह लातेहार से रांची की ओर जा रहा था।

### सीआरपीएफ कैंप में सामग्री का वितरण

**लातेहार।** सीआरपीएफ कैंप कुमंडी में सीआरपीएफ 214 बटालियन के सी कंपनी के द्वारा गुरुवार को गांव देहात के जरूरतमंद लोगों के बीच सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सिंटेक्स मच्छरदानी लाइट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, सहायक कमांडेंट पहलाद रजक ने जरूरतमंद लोगों के बीच सामग्री का वितरण किया।

### सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक कृष्णा मोची को अंग वस्त्र सहित अन्य उपहार देकर भावपूर्ण विदाई दी गयी। उपस्थित अतिथियों व शिक्षकों ने मोची की सराहना करते हुए कहा कि अच्छे शिक्षक के रूप में कार्य करने की प्रसंसा भी की।

### पशुचिकित्सा महाविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

# शिक्षकों की किमी के बावजूद यहां के छात्र देश के कई हिस्सों में अपना योगदान दे रहे हैं : डॉ नरेंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय का 63वां स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए वक्तृत्वकला प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पशु चिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद ने कॉलेज के इतिहास, प्रमुख गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोध और शिक्षण कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। यह कॉलेज कभी देश के सर्वोत्तम वेटनरी कॉलेज में शामिल था किंतु शिक्षकों की कमी के कारण बहुत कठिनाई हो रही है। अगले साल राज्य में 38 मोबाइल पशुचिकित्सा वाहन चलने लगेंगे और सभी में यहां से पास करने वाले पशु चिकित्सा स्नातकों को नौकरी मिलेगी। बीएयू के कुलसचिव डॉ नरेंद्र कुदादा ने कहा कि शिक्षकों की कमी के बावजूद यहां से पास होने वाले छात्र देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षण, अनुसंधान और प्रसार शिक्षा कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। समारोह में वानिकी संकाय के डीन डॉ एम एस मालिक, अनुसंधान निदेशक डॉ पी के सिंह, डीन पीजी डॉ एमके गुप्त तथा डॉ सुरेश मेहता ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर आयोजित वाग्मिता प्रतियोगिता में ऐश्वर्या राय (इंटर्नशिप) ने प्रथम, राहुल यादव (तृतीय वर्ष) ने द्वितीय, सुशील कुमार मिश्र (इंटर्नशिप) ने तृतीय तथा प्रतिभा रानी टोप्पो (प्रथम वर्ष) ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभा रानी टोप्पो ने प्रथम तथा सना को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### बीएयू वैज्ञानिक डॉ निभा बाड़ा को विदाई दी गयी

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि प्रसार शिक्षा विभाग की अध्यक्ष और कृषि व्यवसाय प्रबंधन केंद्र की निदेशक डॉ निभा बाड़ा 40 वर्षों की सेवा के उपरांत बृहस्पतिवार को बीएयू से रिटायर हो गयीं। उन्होंने वर्षों तक उपनिदेशक प्रशिक्षण और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक का अतिरिक्त दायित्व भी निभाया। आधा दर्जन परियोजनाओं में प्रधान अन्वेषक और सह प्रधान अन्वेषक के रूप में कार्य किया। उनकी सेवानिवृत्ति पर विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, वैज्ञानिकों और लम्बे समय तक उनके साथ काम कर चुके लोगों ने उनके वैज्ञानिक अवदान, प्रशासनिक क्षमता तथा मानवीय गुणों की चर्चा की और उनके सुखद और स्वस्थ भावी जीवन की कामना की।

### वार्ड पार्षद पर दो अपराधियों ने चाकू से किया हमला, घायल

**सिल्ली।** मुरी ओपी अंतर्गत छोटा मुरी निवासी वार्ड पार्षद भारती देवी पर दो अज्ञात अपराधियों के द्वारा चाकू से हमला किया गया जिससे घायल हो गई। जानकारी के अनुसार वार्ड परिषद भारती देवी अपने घर में बच्चों के साथ सो रही थी तभी लगभग सुबह 4:30 बजे से 5:00 बजे के बीच उसके घर पर दो अज्ञात अपराधी अपने मोटरसाइकिल लेने के लिए आए। उन्होंने दरवाजा खटखटाया भारती देवी ने दरवाजा खोला और उनका मोटरसाइकिल का चाबी एवं हेलमेट दे दिया तभी दोनों अज्ञात अपराधियों ने उनसे खाने के लिए कुछ बनाने का सामान बोला तभी वह खाने के लिए अंडा भुजिया बनाकर दोनों अपराधियों को दिया। खाने के बाद दोनों अपराधियों ने कहा कि पानी बोतल लाइए।महिला पानी बोतल लानी गई तभी दोनों अपराधियों ने उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह चिल्लाने लगी।

# 80 प्लस वोटर किए गए सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड अंतर्गत बालूमाथ एवं झाबर पंचायत में 80 वर्ष से ज्यादा दर्जनों मतदाताओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने कंबल देकर सम्मानित किया। इस दौरान बीडीओ बालूमाथ पंचायत अंतर्गत बड़का बालूमाथ में घर-घर जाकर कई पुराने वोटरों को कंबल देकर सम्मानित करते नजर आए। इस दौरान बीडीओ के साथ-साथ आंगनबाड़ी प्रवेक्षिका कामिनी कुमारी एवं सेविका सुलेखा कुमारी भी साथ रहीं। पुराने मतदाताओ में सम्मानित होने वालों में से समुद्री देवी आदि शामिल हैं।

### बीएलो ने मतदाताओं को किया सम्मानित

**बारियातु।** लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर सहायक निर्वाचक निबंध पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड के सभी बीएलो द्वारा मतदान केंद्रों पर कैंप कर 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया गया। बीडीओ ने मतदान केंद्र संख्या 68, व 69 पर 97 वर्षीय जगदेव महतो व 87 वर्षीय सनीचरी देवी को फुल व कंबल देकर सम्मानित किया। सुपरवाइजर प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### पदाधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक हुए मौन

**डंडाई ।** प्रखंड मुख्यालय के जन वितरण दुकानदारों के द्वारा बेरोक टेक के गरीबों का निवाला छिनने काम किया जा रहा है वह भी एक नहीं दो दो तराजू के सहयोग से। बताया जाता है कि सरकार की ओर से उन्हें एक तराजू उपलब्ध कराया गया है ।लेकिन उससे वे सफल नहीं हो पा रहे हैं तो उनके द्वारा एक और निजी तराजू का भी सहयोग ले लिया जा रहा है । दो तराजू के सहयोग से उनके द्वारा गरीबों का निवाला छीनने का काम किया जा रहा है ।इस दौरान जन वितरण प्रणाली की दुकान से मिल रहे चावल व गेहूं में प्रति किलो 50 से 100 ग्राम वजन की मात्रा में लाभुकों के आहार की कटौती कर उनके द्वारा वितरण करने का काम किया जा रहा है । यह प्रखंड के डंडाई पंचायत में संचालित सभी जनवितरण दुकानों में आमतौर पर देखा जा रहा है। जबकि प्रत्येक दिन बीडीओ और एम ओ से लेकर पंचायत के छोटे से लेकर बड़े तबके के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भी उक्त रास्ते प्रखंड कार्यालय आन जान होते रहता है ।

### टोटो में बैठ पुलिस पहुंची नशे के सौदागरों के गढ़ में

# सात आरोपी गिरफ्तार, गांजा व ब्राउन शुगर हुआ बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में नशे के सौदागरों के खिलाफ दूसरे दिन भी बड़ी कार्रवाई जारी रही। गुरुवार की रात रांची के सुखदेव नगर इलाके में पुलिस के द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ की गई कार्रवाई में ब्राउन शुगर और गांजा बेचने वाले साथ तस्करों को धर दबोचा गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने ब्राउन शुगर और गांजा भी बरामद किया गया है।



**टोटो से पुलिस पहुची रेड करने :** रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा को यह सूचना मिली थी कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर में बड़े पैमाने पर नशे के सामान की खरीद बिक्री की जाती है। सूचना मिलने पर कोतवाली डीएसपी सुखदेव नगर थाना प्रभारी और एसएसपी कियूआर्टी के द्वारा सादे लिबास में विद्यानगर में रेड की गई ,इस दौरान मौके से सात नशे के तस्कर धर दबोचे गए।पुलिस यह चाहती थी रेड की जानकारी किसी भी हाल में नशे के कारोबारियो को न हो इसके लिए उन्होंने पुलिस जीप में नही बल्कि टोटो गाड़ी किराये पर लिया है उसमें बैठ कर रेड करने पहुचे। सभी पुलिसकर्मी और अधिकारी सिविल वर्दी में थे इसलिए उन्हें कोई पहचान नहीं पाया यही वजह है कि एक साथ न सिर्फ साथ नशे के तस्कर दर्द पूछे गए बल्कि एक दर्जन से ज्यादा खरीदारों को भी पुलिस ने मौके से पकड़ा है।

**कार्रवाई जारी :** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि एसएसपी रांची को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कारवाई की गई है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है ताकि रांची के दूसरे इलाकों में भी ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

**क्या क्या हुआ बरामद :** पुलिस के द्वारा नशे के तस्करों के खिलाफ की गई कार्रवाई में 40 पुड़िया गांजा ,123 गांजा भरा सिगरेट - 123 , 25 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ साथ 30 हजार से ज्यादा नगद बरामद किया गया है।

# बीडीओ ने विद्यालय व मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। कतार**

प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने गुरुवार को मध्य विद्यालय पाचाडुमर स्थिति मतदान केंद्र संख्या 55, 56 का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने बीएलओ चंदा देवी से अब तक के हुए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ को छुटे हुए मतदाताओं का शत-प्रतिशत नाम जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ एप के माध्यम से योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, आधार सीडिंग करने के लिए प्रपत्र 6 ई भरने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए प्रपत्र 7 भरने का निर्देश दिया। इसके पश्चात बीडीओ ने मध्य विद्यालय पाचाडुमर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में बने शौचालय का साफाई करने और विद्यालय अवधि में हमेशा शौचालय खुला रखने को कहा। बीडीओ ने शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने और बच्चों को मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान बीएलओ राजवंती देवी अनुपस्थित थी। मौके पर प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, शिक्षक जितेन्द्र पांडे, शुशिल पाठक, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रदुमन प्रसाद आदि मौजूद थे।

### सेना के जवान से जमीन देने के नाम पर 76 लाख की ठगी, केस दर्ज

**रांची।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में तैनात संजीत कुमार, उनके भाई समेत चार लोगों से जमीन देने के नाम पर 76 लाख रुपए की ठगी की गई है। इस संबंध में संजीत ने जगन्नाथपुर थाने में नीरज कुमार समेत 28 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। संजीत की ओर से थाने में दिए आवेदन में कहा गया है कि वह और उनके भाई समेत अन्य ने लटमा सिंह मोड़ शिव मंदिर एयरपोर्ट के पीछे 20 डिसमील जमीन देखे थे। नीरज समेत अन्य आरोपियों से जमीन का सौदा तय हुआ। 2020 में जमीन का एग्रीमेंट हुआ। राशि लेने के बाद 20 जनवरी 2021 को रजिस्ट्री की तिथि तय हुई। मगर रजिस्ट्री करने के लिए जमीन मालिक ही नहीं आया। काफी दबाव बनाने के बाद आरोपियों ने राशि लेने के बाद न तो जमीन दी और न ही रजिस्ट्री ही कराया। इसके बाद वह सीधे थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

इन पर दर्ज हुई प्राथमिकी : नीरज के अलावा प्रकाश चंद्र मोदी, श्रेष्ठ नारायण झा, विकास कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, अनिल कुमार, शैलेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार झा, प्रणव कुमार मिश्रा, दीपा कुमारी, विनोद कुमार सिंह, अभिजीत कुमार, अजय कुमार झा, सौरभ सिंह, गोविंद कुमार राय, अनुराग कश्यप और शैलेंद्र कुमार शामिल है।

### टीडीएस-टीसीएस पर सेमिनार का आयोजन

**चतरा।** विगत बुधवार को विकास भवन के समीप प्रशिक्षण भवन में आयकर विभाग, टीडीएस वार्ड बोकारो द्वारा टीडीएस-टीसीएस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मनीष कुमार झा आईआरएस अपर आयकर आयुक्त टीडीएस परिक्षेत्र 2 रांची, कमलेश कुमार सिन्हा आयकर टीडीएस अधिकारी बोकारो द्वारा टीडीएस-टीसीएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने चतरा जिले में स्थित राज्य एवं केंद्र सरकार के विभिन्न डीडीओ-कटौतीकर्ता को सही दर से टीडीएस काटने, सरकारी खाते में जमा करने का अनुरोध किया।

# राशन की कालाबाजारी जारी लाभुक हो रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

राज्य सरकार गरीबों को भर पेट भोजन देने के लिए उन्हें राशनकार्ड योजना से जोड़ने के लिए उनके घर तक कार्यक्रम चला रही है, लेकिन उनके ही मातहत जविप्र दूकानदार गरीबों का राशन लूटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मामला प्रखंड अंतर्गत पंडरिया पंचायत के घाघरा में संचालित ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह का है। इस जविप्र डीलर हृदया पासवान द्वारा गांव के गरीब तबके के परिवारों को पिछले दो से तीन माह का राशन नहीं देकर कालाबाजारी कर दी गई है। डीलर द्वारा राशन नहीं दिये जाने की फरियाद लेकर बीडीओ सह एमओ के पास गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचे बुजुर्ग महिला, पुरुष लाभुक बैठकर बीडीओ का घंटों इंतजार करते रहे।

लाभुक मंजु देवी, मीना देवी, बसंती देवी, देवंती देवी, लालती देवी आदि ने बताया कि ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर हृदया पासवान द्वारा हमलोगों से मशीन में अंगूठा लगवाकर और पर्ची निकाल लेने के बाद भी पिछले अक्टूबर और नवंबर दो माह का राशन नहीं दिया गया है, जबकि एक अन्य लाभुक सुखाड़ी पासवान ने बताया कि डीलर द्वारा मुझे पिछले तीन माह का राशन नहीं दिया गया है। लाभुकों ने कहा कि जब हमलोग डीलर से राशन की मांग करते हैं, तो अगले महीने राशन देने की बात कहता है। इस बार जब हमलोग नवंबर माह का राशन मांगे तो कहता है कि राशन खत्म हो गया है। जाओ यहां से दिसंबर में राशन ले जाना और डीलर ने हमलोगों को जविप्र दुकान से डांट फटकार कर भगा दिया। वहीं ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर हृदया पासवान ने बताया कि नवंबर माह का राशन खत्म हो गया है।



# जिला परिषद बोर्ड की बैठक में रंजनी कुमारी ने प्रशासन को घेरा

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

जिला परिषद सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में आयोजित जिला परिषद बोर्ड की बैठक में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने जिला प्रशासन पर सरकार के आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए जिले से संबंधित कई समस्याएं उठाईं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग झारखंड सरकार की ओर से अनुपालन हेतु जारी पत्र के विपरीत कार्य किया जा रहा है। इस पर जिला परिषद ने सभी विभागों से पूछा है कि सरकार की योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन में किन-किन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना चाहिए एवं शीलापट्ट पर किन-किन बिंदुओं को अंकित करना चाहिए। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जिला परिषद बोर्ड की बैठक में आवाज उठाने के बाद भी सिविल सर्जन द्वारा भवनाथपुर, श्री बंशीधर नगर, मझिआंव एवं गढ़वा सदर में उपलब्ध डिजिटल एक्सरे मशीन को अभी तक चालू नहीं कराया गया है। उक्त मशीन का यथाशीघ्र शुभारंभ कराने, भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की पदास्थापना एवं प्रतिनियुक्ति करने, जिले के सभी स्वास्थ्य उप केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलग-अलग निगरानी के लिए स्वास्थ्य समिति का पुनर्गठन करा कर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार कराने, जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम शहरी क्षेत्र में 14 वें वित्त आयोग से स्वास्थ्य कर्मियों को चयनित कर यथाशीघ्र पदास्थापना करने की आवाज बैठक में प्रमुखता से उठाई। भवनाथपुर में मजदूरों के पलायन को देखते हुए मनरेगा से सड़क निर्माण, तालाब निर्माण, बांध निर्माण एवं किसानों की भूमि समतलीकरण इत्यादि योजनाएं यथाशीघ्र चालू करने तथा मनरेगा की लंबित मजदूरी एवं सामग्री की राशि यथाशीघ्र भुगतान करने एवं नल जल योजना में भारी अनियमितता और विभाग द्वारा फर्जी निकासी पर रोक लगाते हुए जिला स्तरीय टीम गठित कर जांच करते हुए हर घर को पानी पहुंचाने की मांग की गई। जिले में पशुधन योजना के अनुमोदन के लिए तिथि निर्धारित कराकर किसानों को यथाशीघ्र अनुदान राशि दिलाने इत्यादि मांगें रखी हैं।



### संवेदक प्रतिनिधि व ग्रामीणों के बीच नोकझोंक, पुलिस ने कई के फोन छीने

# घटिया सड़क निर्माण कार्य का विरोध दूसरे दिन भी जारी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

घटिया सड़क निर्माण कार्य को लेकर दूसरे दिन गुरुवार को भी ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। गुरुवार की अहले सुबह डंडई के देवी धाम टोला में सड़क का निर्माण करने पहुंचे संवेदक के प्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। मामला इतना बढ़ गया कि कार्य स्थल पर पुलिस को भी आना पड़ा।

संवेदक की जानकारी पर स्थल पहुंची पुलिस ने सड़क निर्माण कार्य का विरोध कर रहे कई लोगों के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिये, कई लोगों को पकड़ कर थाना तक भी ले जाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया सड़क निर्माण कार्य का कल से ही हम सभी ग्रामीण विरोध कर रहे हैं, लेकिन संवेदक के ऊपर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। यहां तक कि कार्य की गुणवत्ता में सुधार न कर हम लोगों को उनके द्वारा पुलिस से पकड़वाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कल की तरह आज भी बिन रोलिंग और भूमि पर बिना छरी दिए ही ढलाई कार्य शुरू किया जा रहा था। इसका हमने विरोध करना शुरू कर दिया। इस पर संवेदक ने पुलिस को बुला लिया। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक द्वारा जिस तरह से पीसीसी सड़क की ढलाई की जा रही है उसका कोई ठिकाना ही नहीं है कि वह कब तक चलेगा। प्राक्कलन के विपरीत पीसीसी ढलाई कार्य होने का नतीजा है कि पवन कुमार की दुकान के पास 50 फीट से भी अधिक की दूरी में पूरी तरह सड़क फट गई है। यही अंजाम देवी धाम टोला में भी पीसीसी सड़क का होगा। समाचार लिखे जाने तक स्थल पर पहुंचे थाना के जेएसआई संतोष कुमार द्वारा पीसीसी सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई थी।

मालूम हो कि घटिया सड़क निर्माण कार्य का डंडई के देवी धाम टोला के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से बुधवार को भी हो हंगामा कर विरोध प्रदर्शन करने का काम किया था। साथ ही कंक्रीट सामग्री को अपने-अपने हाथों में लेकर उनके द्वारा उक्त स्थल पर बवाल काटने का काम किया गया था। स्थल पर पहुंचे जेएसआई संतोष कुमार ने कहा कि संवेदक के प्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक होने की जानकारी मिली थी। उसी के आलोक में हम सभी उक्त स्थल पहुंचे हैं।



### विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला आयोजित

**सिमरिया।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित श्री रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व विशिष्ट अतिथि झारखंड मंत्रालय में कार्यरत ओम प्रकाश सिंह आदि ने संयुक्त रुप से किया। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया। बच्चों ने चंद्रयान-3, इसरो रोबोट, ग्रीन सिटी, हाइड्रोइलेक्ट्रिक उत्पादन, आदित्य एल 1, सोलर एनर्जी सहित अन्य मॉडल प्रस्तुत किया। बच्चों के द्वारा समोसा, चाय, चाऊमीन सहित अन्य स्टॉल लगाए गए थे। मौके पर विद्यालय के निर्देशक प्रवीण प्रकाश ने कहा कि 2014 से विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक विद्यालय के परीक्षा फल में उत्तरोतर विकास होता गया है। विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य कम शुल्क मे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराना है।

# सम्राट जरासंध की जयंती कार्यक्रम को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में चंद्रवंशी समाज की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता कोयल चंद्रवंशी ने की। मंच का संचालन शंकर प्रिय ने किया। सर्वप्रथम भवनाथपुर, केतार प्रखंड के चंद्रवंशी समाज के उत्थान हेतु पूर्व में प्रयासरत स्व. बेलास राम, सुखदेव राम, सरजू राम, बिरझन वर्मा सहित सभी 44 चंद्रवंशी अभिभावक गण की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि दी गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 10 दिसंबर को गढ़वा टाउन हॉल के मैदान में होने जा रहे प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5226 वीं जयंती सह चंद्रवंशी परिवार मिलन समारोह को सफल बनाना है। उक्त कार्यक्रम में भवनाथपुर, खरौंधी, केतार से भी चंद्रवंशी समाज के लोग पहुंचेंगे। बैठक में चंद्रदीप राम चंद्रवंशी, सुरेश कुमार चंद्रवंशी, शंकर चंद्रवंशी, मनोज कुमार चंद्रवंशी, बुचुल राम चंद्रवंशी, रमेश कुमार चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, कुंज बिहारी राम चंद्रवंशी, डोमन राम चंद्रवंशी, शंकर प्रिय राम चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

**वक़्त और रिश्ते दोनों की अहमियत इंसान को तब समझ आती है जब वे हाथ से निकल जाते हैं।**
**- अज्ञात**



# भू- माफिया की दबंगई

***झारखंड*** में भू-माफिया की समानांतर सरकार चल रही है। दबदबा का आलम यह है कि रातों रात किसी की भी जमीन पर कब्जा कर लिया जा रहा है। इसमें सरकारी जमीन के अलावे तालाब पोखर इत्यादि शामिल हैं। अतिक्रमणकारी पहले रणनीति के तहत अमुक जमीन पर धार्मिक झंडा लगा देते हैं। धर्म की ओट में फिर शुरू हो जाता है इनका नंगा नाच। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इससे समाज में एक गलत संदेश जा रहा है। यह सब प्रशासन के नाक के नीचे होता है। राज्य के पलामू जिले के नावाटोली तालाब पर एक बड़े हिस्से पर दबंगों ने मकान बना लिया है। आवाज उठने पर अधिकारी नोटिस भेज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर उसे ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। यह सब प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है। सार्वजनिक जमीन पर कब्जे को लेकर हाई कोर्ट सख्त है। बावजूद यह खेल चारो तरफ चल रहा है। सरकारी जमीन को छोड़ दें, अस्पताल, सरकारी स्कूल और नदी पर भी बदस्तूर अतिक्रमण जारी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अतिक्रमण करने वाले भू-माफिया के विरूद्व कार्यवाही के लिए एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया है। ऐसे में झारखंड सरकार भी यूपी की तर्ज पर कड़े कानून बनाये। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयावह होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। राजधानी के रिम्स की बेशकीमती जमीन पर भी भू-माफिया की नजर है। चहारदीवारी निर्माण कर इन जमीनों को बचाने की जरूरत है। यह दृष्य एक जगह की नहीं है। राज्य के कोने-कोने में भू-माफिया की नजर है। ऐसे तत्वों की पहुंच उपर तक रहती है। भ्रष्ट अधिकारियों की मदद से जमीन के कागजात बनाकर उसे महंगे दाम में बेच देते हैं। जिसमें सबकी हिस्सेदारी रहती है। पलामू के कोयल तट पर नदी के एक बड़े हिस्से पर चहारदीवारी का निर्माण जारी है। सब कुछ दिन के उजाले में हो रहा है। प्रशासन जानते हुए भी दबंग भू-माफिया से पंगा नहीं लेना चाहती है । इसका नतीजा यह है कि उनके हौसले काफी बढ़ गये हैं। वैसे भी अनियंत्रित ढंग से बसे शहर की स्थिति कुछ अच्छी नहीं हैं। जहां एक ओर यातायात नियमों की अनदेखी होने से ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई हुई है,वहीं अतिक्रमण ने उसकी रही सही कसर को पूरी कर दी है। इस स्थिति में स्थिति भयावह होती जा रही है। मुख्यमंत्री आपके द्वार कार्यक्रम में अतिक्रमण की समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जा पा रहा है। कारण निजी समस्याओं की ही पड़ताल हो रही है। ऐसा नहीं होना चाहिए। हरेक नागरिक का कर्त्तव्य बनता है कि वह आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में सार्वजनिक हित की बात भी करे। अपनी समस्या की श्रेणी में सार्वजनिक हित की भी बात हो। यह स्वस्थ्य लोकतंत्र की मांग भी है। समस्या की कोई जात नहीं होती है। यह एक दुर्घटना है। इसकी चपेट में कोई भी आ सकता है। इस बात का भान सभी को होना चाहिए। कोई भी सरकार किसी समस्या का समाधान अपने दायरे में ही रख कर करती है। इसके लिये आवाज तो उठानी ही पड़ेगी।

**उत्तर प्रदेश सरकार ने अतिक्रमण करने वाले भू-माफिया के विरूद्व कार्यवाही के लिए एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया है। ऐसे में झारखंड सरकार भी यूपी की तर्ज पर कड़े कानून बनाये। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयावह होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।**

# घर भी बनता जा रहा है प्रदूषण का केन्द्र





डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***बात*** थोड़ी विचित्र अवश्य लग सकती है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। इसकी गंभीरता को इससे समझा जा सकता लेसेंट की रिपोर्ट में 2019 में देश में एक लाख से अधिक नवजात बच्चों की मौत जन्म से एक माह के दौरान घरेलू प्रदूषण के कारण हुई है। आधुनिक जीवन शैली और घरों में प्रदूषण के कारक उत्पादों की प्रमुखता इसका कारण है। महिलाओं और बच्चों में डस्ट एलर्जी तो आम होती जा रही है। जरा-सी गंदगी या धूल-मिट्टी से सामना हुआ कि छींक पर छींक, नाक टपकना और यहां तक कि श्वांस लेने में दिक्कत तो आम होती जा रही है। ऐसे में समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। डिओ, शेंपू, मच्छर मारने की दवाएं जैसे अनेक उदाहरण होने के साथ ही सोफा, कालीनों में जमी धूल भी बड़ा कारण बनती जा रही है। प्रदूषण आज की ज्वलंत समस्या है तो सबसे अधिक चर्चा और चिंता का कारण भी प्रदूषण बन गया है। प्रदूषण को लेकर वैश्विक सम्मेलन हो रहे हैं तो प्रदूषण को कम करने के उपायों पर बड़े बड़े सम्मेलनों में चचाएं हो रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। माइक्रो लेवल पर कोई भी बात की जा सकती है पर हमारे घर व मकान में फैल रहे प्रदूषण और उसके कारण होने वाले जानलेवा दुष्परिणामों की और लेसेंट जर्नल की रिपोर्ट आंख खोलने के लिए काफी है। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू प्रदूषण के चलते हमारे देश की ही बात की जाय तो 2019 में 16 लाख 70 हजार लोगों की असमय मौत का कारण वायु प्रदूषण ही रहा है। इनमें 6 लाख 10 हजार लोगों को घरेलू प्रदूषण के कारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ा वहीं इनमें एक लाख 16 हजार तो बच्चे ही हैं। यह तो 2019 के आंकड़े हैं। आज के हालात सुधार के ना होकर इससे अधिक ही चिंतनीय है। ऐसे में घरेलू प्रदूषण के खतरे से बचाव के लिए ठोस प्रयास किया जाना समय की आवश्यकता है। देखा जाय तो हमारे घर में दिन प्रतिदिन काम में आने वाली वस्तुएं ही प्रदूषण का कारण बन रही हैं। हालांकि अब रसोई यानी की खाना पकाने के लिए घर-घर में गैस की पहुंच हो गई है और लकड़ी कोयला के कारण होने वाले प्रदूषण से लगभग निजात मिल चुकी है। पर प्रदूषण के अन्य कारण तैयार हो गये हैं। घरेलू प्रदूषण के दुष्प्रभाव को इस मायने में देखा जा सकता है कि अस्थमा और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण यह घरेलू प्रदूषण बनता जा रहा है। प्रदूषण के कारण एलर्जी होना तो आम बात है। महिलाओं और बच्चों को डस्ट एलर्जी होना या अन्य किसी से एलर्जी होना आम होता जा रहा है। दरअसल, हमारे घर की दैनिक उपभोग की वस्तुएं ही किसी ना किसी कारण से प्रदूषण का कारण भी बन जाती है। इनमें से अधिकांश तो अनजाने में होती है। दरअसल अवेयरनेस के कारण या हमारी जीवन शैली भी इसका एक कारण है। घर में मच्छर मारने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी मच्छाररोधी दवा भी घरेलू प्रदूषण का प्रमुख कारण है तो दूसरी और घरेलू साज-सज्जा सामग्री में फर्नीचर, लकड़ी का सामान, चटाईयां, कालीन आदि की समय पर साफ सफाई नहीं होने से यह प्रदूषण का कारक बन जाते हैं। इसी तरह पूजा में काम ली जाने वाली धूपबत्ती, अगरबत्ती,

**प्रदूषण आज की ज्वलंत समस्या है तो सबसे अधिक चर्चा और चिंता का कारण भी प्रदूषण बन गया है। प्रदूषण को लेकर वैश्विक सम्मेलन हो रहे हैं तो प्रदूषण को कम करने के उपायों पर बड़े बड़े सम्मेलनों में चचाएं हो रही है।**

**इन दिनों**

धूम्रपान, महिलाओं के कास्मेटिक उत्पाद, केमिकल युक्त शेम्पू आदि, पोछा लगाने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी के साथ घरों में उपयोग किये जाने वाले केमिकल पेंट, रंग-रोगन में उपयोग किये जाने वाले उत्पाद भी प्रदूषण और एलर्जी के प्रमुख कारक बनते जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजमर्रा के काम में प्रदूषित ईंधन बड़ा कारण है। प्लास्टिक का अधिकतम उपयोग, ओवन ओटीजी, आरओ आदि उपयोगी वस्तुएं भी प्रदूषण का कारण बनती जा रही है। इसके साथ ही फ्रीज में ऐसी वस्तुओं का उपयोग जिनका फ्रीज में उपयोग नहीं किया जाना भी एक कारण है। देखा जाय तो घरेलू प्रदूषण के कारक हमारे रोजमर्रा के काम आने वाली वस्तुएं ही हैं। सामान्य तौर पर हम इनके दुष्प्रभावों से अधिकांशतः तो अनभिज्ञ रहते हैं। अब अगरबत्ती या धूपबत्ती या मच्छररोधी दवा आदि में उपयोग में होने वाले केमिकल एलर्जी का प्रमुख कारण बन जाते हैं। दरअसल उत्पादों की गुणवत्ता और उनमें उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर काफी कुछ निर्भर करता है। घरेलू प्रदूषण से एलर्जी, सिरदर्द, कान, नाक, गले में दर्द या सूजन, खांसी या सांस लेने में परेशानी होना, बार-बार जुकाम लगना, निमोनिया, त्वचा पर चक्कते होना आदि आम बात है तो प्रदूषण की गंभीरता में अस्थमा, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। देखा जाय तो गर्भवती महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग इसके संभावित प्रभावित होने वाले हैं। बच्चों के दिलों दिमाग पर भी असर देखा जा सकता है। बच्चों के स्वाभाविक विकास में भी यह बाधक बन जाता है। घरेलू प्रदूषण को लेकर भी अब गंभीर होने का समय आ गया है। देखा जाय तो हमारे उपयोग की आज अधिकांश वस्तुएं प्रदूषण का कारक बनती जा रही है। बहुमंजिली इमारतों, खुले में बैठना, धूप सेंकना, मिट्टी में बच्चों को खिलाना आदि दूर की कौड़ी हो गई है। आरओ व ओवन आदि के खिलाफ तो अब जापान जैसे देश आवाज उठाने लगे हैं। होने यह भी लगा है कि सेचुरेशन की स्थिति में नए उत्पाद की मार्केटिंग के चक्कर में अभियान चला कर पुराने उत्पाद के दुष्प्रभावों को उजागर किया जाने लगता है। हालांकि तब तक बहुत देरी हो चुकी होती है। आरओ और ओवन आदि के उपयोग को लेकर आज ऐसा होता जा रहा है। फ्रीज के पानी को लेकर भी बहुत कुछ कहते हुए मटका के पानी पर जोर दिया जाने लगा है। दरअसल हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं उसका परिणाम भी सामने आता जा रहा है। कुछ दशक पुरानी ही बात है जब दीपावली के अवसर पर घरों में रंग रोगन के नाम पर सफेदी होती थी। इसमें कलई होने से यह बरसात के कारण होने वाले कीटाणुओं को खत्म करने का प्राकृतिक उपाय होता था यह सालाना काम होता था। अब केमिकल युक्त पेंट होने लगे हैं। अब समय आ गया है जब सरकारी गैरसरकारी संस्थाओं को घरेलू प्रदूषण को लेकर लोगों को अवेयर किया जाय ताकि घर के प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जानकारी हो और उनसे बचाव के लिए कदम उठाये जा सके। क्योंकि जिन्हें डस्ट आदि घरेलू प्रदूषण के कारणों से श्वास लेने में दिक्कत होने लगती है या फिर इस कारण से अस्थमा की चपेट में आ जाते हैं तो वे किन त्रासद हालात से गुजरते हैं। उससे बचाव किया जाना आवश्यक है।

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा***

***जब*** युगल इस प्रकार खेल रहे थे, सूर्य देव (जिन्हें कर्म साक्षी भी कहा जाता है, जो हमारे सभी कार्यों के साक्षी हैं) एक ब्राह्मण के रूप में मानव रूप में आये और ऋषि से कहा कि वह जो कर रहे हैं वह धर्म नहीं है (और विशेष रूप से एक विद्वान) उनके जैसे ऋषि को दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए)। नग्न अवस्था में ब्राह्मण को देखकर रेणुका लज्जित हो गई ।(ऐसी ही एक कहानी शिव और पार्वती के बारे में भी है और उस मामले में, एक श्राप मिला कि जो कोई भी उस क्षेत्र में प्रवेश करेगा वह एक महिला बन जायेगा!) ऋषि रुकावट पर क्रोधित थे (वह कार्य भी धर्म नहीं है, किसी को भी बाधा नहीं डालनी चाहिए) व्यक्ति नींद में, खाने, सेक्स और अन्य प्राकृतिक कार्यों में) और सूर्य देव को राहु से पीड़ित होने का श्राप दिया (सूर्य ग्रहण की उत्पत्ति इसी श्राप से हुई है)। बदले में सूर्य देव ने ऋषि को एक राजा के हाथों अपमान और मृत्यु का श्राप दिया। उस समय, ऋषि अपने महान तप के कारण मृत्यु से परे थे और रोग से मुक्त थे। विशेषकर अन्य सभी लोगों द्वारा उनका आदर और आदर किया जाता था। क्षत्रिय इस श्राप ने कार्तवीर्यार्जुन के हाथों और फिर बाद में उस राजा के पुत्रों के हाथों जमदग्नि की मृत्यु का बीजारोपण किया। इसके कारण परशु राम ने पृथ्वी पर सभी क्षत्रिय राजाओं का वध कर दिया। हम इसके बारे में बाद में और जानेंगे। ऋषि जमदग्नि ने सूर्य देव को एक और श्राप दिया कि उन्हें पापी माना जाएगा और भगवान ब्रह्मा ने आकर हस्तक्षेप किया और दोनों को शांत किया। उन्होंने ऋषि जमदग्नि के श्राप को संशोधित किया ताकि सूर्य देव की महिमा अप्रभावित रह।

(क्रमशः)

# जीवन प्रकृति के साथ चलने पर ही संभव है



गिरीश्वर मिश्र

***वैश्विक*** स्तर पर सबको प्रभावित करने वाली मानवजनित चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन की खास भूमिका है। इसका स्वरूप दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है। इसे लेकर चिंतन भी होता आ रहा है और गाहे-ब-गाहे विभिन्न स्तरों पर चिंता भी जाहिर की जाती रही है। इस क्रम में ताजा विचार-विमर्श यूएई के विख्यात दुबई महानगर में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज यानी काप का 28 वां सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इस श्रृंखला की यह एक खास कड़ी होगी जिसमें यह जरूरी होगा की इस व्यापक संदर्भ में उठाने वाली समस्याओं के समाधान की दिशा में फलदायी निर्णय लिए जा सकें। अंटार्कटिक क्षेत्र में आ रहे बदलाव और विश्वव्यापी घटना के रूप में अनेक क्षेत्रों में एक लाख से ज्यादा ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन की स्थिति चिंताजनक हो रही है। इन सबसे जीवनदायी गतिविधि में व्यापक असंतुलन परिलक्षित हो रहा है। सतही तौर पर प्रकृति और मनुष्य अलग दिखते हैं। प्रकृति की प्रत्यक्ष होती समृद्धि और सुषमा उसे स्पष्ट रूप से एक संसाधन घोषित करती है और आंशिक रूप से यह सही भी है। पर यह आंशिक सत्य प्रायः पूर्ण मान लिया जाता है और प्रकृति के जल्दी से जल्दी (यथासंभव) अधिकाधिक दोहन का काम शुरू हो जाता है। ऐसा करते हुए मनुष्य की विभिन्न उपलब्धियां उसका भ्रम बनाये रखती हैं। भ्रम तब टूटता है जब प्रगति सरीखी इस दिग्विजय में मनुष्य को ठोकर लगती है। पिछले कुछ वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में तेजी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य हस्तक्षेप से बाज नहीं आता। उसे नष्ट कर होनी वाली क्षति अपूरणीय क्षति होती है। पिछले वर्षों में यूरोप और अमेरिका के अनेक भू-क्षेत्रों में बाढ़, लू, वनाग्नि, सूखा और प्रचंड तूफान जैसी जलवायु की चरम स्थितियों का बार-बार सामना करना पड़ा है। भारत के हिमाचल प्रदेश, असम, उत्तराखंड और दिल्ली में जिस तरह बाढ़ का प्रकोप अनुभव किया गया वह विस्मित करने वाला था। दक्षिण भारत के कई शहरों में बाढ़ का प्रकोप हुआ था। वस्तुतः भारत समेत विश्व के अधिकांश भौगोलिक क्षेत्रों में लगातार अनुभव हो रही प्राकृतिक विभीषिकाएं देखते हुए जलवायु वैज्ञानिक दुनिया को संभावित खतरों से आगाह करने के लिए अनेक वर्षों से सतर्कता बरतने का आग्रह करते आ रहे हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के द्वारा जुटाये तथ्यों और तर्कों का नीति-निर्माण और कार्यान्वयन के स्तर पर काफी असर होना चाहिए था। पर हुआ यह कि अनेक देशों के राजनयिकों द्वारा इनके लिए प्रतिबद्धता दर्शाने की रस्म अदायगी बढ़ गई है। इससे जुड़े बैठकों, आयोजनों और विमर्शों के प्रकाशन भी समय-समय पर होते रहे हैं। इस सिलसिले में टिकाऊ (ससटेनेबल) विकास की अवधारणा की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति एक सराहनीय कदम था । ऐसे सोलह टिकाऊ विकास लक्ष्यों ( एसडीजी ) का खूब प्रचार-प्रसार हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में प्रकाशित हुई अनेक रपटों, पारस्परिक सहमतियों और वैश्विक उद्घोषणाओं से राजनेताओं की कुछ-कुछ गंभीरता तो जरूर प्रकट हुई है परंतु उसे कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा निहित स्वार्थ के कारण कंटकाकीर्ण रही है। फलतः प्रकृति के साथ सहजीवन की दिशा में हमारे प्रयास नाकाफी रहे हैं जब कि उसके अंधाधुंध दोहन का प्रयास खूब बढ़ा है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश के साथ जैव विविधता आज जिस तरह तेजी से घट रही है उसे किसी भी तरह अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। पेयजल के स्रोत तेजी से समाप्त हो रहे हैं। दरअसल जलवायु और पर्यावरण से जुड़े प्रश्नों को लेकर सरकारी खेमों में आरंभिक उत्साह और मीडिया में जोरदार उपस्थिति के साथ फौरी फायदे अधिक महत्व के हो जाते हैं। उसमें ही बढ़त पाने की जुगत लगाई जाती है। उसके आगे मानवता को होने वाले बड़े और दीर्घकालिक नुकसानों को अकसर भुला दिया जाता है। आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से रसूख वाले तथाकथित विकसित देश जलवायु से जुड़ी प्रतिज्ञाओं और संकल्पों में शामिल होने को छोड़ अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आते।

**अंटार्कटिक क्षेत्र में आ रहे बदलाव और विश्वव्यापी घटना के रूप में अनेक क्षेत्रों में एक लाख से ज्यादा ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन की स्थिति चिंताजनक हो रही है।**

**प्रकृति**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# एड्स को लेकर जागरुकता बढ़ाने के हों गंभीर प्रयास



योगेश कुमार गोयल

***'एड्स'*** न केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए आज भी एक भयावह शब्द है, जिसे सुनते ही भय के मारे पसीना छूटने लगता है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2022 के अंत तक 3.9 करोड़ से भी ज्यादा लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'लैट कम्युनिटी लीड' विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स के इतिहास पर नजर डालें तो 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी साकोर्मा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गये थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे 'गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति 'एड्स' कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है, डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में करीब 42 फीसदी की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं।

**एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है।**

**जागरुकता**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# तीन करोड़ की बीमा पॉलिसी के लिए पति को मरवाया

**एजेंसी। कानपुर**

कानपुर के सरकारी स्कूल में प्राइमरी शिक्षक के पद पर कार्यरत शहर के देहली सुजानपुर के रहने वाले राजेश गौतम को 4 नवंबर को मॉर्निंग वॉक के दौरान एक कार ने कुचल दिया था जिसमें उनकी मौत हो गई थी। राजेश को कुचलने के बाद कार एक बिजली के पोल से टकरा गई थी। जिससे उसका टायर फट गया और कार सवार उसे वहीं छोड़कर भाग गए थे. राहगीरों के साथ-साथ पुलिस भी इस मामले को सड़क हादसा समझ रही थी। मृतक के भतीजे कुलदीप ने चाचा की मौत को लेकर कई जगह जाकर सीसीटीवी फुटेज चेक कराए। सीसीटीवी में एक जगह दिखाई दिया कि घटना के पहले दो कारें घटना स्थल के पहले दिखाई दी थीं शक होने पर मृतक के भतीजे ने पुलिस को ये सब जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की तो धीरे धीरे कड़ियां जुड़ती चली गई। मामले में मृतक के भतीजे की खोजबीन और पैरवी करने से मृतक की पत्नी घबरा गई और कुलदीप के खिलाफ ही थाने में पति की हत्या कराने की शिकायत कर दी। जिसके बाद सभी का शक पत्नी उर्मिला की तरफ चला गया।



पुलिस की जांच में मामला सामने आया कि पत्नी उर्मिला के उनके मकान बनाने वाले शैलेंद्र सोनकर के साथ संबंध हो गए थे और दोनों ने मिलकर कुछ महीने पहले से ही राजेश की हत्या की प्लानिंग शुरू कर दी थी। राजेश के पास तीन करोड़ की बीमा पॉलिसी और करोड़ों की संपत्ति थी। जिसके बाद उर्मिला ने प्रेमी शैलेंद्र के साथ मिलकर ये प्लान बनाया था कि हत्या ऐसे हो जो सड़क हादसा लगे। मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी उर्मिला, उसके प्रेमी शैलेंद्र और एक सुपारी किलर विकास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि सुमित की तलाश चल रही है। इधर पुलिस का कहना है कि मामले का पूरा खुलासा हो जायेगा। पुलिस अपने जांच पड़ताल में पूरी तरह जुट गयी है।

### कार से एक्सीडेंट कराने के लिए उर्मिला ने सुमित कठेरिया और विकास सोनकर को 4 लाख रुपये की सुपारी दी थी

## एक नजर

### बेटी गंगा ने चरण छूकर अपने बाबा को दी विदाई; कई मंत्री-विधायक रहे मौजूद



**मिजार्पुर।** कछवां क्षेत्र के गड़ौली धाम के संस्थापक और बिहार प्रांत के सह प्रभारी सुनील भाई ओजा पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार धाम के ही गंगा घाट पर किया गया। उनके बड़े पुत्र विरल और छोटे बेटे रूत्वीज ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान उनकी पत्नी, बहुएं, गोद ली बेटी सहित भाजपा के कई पदाधिकारी, मंत्री व विधायक मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने हर हर महादेव के जयकारे के साथ सुनील ओजा को विदाई दी। यहां एक घंटे तक अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सम्राट चौधरी सहित विधायक सांसदों ने उन्हें पुष्प गुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके परिजनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बेटी गंगा ने भी चरण छूकर अपने बाबा को विदाई दी।

### गैस कटर से काटकर चोरों ने पार कर दिए 27 लैपटॉप

**रायगढ़।** जिले के किरोड़ीमल नगर इलाके के यूनिवर्सल कंप्यूटर में चोरों ने बीती रात दुकान का शटर काटकर 27 नग लैपटॉप पार कर दिया।गुरुवार सुबह जब इलाके के लोगों ने दुकान का शटर टूटा हुआ देखा तब दुकान संचालक को घटना की जानकारी दी। संचालक ने दुकान खोला तो अंदर से 27 लैपटॉप चोरी हो चुके थे। खास बात यह है कि चोरों ने ने चोरी के पहले आसपास के तीन-चार घरों के मेन गेट में बाहर से ताला लगा दिया था ताकि उन्हें चोरी करने में आसानी हो। हालांकि दुकान में चोरी करते हुए और बाहर निकलते हुए चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। घटना के बाद कोतरा रोड पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### भारत -ऑस्ट्रेलिया टी-20 मैच के टिकट की कालाबाजारी, चार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच टी20 सीरीज का चौथा मैच होगा। दोनों टीमें 29 नवंबर की शाम को राजधानी रायपुर पहुंच गईं। इसी बीच भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टी20 मैच के टिकटों की कालाबाजारी भी हो रही है। जिसमें रायपुर पुलिस ने बुधवार की देर शाम को चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर टिकटों की कालाबाजारी करते तुलसी बाराडेरा मंदिर हसौद निवासी अनिल जांगड़े व आकाश कुमार धीवर तथा राजधानी के सिविल लाइन निवासी बबलू नायक व आशीष मिश्रा को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से रायपुर में 1 दिसंबर को होने वाले ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत टी 20 क्रिकेट मैच के 13 टिकट जब्त किए। चारों आरोपितों के खिलाफ थाना कोतवाली में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

### जैन मंदिर से 12 किलो वजनी चांदी की मूर्ति, छत्तरी व तिजोरी उठा ले गए चोर

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में चोरों के हौंसले एक बाद फिर बुलंद हो गए हैं। बिती रात जैन मंदिर 20 किलो चांदी की मूर्ति उसके छतरी व दान पेटी लेकर चोर भाग गये, जिकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये की बतायी जा रही है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। पुलिस फुटेज में आए हुलिए के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सूखीसेवनिया पुलिस के अनुसार स्टेशन के पास ही अहिंसा स्थली कॉलोनी है जो पूरी तरह से कवर्ड कैम्पस है। बिती देर रात बदमाशों ने कॉलोनी के कैम्प्स की बाउंड्री में लगी तार की फेंसिंग को काटकर कॉलोनी में पीछे की तरफ से घुसे और जैन मंदिर के मेन गेट पर लगे पांच तालों को तोड़कर अंदर प्रवेश किया था। सूखी सेवनिया पुलिस के मुताबिक मुकेश कुमार जैन (59) निर्मल कुसुम निवास, अहिंसा स्थली, सूखी सेवनिया में रहते हैं। उन्होंने बताया कि अमोनी रोड पर श्री दिगंबर जैन त्रिमूर्ति मंदिर बना हुआ है।

### अब गरीब और लाचारों को नहीं लगेगी ठंड

## युवाओं की टोली ने पूर्णिया में कम्युनिटी किचन की शुरूआत की



**एजेंसी। पूर्णिया**

आजकल बदलते जमाने के अनुसार युवाओं की सोच भी काफी ऊंची होती जा रही है। अगर बात पूर्णिया के युवाओं की करें तो पूर्णिया के युवाओं की टोली कुछ नया करती रहती है। पूर्णिया के युवाओं की टोली ने पूर्णिया में कम्युनिटी किचन की शुरूआत की। जिसका काम पूर्णिया में गरीब जरूरतमंद लाचार और भूखे लोगों को रोजाना भोजन उपलब्ध कराती है। वही, पूर्णिया की युवाओं की दूसरी और अनोखी पहल की है। दरअसल, पूर्णिया के युवाओं की टोली ने अब पूर्णिया में गरीब लाचार जरूरतमंद लोगों को कपड़े उपलब्ध कराने के लिए कपड़ा बैंक खोलने का निर्णय लिया है। जिसकी शुरूवात बहुत जल्द होगी। वहीं जानकारी देते हुए पूर्णिया के आनंद फाउंडेशन के सदस्य प्रीतम कुमार और स्थानीय समाजसेवी युवा रुपेश चौधरी, रविनेश कुमार सहित अन्य युवाओं की टोली ने कहा कपड़ा बैंक निरंतर चलता रहे, इसकी जिम्मेदारी उठाने का भी निर्णय लिया है। वहीं, प्रीतम कुमार और रुपेश चौधरी सहित अन्य युवाओं ने कहा 1 दिसंबर से पूर्णिया में गरीब और बेसहारा लाचार जरूरतमंद लोगों को अब ज्यादा गर्मी बरसात या धूप ऐसी स्थिति में कपड़ों के कमी होने का एहसास नहीं होगा।

### बिहारी छोरे ने विदेशी गर्ल का जीता दिल

## शादी रचाने जोहान्सबर्ग से बेतिया पहुंची दुल्हन, आशीर्वाद देने के लिए उमड़ी भीड

**एजेंसी। पश्चिमी चंपारण**

कहते हैं कि प्यार सरहद की बेड़ियों को तोड़ देता है।ऐसा ही कुछ नजारा बीते बिहार के रामनगर में भी देखने को मिला। सात समुंदर पार से आई विदेशी युवती ने हिंदू रीति रिवाज से शादी रचाई। साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग की रहने वाली दुल्हनिया किम मोलेनार और बिहार के अमित कुमार की कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जिनकी शादी हिंदू रीति रिवाज से हुई। दरअसल दूल्हा अमित कुमार वर्ष 2013 में साउथ अफ्रीका गए, जहां जोहांसबर्ग में मार्केटिंग लीडर के तौर पर काम करने लगे। जानकारी के अनुसार अमित कुमार जिस कंपनी में काम करते थे उसी कंपनी में पैम मोलेनर की पुत्री किम भी काम करती थी। कुछ साल पहले किम से आंखें चार हुई। फिर दोनों ने शादी का फैसला कर लिया। किम अपनी मां के साथ



साउथ अफ्रीका से रामनगर में पहुंच गई। इसके बाद अमित कुमार और किम ने हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। बताया जाता है कि रामनगर के आर्यनगर मोहल्ला निवासी पीएमवीएस कॉलेज के लेक्चरर प्रफुल्ल चंद्र ठाकुर और गृहिणी रानी ठाकुर के पुत्र अमित कुमार जोहांसबर्ग में मार्केटिंग लीडर के तौर पर काम करने लगे। इसी कंपनी में पैम मोलेनर की पुत्री किम भी काम करती थी। कुछ साल पहले वहां की मूल निवासी किम से आंखें चार हुई। दोनों ने एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान किया। इसके बाद दोनों ने एक साथ रहने का फैसला किया। लेकिन, भारतीय सभ्यता संस्कृति में विदेशी बहू का मामला फिट नहीं बैठता रहा था। यही स्थिति किम के साथ भी थी। दोनों के घर परिवार को भी यह थोड़ा नागवार लगा।

### जमुई से नहीं हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे चिराग पासवान

**पटना।** हाजीपुर सीट पर किसकी दावेदारी, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस या फिर चिराग पासवान? अब इस सवाल पर एक बार फिर से बहस शुरू हो गयी है। एक तरफ पशुपति कुमार पारस हाजीपुर पर अपना दावा ठोक रहे हैं तो दूसरी तरफ चिराग पासवान की पार्टी की तरफ से साफ किया गया है कि हाजीपुर से चिराग पासवान ही चुनाव लड़ेंगे। बता दें, जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है अलग-अलग पार्टी की गतिविधियां तेज हो गई हैं। लोक जनशक्ति पार्टी का स्थापना दिवस केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस में इस बार हाजीपुर में मनाया। उन्होंने कहा कि एक तरीके से हाजीपुर में यह उनका चुनावी शंखनाद है यह वहीं दूसरी तरफ जमुई सांसद चिराग पासवान ने पार्टी का स्थापना दिवस पटना के बापू सभागार में मनाया। चिराग पासवान के साथ केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की सांसद वीणा देवी भी नजर आयीं। हालांकि पशुपति कुमार पारस ने दावा किया था कि उनके सारे सांसद एक साथ है।

### उद्यमियों से बोले सीएम योगी, युवाओं को ट्रेनिंग दीजिए

## एक साल का मानदेय हम देंगे

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित उद्यमियों के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्हें निवेश के लिए आमंत्रित किया और कहा कि सरकार उद्यमियों को हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि नये युवाओं को प्रशिक्षित कीजिए एक वर्ष का मानदेय सरकार देगी।उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में यूपी ने इंफ्रास्ट्रक्चर, गरीब कल्याण योजनाएं और विकास के दम पर दुनिया भर में नाम कमाया है। अगले चार साल में भारत दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। उद्योग जगत के योगदान के बिना ये संभव नहीं है। यूपी की एक जिला एक उत्पाद योजना देश भर में अपनाई जा रही है। आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत लोकल फॉर वोकल है। एमएसएमई ही (एक जिला एक उत्पाद) ओडीओपी है। उन्होंने




कहा कि हमारी प्रतिस्पर्धा किससे है इसे देखकर क्वालिटी को बेहतर बनाना होगा। जो दिखता है, वही बिकता है इसलिए पैकेजिंग पर खास ध्यान दें। यही सबसे पहले आकृष्ट करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पैकेजिंग संस्थान खुल रहा है। इंस्पेक्टर राज को खत्म करने के लिए ही निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टल लांच किए गए। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार हुआ है। निवेश मित्र पोर्टल देश का सबसे बड़ा पोर्टल है। निवेश सारथी के जरिए एमओयू फाइनल किए जा रहे हैं। यूपी ने रिफॉर्म, परफॉर्म और लॉ एंड ऑर्डर पर काम किया है मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमियों को चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए लगातार काम हो रहे हैं। बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश ने रिफॉर्म, परफॉर्म और लॉ एंड ऑर्डर पर काम किया है। प्रदेश में चालीस लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ग्रेटर नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड शो में 500 विदेशी ग्राहक आए। चार लाख से ज्यादा लोग आए। ये नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि आज का समय स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का है। दुनिया हमारी तरफ देख रही है। ये समय आपका यानी उद्यमियों का है। नोएडा को बसने में 36 साल लग गए।

### चक्रवाती तूफान मिचौंग से छत्तीसगढ़ में बारिश के आसार, ठंड की वापसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल गया है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाली नमी युक्त हवा ने मौसम को बदल दिया है।बारिश के साथ ठंडक की वापसी हो रही है।प्रदेश में उत्तर भारत और मध्य भारत में मौसमी बदलाव का असर छत्तीसगढ़ में भी पड़ रहा है। वहीं बंगाल की खाड़ी में एक नए चक्रवाती तूफान ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। यह चक्रवाती तूफान मिचौंग नाम का है जो अब छत्तीसगढ़ में भी मौसम बिगाड़ सकता है।मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती तूफान मिचौंग दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में पहुंचेगा। 3 दिसंबर को बस्तर और 4 दिसंबर को दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर संभाग में असर दिखने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बंगाल की दक्षिणपूर्व खाड़ी और उससे सटे हुए दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र अब कम दवाब वाले इलाके में पूरी तरह से तब्दील हो गया है।

## गोरखपुर नगर निगम में अब इंडिया की जगह भारत लिखने की तैयारी, मेयर ने बनाई योजना



**एजेंसी। गोरखपुर**

नगर निगम अपने पत्राचार में इंडिया नाम की जगह भारत का इस्तेमाल कर सकता है। मेयर ने इसे लेकर तैयारी की है। प्रस्ताव है कि भारत नाम की स्वीकृति के लिए बोर्ड या पार्षदों संग बैठक कर इस पर मुहर लगाई जाए। उम्मीद है कि इंदौर के बाद गोरखपुर दूसरा नगर निगम होगा, जहां पत्राचार के साथ अन्य पत्रावलियों में इंडिया की जगह भारत शब्द का प्रयोग किया जाएगा। मेयर ने बताया कि इसे लेकर सभी पार्षदों की सहमति ली जाएगी। देशभर इन दिनों इंडिया बनाम भारत की चर्चा जोरों पर है। इसका कारण विपक्ष द्वारा अपने गठबंधन का नाम भी इंडिया रखना बताया जा रहा है। अब नगर निगम में मेयर की ओर से पहल की जा रही है। हालांकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से सांसद रहने के दौरान देश का नाम बदले जाने संबंधी कोशिश की थी। उन्होंने संसद में इसकी मांग उठाई थी। वर्ष 2014 में सांसद रहते हुए योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा में बिल पेश किया था।

### महासमुंद : ट्रक से 517 किलो गांजा बरामद, चालक व परिचालक फरार

**महासमुंद।** नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए पिथौरा पुलिस और सायबर सेल ने गुरुवार को नेशनल हाईवे 53 पर भारी मात्रा में गांजे से भरे ट्रक को जब्त किया है। पुलिस ने ट्रक से 517 किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत दो करोड़ 76 लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार पिथौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 2783 में भारी मात्रा में गांजे की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने तस्करों को पकड़ने के लिए नेशनल हाइवे 53 टप्पा सेवईया के पास घेराबंदी की।इसी दौरान तस्करों को पुलिस की घेराबंदी के बारे में भनक लग गई, जिसके बाद ट्रक चालक व परिचालक ट्रक हाइवे पर एक ढाबे के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार तस्कर ट्रक में खंडा चावल के नीचे गांजा छुपाकर ले रहे थे, जब पुलिस कर्मियों ने ट्रक की तलाशी ली तो भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

### शहडोल में पटवारी की हत्या से उमा भारती हुईं द्रवित

## अब अवैध खनन के खिलाफ शुरू करेंगी अभियान

**एजेंसी। भोपाल**

शहडोल में अवैध खनन रोकने गए पटवारी प्रसन्न सिंह की हत्या ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को द्रवित कर दिया है। अब उन्होंने प्रदेश में खनन माफिया के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वह नर्मदा जी का आशीर्वाद लेकर ब्योहारी से अभियान की शुरूआत करेंगी। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन, सत्ता उनके सामने दीन हो गए हैं। क्या अब मुझे लठ लेकर खड़ा होना होगा। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों की मतगणना के तीन दिन पहले भाजपा की तेजतर्रार नेत्री उमा भारती ने दावा किया कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। वह मुख्यमंत्री से अकेले में खनन माफिया को लेकर बात करेंगी। यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह खुलकर बोलेंगी और आंदोलन शुरू करेंगी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भरपूर तारीफ भी की। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि यदि मैं पोजिशन में रहकर कोई योगदान नहीं दे सकी तो मेरी पोजिशन का क्या मतलब रह जाएगा?



#### भाजपा पर मेरी निष्ठा, मोदी मेरे नेता

भाजपा नेत्री ने कहा कि भाजपा पर मेरी निष्ठा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मेरे नेता हैं। अमित शाह जी ने धारा 370 हटाने की हिम्मत दिखाई है। मोदी जी ने राम मंदिर का शिलान्यास किया है। राजमाता के कारण ही मेरा संघ से संपर्क हो सका था। अटल जी और आडवाणी जी के बाद पार्टी को खड़ा करने में मुझे झोंक दिया गया था। मोदी जी, आपकी राजनीतिक प्रतिष्ठा पर कभी संकट नहीं आएगा। मैं आपके साथ हमेशा रहूंगी। इस देश पर मैं जान दे सकती हूं।

### स्कूलों की छुट्टी विवाद पर प्रशांत किशोर ने की तीखी टिप्पणी, कहा

## सरकार राजनीतिक परंपराओं को ध्यान में रखकर लें निर्णय, नहीं तो भुगतेंगे अंजाम

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सरकारी स्कूलों में चल रहे छुट्टी विवाद पर प्रशांत किशोर ने नीतीश सरकार को नसीहत देते हुए चुटकी भी ली है। उन्होंने कहा, सत्ता में बैठे लोगों की जिम्मेदारी है कि सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक परंपराओं को ध्यान में रखकर निर्णय लें, नहीं तो इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। दरअसल पिछले कुछ दिनों से सरकारी स्कूल में अवकाश को लेकर शिक्षा विभाग के आदेश के बाद मामला लगातार राजनीतिक रंग लेता जा रहा था। एनडीए बिहार की नीतीश सरकार पर तुष्टिकरण से लेकर कई तरह के आरोप लगा हमला बोल रही थी कि नीतीश कुमार सरकार ने साल 2024 के लिए एकेडमिक कलेंडर लिस्ट जारी कर दिया। छुट्टी की इस लिस्ट में रामनवमी, शिवरात्रि सहित दूसरे त्योहारों की छुट्टी को रद्द कर दिया



गया है। अब इसी मुद्दे पर जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बयान दिया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जो लोग भी सत्ता में बैठे हैं उनकी ये जिम्मेदारी है, उनसे ये अपेक्षा है कि सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक जो परंपराएं हैं उसको ध्यान में रखकर इस तरह के निर्णय लिए जाए। अगर उसको ध्यान में रखकर आप निर्णय नहीं लेंगे तो उसका खामियाजा आपको भुगतना पड़ेगा, समाज उसका जवाब देगा। हर पांच वर्ष में जनता के पास इसीलिए तो वोट का अधिकार है।

### भारी विरोध — अंजू के भारत लौटने पर पैतृक गांव में आक्रोश

## ग्रामीणों ने दी जान से मारने की धमकी

**एजेंसी। ग्वालियर**

एक बार फिर भारत की अंजू सुर्खियों में आ गई है क्योंकि अंजू पाकिस्तान से वापस भारत लौट आई है। अंजू विगत बुधवार को अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत में दाखिल हुई। अभी वो बीएसएफ के कैंप में है। वहीं, से उसकी पहली तस्वीर सामने आई है। वहीं, अंजू का परिवार मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रहता है। जिले के टेकनपुर में स्थित बोना गांव में अंजू के पिता गयाप्रसाद थामस रहते हैं। अंजू की घर वापसी को लेकर उसके पिता गया प्रसाद थॉमस मीडिया के सामने कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं उनका कहना है कि मैंने पहले भी कहा था वह मेरे लिए मर चुकी है। टेकनपुर में स्थित बेना गांव में अंजू के पिता गया प्रसाद ने अपनी घर के दरवाजे बंद कर लिए हैं। वह किसी से कुछ




बात नहीं करना चाह रहे हैं, तो वहीं, अंजू के भारत आने की जानकारी जैसे ही गांव वालों को लगी तो वह भी अंजू के घर पहुंच रहे हैं। गांव वालों का कहना है कि अंजू के पिता पहले ही मना कर चुके हैं कि वह मेरे लिए मर चुकी है। अगर वह यहां पर आई तो हम अंजू के पिता को भी गांव से बाहर कर देंगे। अंजू ने पाकिस्तान में जाकर इस गांव का नाम बदनाम किया है इसलिए उसे यहां रहने का कोई हक नहीं है। अगर वह गांव में आती है तो उसको मारा जाएगा। वही, गांव के सरपंच का रवि गुर्जर कहना है कि सभी गांव वालों ने पहले ही अंजू के पिता और माता से मना कर दिया था कि गांव में आने की कोई आवश्यकता नहीं है। अगर वह आएगी तो हम उसे आने नहीं देंगे। उनका कहना है कि अभी वह घर के अंदर हैं जब वह निकलेंगे तो उनसे पूरा गांव बात करेगा कि अंजू को आप पूरी तरह नकार दीजिए। इसके साथ ही गांव के सरपंच रवि गुर्जर का कहना है कि संबंधित थाने में भी इसकी शिकायत करेंगे और एक आवेदन भी देंगे और इस परिवार की जांच करें।

#### अंजू ने गांव व देश का नाम नीचा किया : ग्रामीण

अगर इस गांव में अंजू ने गांव में कदम रखा तो उसे जान से मार देंगे। क्योंकि अंजू ने अपने परिवार का ही नहीं बल्कि भारत का नाम और इस गांव का नाम बदनाम किया है। गांव के रहने वाले धर्मेंद्र गुर्जर का कहना है कि अंजू मेरे साथ पढ़ी है और मेरी क्लासमेट रही है। अंजू ने महिलाओं का बदनाम किया है। ऐसी महिला को यहां रहने का कोई हक नहीं है।

## पत्नी की हत्या की सुपारी देने वाले को ही मार डाला

**एजेंसी। बुलंदशहर**

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से एक दिलचस्प और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक सुपारी किलर ने पत्नी के मर्डर की सुपारी देने वाले का ही कत्ल कर दिया। इस मामले में ककोड़ पुलिस ने सुपारी किलर और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है। सुपारी किलर से 3 लाख रुपये की नकदी, एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और कमरे की चाबी बरामद की गई है। पुलिस की छानबीन से पता चला कि एक दंपत्ति के बीच प्रॉपर्टी को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। रोज रोज के विवाद और झगड़े से तंग आकर पति तेजपाल ने अपनी पत्नी की हत्या की सुपारी बबली नाम के बदमाश को दी थी। हत्या के लिए पांच लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। लेकिन अंत में कुछ ऐसा हुआ कि किलर ने पत्नी की हत्या की सुपारी देने वाले को ही मार डाला। बताया जाता है कि महिला की हत्या के लिए उसके पति तेजपाल अपने एक जानने वाले के माध्यम से सुपारी किलर तक पहुंचा था। इस मामले में बिचौलिया भी आपराधिक पृष्ठभूमि का है। सुपारी किलर और मीडिएटर दोनों वादे के मुताबिक, महिला की हत्या करने गए। सारा प्लान पहले से तय था। लेकिन, अंत में ऐसा कुछ ऐसा हुआ कि सब कुछ उलटा पुलटा हो गया। सुपारी किलर बबली ने अपने साथी यानि मीडियेटर के साथ मिलकर तेजपाल को ही मार डाला। तेजपाल का शव उसके घर के एक कमरे में मिला। उसके शरीर में गोलियां लगी थी । घटना 15 नवंबर की बताई जा रही है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ककोड़ थाने की पुलिस ने जांच शुरू की और आखिर, वह जल्दी ही हत्या के आरोपियों तक पहुंच गई। गिरफ्तारी के बाद बदमाशों ने पुलिस को पूरी जानकारी दी। छानबीन में जो तथ्य बदमाशों की जुबानी सामने आए उसे सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई।

## एक नजर

### 5 देशों के टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले 5 देशों के टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की है। भारत 5 देशों के टूर्नामेंट में मेजबान स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम के खिलाफ खेलेगा, जो 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों से पहले तैयारी के रूप में काम करेगा। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण है, जिसका नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। इस दौरे के लिए सुमित और अमित रोहिदास को हरमन के डिप्टी के रूप में नामित किया गया है। टीम चयन पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम युवाओं और अनुभव के अच्छे मिश्रण के साथ एक संतुलित टीम के साथ जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और दुनिया की शीर्ष टीमों का सामना करने के दबाव का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करेगा।

### महिला जूनियर हॉकी विश्व में भारत ने पहले मैच में कनाडा को 12-0 से हराया

**सैंटियागो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली के सैंटियागो में आयोजित एफआईएच महिला हॉकी जूनियर विश्व कप के अपने पहले मैच में बुधवार रात कनाडा को 12-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। भारत के लिए मुमताज खान (26', 41', 54', 60') ने चार, अन्नू (4', 6', 39') और दीपिका सोरेंग (34', 50', 54') ने 3-3 व दीपी मोनिका टोप्पो (21'), नीलम (45') ने 1-1 गोल किया। भारत ने मैच की शुरूआत आक्रामक रुख के साथ की, कनाडा पर लगातार दबाव डाला और तेजी से बढ़त हासिल की क्योंकि अन्नू (4', 6') ने पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से दो शुरूआती गोल किए। दो गोल की बढ़त लेने के बावजूद, भारत ने अपनी आक्रामक शैली जारी रखी और कनाडा पर दबाव बनाए रखा, पहले क्वार्टर में भारतीय टीम 2-0 से आगे रही। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा कायम रखा।

### पंजाब और बेंगलुरू के बीच मुकाबला अनुभव और युवा जोश का


**बेंगलुरू।** पंजाब एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीजन की अपनी शुरूआती जीत की तलाश में है और वो आज रात श्री कांतीरावा स्टेडियम में खेले जाने वाले आईएसएल सीजन 10 के मैचवीक8 मुकाबले में मेजबान बेंगलुरू एफसी का सामना करेगी। आईएसएल की सबसे नई टीम ने लीग में अब तक एक दिलचस्प यात्रा का अनुभव किया है। उन्होंने अपनी क्षमताएं दिखाना शुरू कर दिया है, जिसमें जमशेदपुर एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ ड्रा शामिल है, जो कि घर से दूर एफसी गोवा के खिलाफ 1-0 की करीबी हार के ठीक बाद में आए। हालांकि उन उत्साहवर्धक यात्राओं ने आगे के लिए सकारात्मक परिणामों की उम्मीद जगा दी थी, लेकिन तब से उनका प्रदर्शन यकीनन स्थिर हो गया है।

## आईपीएल नीलामी 2024

# खिलाड़ियों के पास पंजीकरण कराने का आज आखिरी मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खिलाड़ियों के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी के लिए पंजीकरण कराने का आज अंतिम दिन है। खिलाड़ियों को अपने संबंधित बोर्ड के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के साथ अपना नाम जमा करना आवश्यक है। नीलामी 19 दिसंबर को होनी है। विश्व कप में पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, ट्रैविस हेड, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, इब्राहिम जादरान, रहमत शाह जैसे उल्लेखनीय विश्व कप प्रदर्शन करने वालों सहित इस बार नीलामी के लिए 700 से अधिक खिलाड़ियों के पंजीकरण कराने की उम्मीद है। विशेष रूप से, पिछली नीलामी में खरीदे जाने के बाद खुद को अनुपलब्ध रखने के अपने इतिहास के बावजूद, फ्रेंचाइजी द्वारा स्टार्क का उत्साहपूर्वक पीछा किए जाने की उम्मीद है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के करीबी सूत्रों ने खुलासा किया है कि कम से कम पांच फ्रेंचाइजियों ने बाएं हाथ के गेंदबाज से संपर्क किया है और मार्की सूची में



उनके प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। पंजीकरण के बाद, फ्रेंचाइजी को सूची में कटौती करने का काम सौंपा जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को नीलामी में करीब 70 खिलाड़ियों के बिकने का अनुमान है। बीसीसीआई ने निर्दिष्ट किया है कि नीलामी में कुल 262.95 करोड़ रुपये तक का लेनदेन हो सकता है, जिसमें 10 टीमों में 77 स्लॉट उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, टीमें अधिकतम 30 विदेशी खिलाड़ियों को प्राप्त कर सकती हैं। बेन स्टोक्स पहले ही नाम वापस ले चुके हैं, फ्रेंचाइजी सूत्रों ने संकेत दिया है कि वे हाल ही में मुंबई इंडियंस द्वारा जारी किए गए जोफ्रा आर्चर की उपलब्धता के बारे में पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। ऐसी भी अटकलें हैं कि जोश हेजलवुड लीग के लिए उपलब्ध हो सकते हैं, जिन्हें हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने रिलीज किया है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के समापन के बाद मार्च के तीसरे सप्ताह से मई के तीसरे सप्ताह तक आईपीएल होने की संभावना है। यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि खिलाड़ियों और बोर्डों के पास 3 जून से शुरू होने वाले ट्वेंटी20 विश्व कप की तैयारी के लिए पर्याप्त समय है।

### नाथन लियोन सीजन 2024 के लिए लंकाशायर क्रिकेट में शामिल हुए

**ओल्ड ट्रैफर्ड।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिन जादूगर नाथन लियोन ने लंकाशायर क्रिकेट के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। वो अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होंगे। लंकाशायर क्रिकेट ने नाथन लियोन के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए गुरुवार को एक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया, ₹लंकाशायर क्रिकेट को 2024 सीजन के लिए अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय ऑफ-स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन के विदेशी अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद वो 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होगा।

## श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर को मिलेगी जगह!

# बदल गई है कंगारू टीम: दोनों टीम के बीच होगा जबरदस्त मुकाबला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। भारत को तीसरे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से हराया था। भारत वापसी करना चाहेगा और सीरीज पर कब्जा करने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम के लिए खुशखबरी है कि श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी हो रही है। वह बतौर उपकप्तान रायपुर टी-20 मैच में टीम से जुड़ेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया शुक्रवार, 1 दिसंबर को पांच मैचों की सीरीज का चौथा टी-20 मैच खेला जाएगा। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दोनों टीमें आमने-सामने होगीं। रायपुर में अभी तक एक भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला गया है। 1 दिसंबर को पहली बार यहां टी-20 मैच खेला जाएगा। पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। भारत को तीसरे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से हराया था। भारत वापसी करना चाहेगा और सीरीज पर कब्जा करने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम के लिए खुशखबरी है कि श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी हो रही है। वह बतौर उपकप्तान रायपुर टी-20 मैच में टीम से जुडेंगे। दीपक चाहर को मिल सकती है प्लेइंग इलेवन में जगह तीसरे टी-20 मैच में भारतीय टीम की गेंदबाजी की कलई खुल गई थी।

**भारतीय टीम**

यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, दीपक चाहर

**ऑस्ट्रेलिया टीम**

ट्रैविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, बेन मैकडरमॉट, जोश फिलिप, टिम डेविड, आरोन हार्डी, मैथ्यू वेड, नाथन एलिस, तनवीर संघा, केन रिचर्डसन/बेन द्वारशुइस, जेसन बेहरेनडॉफ

**बदल गई है ऑस्ट्रेलियाई टीम :** ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो टीम में काफी बदलाव हो सकता है, क्योंकि टीम के सीनियर खिलाड़ी स्टीव स्मिथ, एडम जंपा, ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी वापस स्वदेश लौट चुके हैं। इनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज जोश फिलिप और बेन मैकडरमॉट के साथ-साथ तेज गेंदबाज बेन द्वारशुइस और स्पिनर क्रिस ग्रीन को टीम में शामिल किया गया है।



## साउथी 2,000 टेस्ट रन और 300 विकेट लेने वाले तीसरे कीवी क्रिकेटर

**एजेंसी। सिलहट**

न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान और तेज गेंदबाज टिम साउथी ने बुधवार को 2,000 टेस्ट रन पूरे कर लिए और महान ऑलराउंडर रिचर्ड हेडली और डैनियल विटोरी के साथ एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए। वह कीवी दिग्गज हेडली और विटोरी के साथ अपने देश के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं जिनके नाम 2,000 से अधिक टेस्ट रन और 300 से अधिक विकेट हैं। सिलहट में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट के दौरान साउथी इस मुकाम पर पहुंचे। कीवी टीम की पहली पारी में उन्होंने 62 गेंदों पर 35 रन बनाए. उनकी पारी में तीन चौके शामिल थे। साउथी ने 95 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 135 पारियों में छह अर्धशतकों के साथ 16.21 की औसत से 2,011 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77 है। वहीं,हेडली ने 86 टेस्ट मैचों में कीवी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 431 विकेट लिए और 27.16 की औसत से 3,124 रन भी बनाए,



जिसमें दो शतक और 15 अर्द्धशतक शामिल हैं। विटोरी ने 113 टेस्ट मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया, 362 विकेट लिए और 30.00 के औसत से 4,531 रन बनाए, जिसमें छह शतक और 23 अर्द्धशतक शामिल थे। मैच की बात करें तो, कीवी टीम ने अपनी पहली पारी 317 रन के स्कोर पर समाप्त की और सात रनों की मामूली बढ़त हासिल की, बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 310 रन बनाए थे। केन विलियमसन (205 गेंदों में 104) ने अपना 29वां टेस्ट शतक जमाया और डेरिल मिशेल (41), ग्लेन फिलिप्स (42) और साउथी (35) ने उनका अच्छा समर्थन किया।

## यूपी वारियर्स ने महिला क्रिकेट में बदलाव के लिए मिलाया एआरटीके साथ हाथ

**एजेंसी। मुंबई**

इस साल की शुरूआत में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन सीजन की असाधारण सफलता के बाद कैपरी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी वारियर्स टीम, एक अनोखी डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से महिला क्रिकेट की कहानी को दर्शकों के सामने लाने के लिए तैयार है। यह डॉक्यूमेंट्री टीम को करीब से तथा वास्तविक तरीके से सबके सामने लाएगी। साथ ही यह उत्तर प्रदेश की इस टीम से जुड़े जादुई क्षणों, सीजन की जीत, कठिन चुनौतियों, सफलताओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं से जुड़े खेलों की



वास्तविकताएं सबके सामने रखेगी। एक ऐसे युग में जहां महिलाओं की खेलों में हिस्सेदारी बढ़ रही है, यूपी वारियर्स फ्रेंचाइजी न केवल क्रिकेट में बल्कि खेल के पूरे परिदृश्य में लैंगिक बाधाओं को तोड़ने की प्रथा का नेतृत्व करना चाहती है। एआरटी एंड एम और विक्ट्री स्पोर्ट्स मीडिया द्वारा सह-निर्मित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज एक सांस्कृतिक मील का पत्थर साबित होगी, जो सामाजिक और आर्थिक बदलाव की दिशा में प्रयास करने की यात्रा में सभी क्षेत्रों में खिलाड़ियों और महिलाओं को प्रेरित करेगी।

### गुरूकुल की हॉकी टीम पंजाब के लिए रवाना

**हरिद्वार।** गुरूकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की हॉकी टीम के उत्तर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजाब रवाना हो गई है। गुरुवार को क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ. अजय मलिक ने हॉकी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खिलाड़ी को हार-जीत के स्थान पर अपने बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवकुमार चौहान ने अनुशासन को खेल की पहली जरूरत बताते हुये कहा कि खेल में कुशलता के साथ बना रहना, केवल कठिन परिश्रम तथा विपरीत परिस्थिति से ही संभव है। यही एक बेहतर खिलाड़ी की योग्यता है।

## पाकिस्तान शृंखला के लिए अस्थायी रूप से बदला जाएगा ओटागो ओवल का नाम

**एजेंसी। कोच्चि**

डुनेडिन। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए डुनेडिन के ओटागो ओवल विश्वविद्यालय का नाम अगले सप्ताह अस्थायी रूप से बदल दिया जाएगा। इस विश्वविद्यालय का नाम पूर्व छात्रा सुजी बेट्स के नाम पर 'सुजी बेट्स ओवल' हो जाएगा। न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम पाकिस्तान के खिलाफ 3 दिसंबर से तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेगी। 'सुजी बेट्स ओवल' अनुभवी ऑलराउंडर के सम्मान में टी20 सीरीज के दूसरे मैच की मेजबानी



करेगा, जो न्यूजीलैंड के लिए हाल के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दुनिया की तीसरी महिला क्रिकेटर बनीं। इस अवसर पर सुजी का परिवार, दोस्त, टीम के साथी और कोच डुनेडिन में मौजूद रहेंगे। 36 वर्षीय सुजी को पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और इतने ही एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड महिला टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, ह्लअंतरराष्ट्रीय घरेलू समर की शुरूआत हमेशा एक रोमांचक समय होता है और मुझे पता है कि हमारे खिलाड़ी वास्तव में हमारे प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए प्रेरित होते हैं। हम दूसरे मैच में 'सुजी बेट्स ओवल' में खेलेंगे और यह वास्तव में एक विशेष अवसर होगा और सुजी के करियर की एक शानदार स्वीकृति होगी।

## ओडिशा की मेजबानी में नौ जनवरी से शुरू होगा कलिंगा सुपर कप

**नई दिल्ली।** कलिंगा सुपर फुटबॉल कप, 9 जनवरी 2024 से ओडिशा में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ ने बुधवार को उक्त जानकारी दी। मैच ओडिशा में दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित करने की योजना है। इंडियन सुपर लीग और आई-लीग दोनों टीमों को वार्षिक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। टूर्नामेंट के प्रारूप में चार-चार टीमों के चार समूह होंगे, जो आपस में सिंगल-लेग मैच खेलेंगे। ग्रुप विजेता सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे, जिसके बाद 28 जनवरी, 2024 को फाइनल खेला जाएगा। आई-लीग टीमें कलिंगा सुपर कप के ग्रुप चरण में पहुंचने के लिए क्वालीफायर खेलेंगी जहां ग्रुप चरण में उनके लिए चार स्थान आरक्षित किए गए हैं।

### एथलीट आयोग चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

**पेरिस।** अगले साल 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में आईओसी एथलीट आयोग (एसी) के लिए 32 एथलीट चुनाव लड़ेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। 15 खेलों के 18 महिला और 14 पुरुष एथलीटों के पूल में से चार पदों पर चुनाव होना है। आईओसी ने कहा कि पेरिस 2024 में प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी एथलीट ओलंपिक खेलों के दौरान ओलंपिक गांवों में एथलीट365 हाउस में मतदान करने के पात्र हैं।

## शान मसूद की श्रेणी को डी से बी में किया गया अपग्रेड

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने केंद्रीय अनुबंध सूची में टेस्ट कप्तान शान मसूद की श्रेणी को डी से बी में अपग्रेड करने का फैसला किया है। पीसीबी ने गुरुवार को उक्त जानकारी दी। पीसीबी के एक बयान में कहा गया, यह निर्णय बोर्ड की नीति के अनुरूप किया गया है कि यदि ए या बी श्रेणी से नीचे के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी को कप्तान नियुक्त किया जाता है, तो



उनके अनुबंध को उनकी कप्तानी के कार्यकाल के लिए श्रेणी बी में अपग्रेड कर दिया जाएगा। 34 वर्षीय शान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 चक्र के समापन तक 15 नवंबर 2023 को टेस्ट कप्तान नामित किया गया था। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 30 टेस्ट मैचों में 1,597 रन बनाए हैं और 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की श्रृंखला में कप्तान के रूप में अपने पहले कार्यभार में पाकिस्तान का नेतृत्व करेंगे। मसूद ने बाबर आजम की जगह पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तानी संभाली है। पाकिस्तानी टीम इस प्रकार है-: शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन अली, इमाम-उल-हक, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, नोमान अली , सईम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।

## पेरिस ओलंपिक

## आईओए और नाडा कोर ग्रुप के एथलीटों से करेगी बात

# डोपिंग रोधी नियमों की मिलेगी जानकारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) आने वाले महीनों में अपने मुख्य एथलीटों के समूह के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (एनएडीए) के साथ समन्वय में एक विशेष सेमिनार आयोजित करेगा, जिससे उन्हें डोपिंग रोधी नियमों के बारे में शिक्षित किया जा सके ताकि अगले साल होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले किसी भी उल्लंघन से बचा जा सके। आईओए अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा, ₹हम खेलों के दौरान उचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ओलंपिक खेलों के लिए जाने वाले एथलीटों को डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के बारे में शिक्षित करना चाहते हैं।₹ गुरुवार को एक विज्ञप्ति में 52 वर्षीय खिलाड़ी के हवाले से कहा गया, ₹आईओए ने खेलों की अखंडता को बनाए रखने के लिए सख्त डोपिंग रोधी उपाय किए हैं।



यह पूछे जाने पर कि आईओए खेलों की तैयारी के लिए एथलीटों को कैसे समर्थन देता है, उन्होंने कहा, ह्लखेलों के दौरान अच्छी प्रशिक्षण सुविधाएं और प्रतियोगिता से पहले के समय के साथ-साथ मुख्य खेलों के दौरान एक सुचारू परिवहन प्रणाली होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ₹आईओए यह भी सुनिश्चित करेगा कि खिलाड़ियों के पास चोटों से बचने और स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त खेल विज्ञान बैकअप हो। आईओए अध्यक्ष को उम्मीद है कि सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के पास ओलंपिक खेलों के लिए उचित रोड मैप होगा। ह्लओलंपिक खेलों के लिए तैयारी के महीनों के दौरान तैयारी के सभी पहलुओं का ध्यान रखा जाना सुनिश्चित करने के लिए उचित योजना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, सभी एनएसएफ ने अगले साल के लिए अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर सह प्रतियोगिता योजना के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया होगा। इससे पहले इस साल अक्टूबर में मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक (आईओसी) सत्र के दौरान, उषा ने आईओसी प्रमुख थॉमस बाक के साथ भविष्य में भारत में ओलंपिक की मेजबानी की संभावना पर भी चर्चा की थी। उन्होंने कहा, ₹जैसा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी, 2030 में युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की बोली से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर यह एक अच्छी और स्वस्थ चर्चा थी। उषा ने इसे एक सकारात्मक कदम बताया कि कई निजी कंपनियां और राज्य सरकारें खेलों में निवेश कर रही हैं, जिससे देश में खेल विकास को बढ़ावा मिलेगा। ह्लखेलों में अधिक निवेश से पूरे भारत में अच्छा बुनियादी ढांचा और सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

### भारत दौरे पर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे: ओली पोप

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा है कि उनकी टीम भारत में अगले साल के बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अपनी बैजबॉल रणनीति के तहत ही खेलेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही है। पोप इंग्लैंड की उस टीम के सदस्य थे जो 2021 में भारत आई थी। चेन्नई में शुरूआती टेस्ट जीतने के बाद रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल के दमदार प्रदर्शन के आगे मेहमान टीम सीरीज 3-1 से हार गई।टेलीग्राफ ने पोप के हवाले से कहा, दाएँ हाथ के खिलाड़ी के रूप में दोनों किनारों पर खतरा है। अश्विन शायद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं, वहीं रवींद्र जड़ेजा और अक्षर तेजी से गेंद को बल्ले से दूर घुमा रहे थे। भारत की पिच पर इन गेंदबाजों का सामना करना और उन पर दबाव डालना कठिन है।

## आठ भारतीय मुक्केबाज सेफा में जूनियर बॉक्सिंग में पदक पक्के

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया के येरेवन में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के छठे दिन क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद आठ जूनियर मुक्केबाजों ने पदक पक्के कर लिए। मीका स्पोर्ट्स एरेना में चल रहे टूनार्मेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, सात प्रतिस्पर्धी जूनियर लड़कियों में से छह मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। एशियाई जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप की दो स्वर्ण पदक विजेता परी (50 किग्रा) और निधि (66 किग्रा) ने क्रमशः रोमानिया की मुलर मिकाएला और चीनी ताइपे की काओ चुन ऐ के खिलाफ 5-0 की समान जीत के साथ अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीता। पायल (48 किग्रा) ने आयरलैंड की डोहर्टी लॉरेन पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की, जबकि अमीषा (54 किग्रा) ने सर्वसम्मत निर्णय से जीत के लिए दक्षिण कोरिया की किम



जिया को मात दी। एशियाई जूनियर रजत पदक विजेता नेहा लुन्थी (46 किग्रा) का बेलारूस की हिजोस्काया एनहेलिना ने परीक्षण किया, लेकिन नेहा 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत कर उभरीं। दूसरी ओर, प्राची (54 किग्रा) को कजाकिस्तान की सेइटखांकीज़िक पनार के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पहले राउंड में उन्हें संघर्ष करना पड़ा और अपने प्रतिद्वंद्वी को परखने में उन्हें काफी समय लगा, लेकिन अंतिम दो राउंड में जोरदार वापसी करते हुए 3-2 से विभाजित फैसला सुरक्षित कर लिया। जॉयश्री देवी (60 किग्रा) हारने वाली अकेली भारतीय महिला रहीं, उन्हें रूस की लियोनोवा किरा के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा।

## एक नजर

### एलआईसी का नया गारंटीड रिटर्न प्लान

**नई दिल्ली ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने जीवन उत्सव नाम से गारंटीड रिटर्न प्लान लॉन्च किया है। कंपनी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने बताया कि पॉलिसी के परिपक्व होने के बाद पॉलिसीधारक सम एश्योर्ड के 10% के लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। इस उत्पाद में लोन सुविधा और परिपक्वता से पहले निकासी की सुविधा है।

### एक्सिस एएमसी ने लॉन्च किया नया फंड

**मुंबई ।** मुंबई में एक्सिस म्यूचुअल फंड ने मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च किया है। इसके जरिये कंपनी 2,500 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखी है। यह योजना एक दिसंबर को खुलेगी और 15 दिसंबर को बंद होगी। मार्च तक इसका तीन लाख करोड़ के एसेट अंडर मैनेजमेंट का लक्ष्य है जो अभी 2.25 लाख करोड़ है।

### 45,000 करोड़ के 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक्स की नीलामी

**नई दिल्ली ।** कोयला एवं खनिज मंत्रालय ने 45,000 करोड़ रुपये के 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक्स की नीलामी शुरू की है। इसमें से दो लिथियम ब्लॉक्स हैं। ये खनिज ब्लॉक्स छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, झारखंड और बिहार में हैं। सरकार ने पहली बार महत्वपूर्ण मौजूद खनिजों की पहचान की है। सरकार ने कहा, इस नीलामी से जो भी राजस्व आएगा वह संबंधित राज्यों को जाएगा। नीलामी प्रक्रिया 20 फरवरी को बंद होगी।

### इरेडा के शेयरों ने दिया 87 प्रतिशत का मुनाफा

**नई दिल्ली ।** सरकारी कंपनी इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (इरेडा) के शेयरों की बाजारों में जबरदस्त लिस्टिंग हुई। यह शेयर आईपीओ के 32 रुपये की तुलना में बीएसई पर 56 प्रतिशत तेजी के साथ 50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। अंत में 87.5 प्रतिशत बढ़त के साथ 59.99 रुपये पर बंद हुआ। पहले दिन 3.81 करोड़ शेयरों में कारोबार हुआ। बाजार पूंजीकरण 16,123 करोड़ रुपये रहा।

### ई-कॉमर्स पर एसिड की बिक्री के लिए नियम बनायें

नई दिल्ली । उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को एसिड की बिक्री को रोकने के लिए तुरंत उचित तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ग्राहकों को भी नियमों का पालन किए बिना ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर एसिड की खरीद के प्रति चेताया है। एक नोटिस में कहा गया कि एसिड विक्रेताओं को अपने साथ जोड़ने से पहले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को अनिवार्य मानदंडों के अनुपालन पर उनसे एक अलग से लिखित में बयान लेना होगा। यह देखा गया है कि बिना सरकारी पहचान पत्र के एसिड दिया जा रहा है। साथ ही ऑर्डर देने से पहले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एसिड खरीदने के उद्देश्य का भी पता नहीं करते हैं।

# सेबी ने लगाया 9 संस्थानों व लोगों पर दो साल का प्रतिबंध

## अमेरिका व चीन को पीछे छोड़ 2052 तक अर्थव्यवस्था होगी नंबर वन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार में कारोबार करने पर 9 लोगों और संस्थानों पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। इन लोगों को निवेशकों से जुटाए गए 8 करोड़ रुपये तीन महीने में वापस करने को कहा है। इसके साथ ही 45 दिनों में 18 लाख रुपये जुमार्ना भी भरने का आदेश दिया है। बुधवार को जारी आदेश में सेबी ने यह जानकारी दी। जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें योगेश कुकडिया, राजेश, नितिन राज, सिग्नल2नाइज, कैपिटल पार्टनर्स, इन्वेस्टो इन्वेस्टमेंट, एसएस इन्फो सेल्स, सीटी वेब और अन्य हैं। अप्रैल से अक्तूबर के बीच कोयला आधारित ऊर्जा उत्पादन 8.8% बढ़कर 686.7 अरब यूनिट्स (बीयू) पर पहुंच गया है। एक साल पहले यह 630.7 बीयू था।



**2030 तक इस तरह होगी प्रमुख देशों की अर्थव्यवस्था**

| | | |
|---|---|---|
| अमेरिका | – | 35.4 लाख करोड़ डॉलर |
| चीन | – | 26.5 लाख करोड़ डॉलर |
| भारत | – | 6.8 लाख करोड़ डॉलर |
| जापान | – | 6.5 लाख करोड़ डॉलर |
| जर्मनी | – | 5.7 लाख करोड़ डॉलर |

(सोर्स–सीएलएसए)

कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह बढ़त तापमान में अभूतपूर्व वृद्धि, देश के उत्तरी क्षेत्र में मानसून में देरी और कोविड के बाद पूर्ण वाणिज्यिक गतिविधियों की बहाली के कारण हुई है। वैश्विक ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने कहा है कि 2052 तक अमेरिका और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़कर भारत सबसे बड़ी इकनॉमी बनेगा। उस समय हमारी अर्थव्यवस्था 45 लाख करोड़ डॉलर की होगी। 2027 तक जापान को पीछे छोड़ कर तीसरे स्थान पर भारत होगा। 2047 तक हमारी इकनॉमी का आकार 29 लाख करोड़ डॉलर होगा। जब जीडीपी दोगुना होगी तो बाजार पूंजीकरण भी उसका दोगुना हो जाएगा।

# सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पहली बार आज बुधवार को 4000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 305.44 अंक चढ़कर 66,479.64 पर रहा. बाजार के सकारात्मक रुख के दम पर बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सुबह के कारोबार में 3,33,26,881.49 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो बाद में 83.31 की विनिमय दर पर चार हजार अरब अमेरिकी डॉलर में तब्दील हो गया. सेंसेक्स इस साल अभी तक 5,540.52 अंक यानी 9.10 प्रतिशत बढ़ चुका है. सूचकांक पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण करीब 50.81 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है. बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक इस साल 15 सितंबर को 67,927.23 के अपने सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था. अन्य बाजारों में अमेरिका, चीन, जापान और हांगकांग ऐसे बाजार हैं जिनका बाजार पूंजीकरण 4000 अरब डॉलर से अधिक है. बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 24 मई 2021 को 3000 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को छू गया था. 28 मई 2007 को यह 1000 अरब डॉलर के पार पहुंचा था. उसे 1000 अरब डॉलर से 1500 अरब डॉलर का सफर तय करने में 2,566 दिन यानी सात साल से अधिक समय लगा. छह जून 2014 को उसने 1500 अरब डॉलर का आंकड़ा छुआ. फिर 1130 दिन बाद 10 जुलाई 2017 को बाजार पूंजीकरण 2000 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा. बाजार पूंजीकरण 1,255 दिन बाद 16 दिसंबर 2020 को 2500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था.



### 2030 तक तीन गुना होगी भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता

**नई दिल्ली ।** वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एंबर ने बुधवार को रिपोर्ट जारी कर बताया कि 2030 तक भारत अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता तीन गुना तक बढ़ाएगा। भारत की 14वीं राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) के तहत 2030 तक अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कि दुनिया में जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने और इस सदी के अंत तक वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए 2030 तक अपनी नवीकरणीय या अक्षय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करना होगा। अमेरिका, यूरोपीय संघ (ईयू) और संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व में 60 से अधिक देश अब अक्षय ऊर्जा को तीन गुना करने और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने की प्रतिबद्धता का समर्थन कर रहे हैं।

### मोटरस्पोर्ट्स सेक्टर को ऊपर उठा रहा एक्सॉन मोबिल

**रांची।** एक्सॉन मोबिल इस वर्ष इंडियन रेसिंग फेस्टिवल को पावर देकर भारत के तेजी से बढ़ते मोटरस्पोर्ट्स सेक्टर को ऊपर उठा रहा है, जिसमें देश में पहली बार एफ 4 इंडियन चैंपियनशिप और चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) और नए फॉर्मूला रेसिंग सर्किट (एफसीआर) में आयोजित होने वाली इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) का दूसरा सीजन शामिल है। यह वर्ष पहली बार भारत और दक्षिण एशिया में शहर के केंद्र में द्वीप मैदानों के आसपास स्थित एफसीआर में रात की रेस का एक रोमांचक कैलेंडर शामिल है। यह रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड (आरपीपीएल) के साथ एक्सॉन मोबिल की लगातार दूसरे वर्ष की साझेदारी का हिस्सा है, जो देश में मोटरस्पोर्ट्स की लोकप्रियता और पहुंच को बढ़ाने और इसे सभी रेसर्स के लिए अधिक किफायती बनाने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। आईआरएल के साथ साझेदारी का जश्न एमआईसी, चेन्नई में आईआरएल प्री - सीजन टेस्ट में मनाया गया।

# झारखंड में अपस्टॉक्स के ग्राहकों की संख्या में 474 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**एजेंसी। रांची**

भारत के प्रमुख निवेश प्लेटफॉर्म में से एक अपस्टॉक्स ने अपने ऐप पर नए फीचर पेश किए हैं जिससे भारत में लोगों के लिए निवेश बेहद सरल बन जाएगा। अपस्टॉक्स का लक्ष्य है, निवेशकों के लिए निवेश प्रक्रिया को सहज, सहज और अधिक आकर्षक बनाना। अपस्टॉक्स के निदेशक अमित ललन ने कहा की अपस्टॉक्स के मुख्य अभियान 'इन्वेस्ट राइट, इन्वेस्ट नाउ' के एक महत्वपूर्ण अंग हैं जिसका लक्ष्य है, निवेशकों को कहां, क्यों और कैसे निवेश करना है, इसके बारे में जानकारी देना। अपस्टॉक्स के निदेशक अमित ललन ने गुरूवार को स्थानीय होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि ग्राहकों पर विशेष ध्यान और इक्विटी भागीदारी बढ़ाने के निरंतर प्रयास के साथ, अपस्टॉक्स के पास अब ग्राहकों की संख्या बढ़कर 1.2 करोड़ से अधिक हो गई है। अपस्टॉक्स पर डीमैट खाता संख्या में जिन राज्यों में भारी वृद्धि हुई, झारखंड राज्य उनमें से एक रहा। कंपनी ने झारखंड में अपने ग्राहकों की संख्या में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। इसमें मार्च 2021 के बाद से अक्टूबर 2023 तक 474% की बढ़ोतरी दर्ज हुई। झारखंड सभी ग्राहकों में से लगभग 80% ग्राहक 18-35 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। रांची में अपस्टॉक्स एक विविध ग्राहक आधार के साथ मौजूद है, जहां 78% से अधिक उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की आयु के हैं। इसमें व्यवसायी, सरकारी कर्मचारी और गृहिणियां शामिल हैं। अपस्टॉक्स के लगभग 27% ग्राहक धनबाद और रांची से हैं।



मार्च 2021 के बाद से अक्टूबर 2023 तक निवेशकों की संख्या बढ़ी

# निर्यात व निवेश से भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली । बढ़ते सेवाओं के निर्यात और सार्वजनिक निवेश से भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलती रहेगी। खरीदी शक्ति में सुधार के साथ महंगाई दर में लगातार गिरावट आती रहेगी। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में देश की जीडीपी में गिरावट देखने को मिल सकती है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 में भारत की जीडीपी में 7.2% की वृद्धि दर के बाद वित्त वर्ष 2024 में गिरावट का अनुमान है। विकास दर की रफ्तार में कमी की वजह मौसम संबंधी विपरीत घटनाएं और कमजोर अंतरराष्ट्रीय कारण होंगे। नीतिगत सुधारों से उत्पादकता में वृद्धि और वैश्विक स्थितियों में सुधार होगा। इससे वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5% की अनुमानित विकास दर के साथ आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। धीमी वृद्धि दर, महंगाई दर के अनुमान, आवास की कीमत और मजदूरी धीरे-धीरे कम हो जाएंगी। इससे महंगाई को 4.2 प्रतिशत तक लाने में मदद मिलेगी, जिससे आरबीआई दरों में कटौती भी कर सकता है। बढ़ती महंगाई दर से लड़ने के लिए गेहूं और चावल पर लगाए गए निर्यात प्रतिबंध वापस ले लिए जाएंगे। इससे निर्यात वृद्धि को ठीक होने में मदद मिलेगी।



### सार्वजनिक भंडारण के समाधान तक कृषि मुद्दे पर चर्चा नहीं : भारत

**नई दिल्ली ।** भारत ने कृषि व्यापार में गहरी रुचि रखने वाले विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) सदस्य देशों के समूह से कहा कि वह अनाज के सार्वजनिक भंडारण के संबंध में स्थायी समाधान मिलने तक कृषि क्षेत्र में पहले से निर्यात प्रतिबंध लगाने जैसे किसी भी नए मुद्दे पर चर्चा नहीं करेगा। भारत ने 28 नवंबर को डब्ल्यूटीओ के 28 सदस्यीय देशों की वर्चुअल तरीके से हुई लघु-मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान अपना रुख स्पष्ट किया। बैठक में इस मुद्दे पर भारत के दृष्टिकोण को आगे रखते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अनाज की सार्वजनिक खरीद और भंडारण सीमांत किसानों के लिए खाद्य सुरक्षा और आय सहायता के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करता है। कृषि निर्यातक देशों के 19 सदस्यीय केर्न्स समूह कृषि व्यापार उदारीकरण का पैरवी करता है। इस समूह का गठन 1986 में ऑस्ट्रेलिया के केर्न्स शहर में हुआ था, जिस पर इसका नाम पड़ा है।

## देश / विदेश

### 575 घायल गजावासी इलाज के लिए मिस्र के अस्पतालों में भर्ती

**एजेंसी। काहिरा**

इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद कम से कम 575 घायल गाजावासियों को इलाज के लिए मिस्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मिस्र की राज्य सूचना सेवा (एसआईएस) की अध्यक्ष दीया राशवान ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राशवान ने बुधवार को एक बयान में कहा कि घायल गाजावासियों के साथ लगभग 320 लोग थे। इस बीच, आठ हजार 691 विदेशी और दोहरे नागरिक, और एक हजार 258 मिस्रवासी गाजा पट्टी से मिस्र में प्रवेश कर चुके हैं। राशवान ने कहा, इसी अवधि के दौरान मिस्र में फंसे 421 फिलिस्तीनियों ने गाजा में प्रवेश किया।

# 2023 एक्जिट पोल — तीन राज्यों में कांग्रेस-भाजपा का कड़ा मुकाबला, तेलंगाना में बदल सकती है सत्ता



**Exit Polls 2023 — छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव**

| | कांग्रेस | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| इंडिया टीवी | 46–56 | 30–40 | 3–5 |
| आज तक | 40–50 | 36–46 | 1–5 |
| न्यूज 24 | 57 | 33 | 0 |
| टाइम्स नाउ | 48–56 | 32–40 | 2–4 |
| एबीपी | 41–53 | 36–48 | 0–4 |
| महापोल | 51 | 37 | 2 |



**Exit Polls 2023 — राजस्थान विधानसभा चुनाव**

| | कांग्रेस | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| इंडिया टीवी | 90–104 | 80–90 | 14–18 |
| आज तक | 86–106 | 80–100 | 9–18 |
| न्यूज 24 | 101 | 89 | 9 |
| टाइम्स नाउ | 56–72 | 108–128 | 13–21 |
| एबीपी | 71–91 | 94–114 | 9–19 |
| महापोल | 88 | 97 | 14 |



**Exit Polls 2023 — मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव**

| | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| इंडिया टीवी | 140–159 | 70–89 | 0–2 |
| आज तक | 140–162 | 68–90 | 0–2 |
| न्यूज 24 | 151 | 74 | 5 |
| टाइम्स नाउ | 105–117 | 109–125 | 1–5 |
| एबीपी | 88–112 | 113–137 | 2–8 |
| महापोल | 132 | 95 | 3 |

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पांच राज्यों में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 03 दिसंबर को नतीजे आने का इंतजार है। आज तेलंगाना में मतदान समाप्ति के तुरंत बाद विभिन्न एजेंसियों और टीवी चैनलों के एग्जिट पोल आने शुरू हो गए हैं। इन एग्जिट पोलों के अनुसार भाजपा और कांग्रेस के बीच तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कड़ा मुकाबला है, जबकि तेलंगाना में कांग्रेस सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से आगे निकलती दिखाई दे रही है। विभिन्न चैनल और एजेंसियों की ओर से किए गए सर्वे का औसत अगर देखा जाए तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच टक्कर है। दोनों पार्टियां 110 के आंकड़े के नजदीक दिखाई दे रही हैं। राज्य में 230 विधानसभा सीटें हैं। सर्वे के औसत के अनुसार भाजपा कुछ सीटों के अंतर से आगे है। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों में विभिन्न एजेंसियों के सर्वे बताते हैं कि यहां कांग्रेस बीआरएस को सत्ता से बाहर कर सकती है। ज्यादातर सर्वे कांग्रेस को 50 से 60 सीटें और बीआरएस को 45 से 50 सीटें दे रही है। इसमें एआईएमआईएम 6 से 7 सीटें और भाजपा 2-5 सीटें हासिल कर सकती है। छत्तीसगढ़ में एग्जिट पोल कांग्रेस की वापसी की ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि भाजपा पिछली बार के मुकाबले ज्यादा सीटें हासिल करेगी। राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस स्पष्ट 45 का आंकड़ा पार करती दिखाई दे रही है और भाजपा 35 से 40 सीटें ले सकती है। राजस्थान में एंटी इनकंबेंसी के चलते भाजपा कांग्रेस से आगे दिखाई दे रही है। एग्जिट पोल के सर्वे भाजपा की जीत की ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि जीत का अंतर बहुत ज्यादा नहीं होगा और कुछ एग्जिट पोल कांग्रेस की वापसी भी दर्शा रहे हैं। औसत को यदि देखा जाए तो भाजपा यहां 200 में से 110 के आसपास सीटें हासिल कर सकती है।

## मीडिया

# इराक में 170 शरणार्थी शिविरों में से 144 बंद

**एजेंसी। बगदाद**

इराकी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में देश भर में चल रहे 170 में से 144 शरणार्थी शिविरों को बंद करने की घोषणा की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने उप मंत्री करीम अल-नूरी के मीडिया से हवाले से कहा,170 में से केवल 26 शिविर बचे हैं और शेष अधिकांश शिविर कुर्दिस्तान के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र में हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जोर देकर कहा कि इन शिविरों में अधिकांश विस्थापित लोग उत्तरी प्रांत निनेवेह की राजधानी मोसुल से लगभग 120 किमी पश्चिम में सिंजर शहर के निवासी हैं। सिंजर में क्षेत्र पर प्रशासनिक नियंत्रण हासिल करने के सरकार के प्रयासों के बावजूद कई सशस्त्र समूह शहर पर नियंत्रण करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रवास एवं विस्थापित मंत्रालय कठिन चुनौतियों के बावजूद इस संकट को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि इराक को शरणार्थी शिविरों से छुटकारा मिल सके। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के अनुसार, इराक लगभग 300,000 शरणार्थियों और शरण चाहने वालों की मेजबानी करता है, जिनमें से 90 प्रतिशत से अधिक इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में रहते हैं। ईरान, तुर्की, फ़िलिस्तीन और अन्य देशों के शरणार्थियों और शरण चाहने वालों के अलावा, 260,000 से अधिक सीरियाई, मुख्यतः कुर्द हैं। असुरक्षा, आजीविका की कमी और उनके घरों के नष्ट होने या क्षति के कारण उन्हें अपने घरों में लौटने में बाधा उत्पन्न हुई है। वर्तमान में, 1 मिलियन से अधिक इराकी इस्लामिक स्टेट (आईएस) विद्रोह के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित हैं, जबकि 5 मिलियन अन्य अपने मूल क्षेत्रों में लौट आए हैं। सभी विस्थापन शिविरों को बंद करने की इराक की योजना तब आई जब सुरक्षा बलों द्वारा 2017 में आईएस आतंकवादी समूह से देश की पूर्ण मुक्ति की घोषणा के बाद देश में सुरक्षा स्थिति में नाटकीय रूप से सुधार हुआ है।



### तालिबान ने अमेरिका से ग्वांतानामो में बंद कैदीयों को रिहा करने को कहा

**काबुल।** काबुल में तालिबान शासन ने अमेरिका से क्यूबा के कुख्यात ग्वांतानामो-बे हिरासत शिविर में बंद एकमात्र अफगान कैदी को रिहा करने के लिए कहा है।समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के हवाले से कहा, "हम अब्दुल रहीम की रिहाई के लिए अमेरिका से संपर्क में हैं। वह एकमात्र अफगानी है जो ग्वांतानामो में बंद है। वह निर्दोष है और उसे रिहा किया जाना चाहिए। मुजाहिद ने दावा किया कि रहीम को बिना किसी अपराध के गिरफ्तार किया गया था और वह लंबे समय से वहां है। उसे क्रूरता का सामना करना पड़ा है। अब्दुल रहीम को जल्द से जल्द रिहा किया जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 17 सालों से ग्वांतानामो बे हिरासत शिविर में बंद अब्दुल रहीम को अमेरिकी सैन्य जेल में स्थानांतरित करने से पहले लाहौर में गिरफ्तार किया गया था।

## पेज एक के शेष

### गृह मंत्री भाग...

गणेश यादव, टुन्नू गोप, भैया अभिमन्यु प्रसाद, केपी ओझा, हरीश श्रीवास्तव, देवकी महतो, चंद्रनाथ भाई पटेल,सांवरमल अग्रवाल, बटेश्वर मेहता, उदयभान नारायण सिंह सहित कई नेता मौजूद थे। शुक्रवार को मेरु में बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके बाद वह एक दिसम्बर को ही हेलीकॉप्टर से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे और दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे। इस दौरान एयरपोर्ट में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सिटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी हटिया राजा कुमार मित्रा, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार सहित अन्य अधिकारी उनकी सुरक्षा में मुस्तैद रहे। एयरपोर्ट के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबल और जिला पुलिस के जवान तैनात थे। गृह मंत्री के आगमन के दौरान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के लिए फिलहाल विजिटिंग पास को कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया था। यात्रियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को केंद्रीय सुरक्षा बल के भी जवान एयरपोर्ट के सुरक्षा पर पैनी नजर रखे हुए थे।

### एसएचजी को मिलेंगे ...

के अरनिया के लाभार्थियों से बातचीत की। 15 दिनों में भारत संकल्प यात्रा ने गति पकड़ ली है प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को आज 15 दिन पूरे हो रहे हैं और अब इसने गति पकड़ ली है। लोगों के स्नेह और भागीदारी को देखते हुए वीबीएसवाई वैन का नाम 'विकास रथ' से बदलकर 'मोदी की गारंटी वाहन' कर दिया गया। प्रधान मंत्री ने सरकार में उनके विश्वास के लिए नागरिकों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मोदी की गारंटी गाड़ी' अब तक 12,000 से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी है, जहां लगभग 30 लाख नागरिक इससे जुड़ चुके हैं। कहा, एक समय था जब सरकार ने नागरिकों की बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज कर दिया था, जब एक बड़ी आबादी घरों, शौचालयों, बिजली, गैस कनेक्शन, बीमा या बैंक खातों जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थी। विकसित भारत का संकल्प मोदी या किसी सरकार का नहीं है, यह सभी को विकास के पथ पर साथ लेकर चलने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और लाभ को उन लोगों तक पहुंचाना है, जो पीछे रह गए हैं।

**रिश्वत जैसी भ्रष्ट प्रथाओं की व्यापकता पर डाला प्रकाश :** प्रधानमंत्री ने रिश्वत जैसी भ्रष्ट प्रथाओं की व्यापकता पर प्रकाश डाला। मोदी ने तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति पर भी निशाना साधा। उन्होंने रेखांकित किया कि यह वर्तमान सरकार है, जिसने खराब शासन को सुशासन में बदल दिया है और संतृप्ति हासिल करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने युवाओं से मेरा भारत स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करने और मेरा भारत अभियान में शामिल होने का भी आग्रह किया।

**एसएचजी को मिलेंगे 15, 000 ड्रोन :** पीएम महिला किसान ड्रोन केंद्रों के शुभारंभ के बारे में प्रधानमंत्री ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान ड्रोन दीदी की घोषणा को याद किया और बताया कि आने वाले तीन वर्षों में ड्रोन पायलटों के प्रशिक्षण के साथ-साथ 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे।

### चुनावी रेवड़ी की...

योजनाओं से वोट खरीदने के भी अपने दायरे हैं। कोई भी दल यह उम्मीद नहीं कर सकता कि मुफ्त की योजनाओं के चलते कोई परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी उन्हें ही वोट करता जाए। श्रीलंका में आर्थिक संकट के तुरंत बाद जून 2022 में भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बुलेटिन जारी किया। इसमें 'फ्रीबीज' को 'मुफ्त में दिए जाने वाले एक सार्वजनिक कल्याण उपाय' के तौर पर परिभाषित किया गया था। बुलेटिन में बताया गया था कि आंध्र प्रदेश फ्रीबीज योजनाओं के ऐलान में सबसे आगे है। वहीं, पिछले तीन वर्षों में झारखंड, केरल, ओडिशा, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में सब्सिडी में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। आर्थिक मामलों के जानकार कहते हैं कि सरकारें ऐसी योजनाओं के प्रति सजग हो जाएं। नहीं तो स्थिति शायद ऐसी बनेगी कि जहां वे ना तो अपने वित्तीय संसाधनों को नुकसान पहुंचाने वाले कल्याणकारी उपायों को वापस ले पाएंगी और ना ही योजनाएं उनके मतदाता आधार को बढ़ा पाएंगी। संरक्षण की राजनीति में शामिल होने के बजाय सरकारों के लिए बेहतर यह होगा कि वे वोट और जनकल्याण का फर्क अलग करें। सरकारें, गरीबों को वो चीजें दें जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। सॉफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने कहा है कि कुछ भी मुफ्त नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार की ओर से दी जाने वाली सेवाओं और सब्सिडी का लाभ उठाने वाले लोगों को समाज की भलाई के लिए योगदान देना चाहिए। भारत जैसे गरीब देश को समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए उदार पूंजीवाद ही एकमात्र समाधान है। सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी थी कि चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा किए गए वादों पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता। इस मामले में चुनाव आयोग को भी संसद से पास कानून का इंतजार है पर लाख टके का सवाल यह है कि वारंटी गारंटी देते दल ऐसा करेंगे क्या ?




## एक नजर

### पीएम कॉप सम्मेलन के शुरूआती सत्र को संबोधित करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कॉप-28 विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज शाम दुबई रवाना होंगे और कल शाम वहां से स्वदेश वापसी करेंगे। इस दौरान वह शिखर सम्मेलन के शुरूआती सत्र को संबोधित करेंगे और तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें से दो का भारत सह आयोजनकर्ता है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए जलवायु वित्त सभी वैश्विक प्रयासों का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत को उम्मीद है कि कॉप 28 में जलवायु वित्त पर एक स्पष्ट रोडमैप पर सहमति बनेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री तीन उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

### पंजाब के पूर्व मंत्री धर्मसोत के ठिकानों पर ईडी की रेड

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत एक बार फिर से जांच एजेंसियों के निशाने पर आ गए हैं। गुरुवार को ईडी की टीमों ने अर्धसैनिक बलों के साथ धर्मसोत के अमलोह स्थित आवास पर छापा मारा और करीब छह घंटे तक जांच की। यह छापेमारी धर्मसोत के वन मंत्री पद पर रहते हुए प्रकाश में आए घोटालों के संबंध में की जा रही है। आज सुबह से ही धर्मसोत के आवास के अलावा उनके करीबी और जंगलात विभाग के एक ठेकेदार हरमोहिंदर सिंह, खन्ना स्थित एक करीबी और कुछ अधिकारियों के घरों पर भी छापेमारी की गई।

### पुलवामा के में सुरक्षाबलों-आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू

**पुलवामा।** पुलवामा जिले के अरिहाल गांव में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। दोनों ओर से गोलीबारी फिलहाल जारी है। कश्मीर जोन पुलिस के अनुसार जिला पुलवामा के अरिहल गांव में मुठभेड़ शुरू हुई है। पुलिस और अन्य सुरक्षा बल काम पर हैं। उन्होंने कहा कि अभियान जारी है।

# 'किसिंगर ने भारत के लिए पैदा की समस्या, इंदिरा व हक्सर ने किया समाधान'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को हेनरी किसिंगर को याद किया, जिनका 29 नवंबर को 100 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि वह बेहद परिणामी और बेहद विवादास्पद थे और 1971 में उन्होंने और अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन ने भारत के लिए सिरदर्द पैदा किया, जिसे पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पीएन हक्सर ने दूर किया। किसिंगर को याद



करते हुए, कांग्रेस महासचिव रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हेनरी किसिंगर का निधन हो गया है। वह बेहद विवादास्पद थे। लंबे और घटनापूर्ण जीवन में उनकी प्रशंसा और निंदा दोनों की गई। लेकिन उनकी बौद्धिक प्रतिभा और अद्भुत करिश्मे के बारे में कोई संदेह नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा, पिछले तीन दशकों से, उन्होंने खुद को भारत के एक महान मित्र और समर्थक के रूप में स्थापित किया और वास्तव में वह थे भी। लेकिन यह हमेशा ऐसा नहीं था और विशेष रूप से 1971 में, राष्ट्रपति निक्सन और उन्होंने भारत के लिए बड़ा सिरदर्द पैदा किया और सोचा कि उन्होंने हमें घेर लिया है। उन्होंने कहा, हालांकि, इंदिरा गांधी और पीएनहक्सर उनके मुकाबले कहीं ज्यादा साबित हुए।

मैंने अपनी किताब 'इंटरट्वाइंड लाइव्सः पीएन हक्सर एंड इंदिरा गांधी' में किसिंजर-हक्सर और निक्सन-इंदिरा गांधी मुठभेड़ों का अभिलेखीय विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने आगे कहा कि गैरी बैस ने अपनी पुस्तक 'द ब्लड टेलीग्रामः निक्सन, किसिंजर एंड ए फॉरगॉटन जेनोसाइड' में 1971 की बांग्लादेश के निर्माण की घटनाओं में उनकी भूमिका के लिए किसिंगर को गंभीर रूप से दोषी ठहराया है।

कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी 1973 में विवादास्पद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और राजनयिक महाशक्ति किसिंगर, जिनकी दो राष्ट्रपतियों के अधीन सेवा ने अमेरिकी विदेश नीति पर एक अमिट छाप छोड़ी, के बुधवार को निधन के एक दिन बाद आई है। किसिंगर की स्थायी विरासतों में से एक द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक गतिशीलता को नया आकार देने में उनकी भूमिका थी। इस साल जुलाई में, किसिंगर ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने के लिए अचानक बीजिंग का दौरा किया। 1970 के दशक में, किसिंगर रिपब्लिकन राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के अधीन राज्य सचिव थे और उन्होंने कई वैश्विक घटनाओं पर काम किया।

# भारत विरोधी चरमपंथियों को कनाडा ने लगातार जगह दी : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने लगातार भारत विरोधी चरमपंथियों और हिंसा को जगह दी है और यही मुद्दे के मूल में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कनाड के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की हालिया टिप्पणियों पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, जहां तक कनाडा का सवाल है, उसने लगातार भारत विरोधी चरमपंथियों और हिंसा को जगह दी है। यही मुद्दे के मूल में है। बागची ने कहा कि भारत के राजनयिक प्रतिनिधियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि कनाडा सरकार राजनयिक संबंधों पर वियना



कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों को पूरा करेगी।

विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, हमने अपने आंतरिक मामलों में भी हस्तक्षेप देखा है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है।

उनकी टिप्पणी अमेरिका द्वारा एक भारतीय नागरिक पर न्यूयॉर्क स्थित सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश का आरोप लगाने और उस पर कनाडाई प्रधानमंत्री के इस बयान के कुछ घंटे बाद आई कि नई दिल्ली को आरोप को गंभीरता से लेने और जांच में सहयोग करने की जरूरत है।

ट्रूडो, जो सितंबर से दावा कर रहे थे कि उनके नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल थे, ने सीबीसी न्यूज को बताया कि वे गंभीर आरोपों पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

ट्रूडो ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, अमेरिका से आ रही खबरें इस बात को और रेखांकित करती हैं कि हम शुरू से ही किस बारे में बात कर रहे हैं, यानी...भारत को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा, भारत सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करने की जरूरत है ताकि हम इसकी तह तक पहुंच सकें। यह कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे कोई हल्के में ले सकता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि उनकी जिम्मेदारी कनाडाई लोगों को सुरक्षित रखना है, और हम यही करना जारी रखेंगे।

अमेरिकी अभियोजकों ने बुधवार को एक भारतीय सरकारी कर्मचारी की ओर से कथित तौर पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने के लिए भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ सुपारी लेकर हत्या के आरोप की घोषणा की।

दस्तावेज में न तो सरकारी कर्मचारी और न ही खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून का नाम था। पन्नून की पहचान केवल अमेरिकी नागरिक के रूप में की गई है। अभियोग में आरोप लगाया गया कि भारत सरकार के कर्मचारी ने भारत में नामित आतंकवादी पन्नून की हत्या करने के लिए मई 2023 में या उसके आसपास गुप्ता को सुपारी दी थी। गुप्ता, बदले में, एक ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आया जिसे वह आपराधिक सहयोगी मानता था लेकिन वास्तव में वह अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन एजेंसी का एक गोपनीय स्रोत था।

भारत ने अमेरिकी सरकार द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है।

## साढ़े नौ साल में नई सोच-ऊर्जा से बदला देश : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी। मेरठ**



केंद्रीय रेल, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज देश में एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेन, रैपिड रेल, 5जी की सुविधा, मोबाइल फोन बनाने की फैक्ट्रियां खुल रही हैं। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। पिछले साढ़े नौ वर्ष में नई सोच और ऊर्जा से देश बदला है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार को मेरठ के जिमखाना मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जो चीजें पहले दुनिया के विकसित देशों में दिखाई देती थी, वे अब भारत में भी दिखाई दे रही है। पहले ये सब भारत में सोची नहीं जाती थी, लेकिन यह सब उस सोच के साथ संभव हुआ है, जिसने सोचा कि भारत को विकसित बनाना है। आजादी के बाद के 70 साल की यात्रा में देश ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। कई प्रकार की चुनौतियों को संभाला है। पिछले साढ़े नौ साल में जो ऊर्जा और नई सोच नजर आई है, उसी ने यह मंजिल दिखाई है। वह चाहे तकनीक हो, गरीबों की सेवा हो, किसानों के लिए नई सुविधा हो या फिर युवाओं के लिए नए अवसर हों, सबमें एक नई सोच आई है। इसके पीछे जो अनुभव रहा है, वह सबके साथ साझा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास की नई सोच के साथ कार्य किया है। इसका पूरे देश में धरातल पर असर दिखाई दे रहा है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद राजेंद्र अग्रवाल, सांसद कांता कर्दम, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विमल शर्मा, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, कमलदत्त शर्मा, अरुण वशिष्ठ, विवेक रस्तोगी, संजय त्रिपाठी, चरण सिंह लिसाड़ी, हर्ष गोयल, नवीन अरोड़ा, सुनील अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## 10 साल पुराना आधार को अनिवार्य है अपडेट कराना




### अगले 14 दिन तक फ्री में अपडेट होगा आधार कार्ड, उसके बाद देने होंगे पैसे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने कहा है कि जिनका आधार 10 साल पुराना है उन्हें अनिवार्य रूप से आधार को अपडेट कराना होगा। इसकी आखिरी तारीख 14 दिसंबर तय की गई है। 14 दिसंबर तक आप फ्री में अपने आधार कार्ड को अपडेट करा सकते हैं। यदि आप 14 दिसंबर तक अपडेट नहीं कराते हैं तो बाद में आपको अपडेट के लिए पैसे भी देने पड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि घर बैठे आप फ्री में अपने आधार कार्ड को कैसे अपडेट कर सकते हैं।

आधार अपडेट के लिए आपको दो जरूरी डॉक्यूमेंट की जरूरत होगी। पहला पहचान पत्र और दूसरा एड्रेस प्रूफ। आमतौर पर आधार अपडेट के लिए आधार सेंटर पर 50 रुपये का शुल्क लगता है 14 दिसंबर तक यह सेवा फ्री है। पहचान पत्र के तौर पर आप वोटर कार्ड दे सकते हैं।

मोबाइल या लैपटॉप से यूआईडीएआई की वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद अपडेट आधार के विकल्प पर क्लिक करें। अब आधार नंबर डालकर ओटीपी के जरिए लॉगिन करें। इसके बाद डॉक्यूमेंट अपडेट पर क्लिक करें और वेरीफाई करें। अब नीचे ड्रॉप लिस्ट से पहचान पत्र और एड्रेस प्रूफ की स्कैन की हुई कॉपी को अपलोड करें। अब सबमिट पर क्लिक करें। इसके बाद आपको एक रिक्वेस्ट नंबर मिलेगा और फॉर्म सबमिट हो जाएगा।

## आयकर विभाग ने छत्रपति संभाजीनगर में एक साथ 11 जगहों पर की छापेमारी

**मुंबई।** आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार को सुबह से छत्रपति संभाजीनगर में नामचीन 11 बिल्डरों के आवास और कार्यालयों पर एक साथ छापेमारी की है। इस ऑपरेशन में आईटी के 200 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। आईटी अफसर शहर के बड़े बिल्डरों की वित्तीय अनियमितता और करचोरी की छानबीन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह तकरीबन छह बजे से ही आईटी विभाग के अधिकारी कई टीम बनाकर शहर के बिल्डरों के यहां छापेमारी कर रहे हैं। आईटी विभाग ने इस छापेमारी को बेहद गोपनीय रखा है और पुलिस की बड़े पैमाने पर सुरक्षा रखी गई है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई आगामी दो तीन दिनों तक जारी रहेगी।

## जोशीमठ में 1658.17 करोड़ की रिकवरी एंड रिकंस्ट्रक्शन योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की रिकवरी एंड रिकांस्ट्रक्शन योजना को मंजूरी दी। इस योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) की रिकवरी एंड रिकांस्ट्रक्शन विंडो से 1079.96 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से 126.41 करोड़ रुपये और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपये प्रदान करेगी, जिसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है। उत्तराखंड का जोशीमठ भूस्खलन और जमीन धंसने से प्रभावित हुआ है और केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को सभी आवश्यक तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और एनडीएमए के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई कर जोशीमठ के लिए रिकवरी योजना तैयार करने में राज्य सरकार की मदद की है।




### फैंस को करना होगा इंतजार, टाइगर वर्सेस पठान की शूटिंग का डेट आगे बढ़ाया गया



**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टाइगर वर्सेस पठान' अगले साल फ्लोर पर जाने वाली थी। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। 'टाइगर 3' के बाद अब मेकर्स ने स्पाई यूनिवर्स की सबसे बड़ी फिल्म की तारीख को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आदित्य चोपड़ा ने टाइगर वर्सेस पठान की शूटिंग की डेट आगे बढ़ा दी है। अब फिल्म के लिए फैंस को करना होगा और इंतजार।

### राखी सावंत को मुंबई सेशन कोर्ट से मिली राहत, टली गिरफ्तारी



**मनोरंजन** जगत की 'ड्रामा क्वीन' कही जाने वाली एक्ट्रेस राखी सावंत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहने वाली राखी सावंत अब एक बार फिर अपने पूर्व पति आदिल खान दुरानी की वजह से खबरों में हैं। उनके पूर्व पति आदिल खान दुरानी के मामले में राखी को मुंबई के सेशन कोर्ट से राहत मिल गई है। राखी सावंत और उनके पूर्व पति आदिल खान दुरानी के बीच पिछले कुछ दिनों से अनबन चल रही है। कुछ दिन पहले एक्ट्रेस राखी सावंत का नाम एक प्राइवेट वीडियो लीक मामले में सामने आया था। राखी सावंत पर आदिल खान दुरानी ने उनके निजी वीडियो लीक करने का आरोप लगाया था। इस मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को हुई सुनवाई में मुंबई सेशन कोर्ट ने एक्ट्रेस को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी। इससे पहले राखी सावंत ने आदिल खान पर घरेलू हिंसा का भी आरोप लगाया था। राखी की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस ने आदिल को गिरफ्तार कर लिया था। जेल से बाहर आने के बाद आदिल ने राखी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और कहा कि उन्होंने उसके निजी वीडियो लीक किए हैं।

### रणदीप हुडा ने गर्लफ्रेंड लिन से रचाई शादी



**बॉलीवुड** अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपनी गर्लफ्रेंड लिन लैशराम से शादी रचा ली है। मणिपुर में पारंपरिक विवाह समारोह हुआ। दोनों की शादी में करीबी रिश्तेदार और परिवार के लोग शामिल हुए थे। पिछले हफ्ते, रणदीप ने इंस्टाग्राम पर एक शादी का कार्ड शेयर करके अपनी शादी की तारीख की घोषणा की थी। रणदीप और लिन का विवाह समारोह मणिपुर के इम्फाल में आयोजित किया गया। उनकी शादी के कई वीडियो इस समय हर जगह वायरल हो रहे हैं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि यह विवाह समारोह मणिपुर की पारंपरिक विवाह प्रणाली के अनुसार किया जा रहा है। रणदीप और लिन ने पारंपरिक मणिपुरी शादी की पोशाक पहनी थी। उनकी शादी में सिर्फ करीबी रिश्तेदार और परिवार के लोग ही शामिल हुए। रणदीप ने अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सात फेरे ले लिए हैं। रणदीप और लिन की उम्र में लगभग 10 साल का अंतर है। एक्टर अब 47 साल के हैं और उनकी मौजूदा गर्लफ्रेंड 37 साल की हैं। रणदीप की तरह लिन भी मनोरंजन उद्योग में सक्रिय हैं। लिन को मणिपुर की एक लोकप्रिय मॉडल और अभिनेत्री के रूप में जाना जाता है। उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म "ओम शांति ओम" से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। लिन ने "जाने जान", "रंगून", "मटरू की बिजली का मंडोला", "हैट्रिक" जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

**रणनीति** रक्षा मंत्री ने 40वें तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन का किया उद्घाटन

# लगातार पेशेवर अंदाज में काम करें तटरक्षक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) से देश की तटीय सुरक्षा और समुद्री क्षमताओं को मजबूत बनाने की दिशा में पूरे समर्पण और पेशेवर अंदाज के साथ लगातार काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने नई दिल्ली में 40वें तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए खोज, बचाव और प्रदूषण प्रतिक्रिया के क्षेत्र में अग्रणी रहकर समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल की प्रशंसा की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आईसीजी ने अपनी स्थापना के बाद से सभी परिस्थितियों में नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में उनकी महत्वपूर्ण सेवा की है। उन्होंने प्रतिबंधित पदार्थ



और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने की जरूरत पर भी जोर दिया। सम्मेलन के दौरान आईसीजी के महानिदेशक राकेश पाल ने रक्षा मंत्री को मौजूदा विकास परियोजनाओं, परिचालन तत्परता और भविष्य की विस्तार योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन समुद्री चुनौतियों का समाधान करना और देश के तटीय निगरानी तंत्र को मजबूत बनाना है। इस सम्मेलन में रक्षा मंत्रालय और आईसीजी के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के एजेंडे में महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें समुद्री सुरक्षा और संरक्षा को बढ़ाना जैसे खोज और बचाव अभियान, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, प्रतिबंधित और नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ अभियान, समुद्र में मछुआरों, नाविकों की सुरक्षा, तटीय सुरक्षा उपायों को अधिकतम बनाना अंतर-एजेंसी समन्वय को मजबूत बनाना तथा समुद्री क्षेत्र के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना शामिल है।

यह सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी अधिकारी भविष्य के लिए रोडमैप सामने रखते हैं और विभिन्न नीति और रणनीतिक मुद्दों के बारे में चर्चा करते हैं। इसका उद्देश्य सेवा के लिए एक भविष्यवादी विजन तैयार करना और चुनौतियों को दूर करने के तौर-तरीकों के बारे में विचार-विमर्श करना है।

## चंद्रबाबू नायडू की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 12 तक की स्थगित



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने फाइबरनेट मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने वाले तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुनवाई बृहस्पतिवार को 12 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मामले को यह कहते हुए स्थगित कर दिया कि 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास घोटाला मामले में प्राथमिकी को रद्द करने के संबंध में नायडू द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर फैसला जल्द ही आने की संभावना है।